प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी
म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

वर्ष-23 अंक-41
पृष्ठ-8 मूल्य-2.00
दिल्ली (राष्ट्रीय संस्करण)
सोमवार 30 मार्च 2026
चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत्-2083
E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

# दैनिक समय जगत



दिल्ली, भोपाल, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित
एक संदेश-पूरा देश
ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in



# जंग के चलते विश्वभर में है पेट्रोल-डीजल का संकट : प्रधानमंत्री मोदी

## मन की बात में बोले मोदी, चुनौतियों से निपट रहा है देश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है। सरकार लोगों से अपील करती है कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं। सरकार की तरफ से जानकारी पर भरोसा करें। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं। इससे वे देश का नुकसान कर रहे हैं। साथियों, जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है, वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है। मैं सभी देशवासियों से अपील भी करूंगा कि वो जागरुक रहें, अफवाहों के बहकावे में ना आएं 7 सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें और उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। मुझे हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर के इस कठिन हालत से बहुत ही अच्छी तरह बाहर निकल जाएंगे। मार्च का ये महीना, वैश्विक स्तर पर बहुत ही हलचल भरा रहा है। हम सबको याद है कि पूरी दुनिया इससे पहले कोविड के कारण एक लंबे समय तक अनेक समस्याओं से गुजर चुकी है। हम सभी की अपेक्षा थी कि कोरोना के संकट से निकलने के बाद दुनिया नए सिरे से प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगी। लेकिन, दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार युद्ध और संघर्ष की परिस्थितियां बनती चली गईं।

खाड़ी देशों में भारतीयों की मदद जारी- वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध चल रहा है। हमारे लाखों परिवारों के सगे-संबंधी इन देशों में रहते हैं, खासतौर पर खाड़ी देशों में काम करते हैं। मैं खाड़ी देशों का बहुत आभारी हूं, वे ऐसे एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को वहां पर हर प्रकार की मदद दे रहे हैं। जम्मू-कश्मीर की रणजी टीम का जिक्र किया पीएम ने कहा कि पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक के हुबली में एक बहुत ही रोचक मुकाबला देखने को मिला, इस मुकाबले को जीतकर जम्मू-कश्मीर की क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी को अपने नाम कर लिया। सबसे खुशी की बात है कि करीब 7 दशकों के लंबे इंतजार के बाद इस टीम ने अपना पहला रणजी खिताब हासिल किया। आज देश में कश्मीर के युवा गेंदबाज आकिब नबी के प्रदर्शन की भी चर्चा हो रही है, जिन्होंने रणजी सीजन में 60 विकेट लिए हैं। देशभर के क्रिकेट फैंस के लिए यह महीना जोश और उत्साह से भर देने वाला रहा है। जब भारत ने टी-20 वर्ल्डकप में ऐतिहासिक जीत दर्ज की तो देश में हर तरफ खुशी की लहर दौड़ गई।

देश के कई हिस्सों में गर्मियों की शुरुआत हो चुकी है यानि ये समय जल संरक्षण के अपने संकल्प को फिर से दोहराने का है। पिछले 11 सालों में जल संचय अभियान ने लोगों को बहुत जागरुक बनाया है। इस अभियान के तहत देश-भर में करीब 50 लाख आर्टिफिशियल वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाए गए हैं। हमारे मछुआरे भाई-बहन सिर्फ समुद्र के योद्धा नहीं हैं, बल्कि वे आत्मनिर्भर भारत की एक मजबूत नींव भी हैं। वे सुबह होने से पहले समन्दर की लहरों से जूझते हुए, अपने परिवार के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में जुट जाते हैं। ऐसे मेहनतकश मछुआरों का जीवन आज कई तरह से आसान बनाया जा रहा है। जब समाज खुद आगे आता है, तो छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव की नींव बन जाते हैं। हमारे देश के अलग-अलग हिस्सों में ऐसे कई उदाहरण सामने आ रहे हैं, जो हमें यही सिखाते हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक प्रेरक प्रयास देखने को मिला। वहां एक ही घंटे में 2 लाख 51 हजार से अधिक पौधे लगाए गए और एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना।

### मुख्यमंत्री ने किया लॉन्चपैड इनक्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर का लोकार्पण

# इनोवेशन अपनाकर मध्यप्रदेश बनेगा उद्यमिता का हब : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। आज मध्यप्रदेश का युवा अपनी सोच को आकार देकर नए-नए इनोवेशन कर आईटी तकनीकी के माध्यम से स्टार्टअप कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा के अनुरूप वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश स्टार्टअप एवं इनोवेशन को अपनाते हुए उद्यमिता विकास का हब बन जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से आज दुनिया तेजी से बदल रही है। वर्तमान समय में इंसान को उसके ज्ञान से ही मापा जाता है। उन्होंने कहा कि युवा नवीन तकनीकी को अपनाएं और स्टार्टअप करें एवं दूसरों को रोजगार देने वाले सफल उद्यमी बने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में प्रदेश की पहली नॉलेज और एआई सिटी बन रही है। उज्जैन को साइंस सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर के सिंहासा में स्थित आईटी पार्क में बने लॉन्चपैड इनक्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है। नवाचार और विज्ञान के माध्यम से अनेक कार्य हो रहे हैं। लोग कभी जमीन और प्रापर्टी को अपना सब कुछ समझते थे। अब तो ज्ञान ही सबसे बड़ा खजाना है। ज्ञान होने से मनुष्य अपने आप धनवान हो जाता है। नॉलेज के बलबूते पर उन्नति के मार्ग पर तेजी से जा सकते हैं। सत्यवादी मार्ग पर बढ़ने का यही समय है। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले समय में भोपाल के अलावा इंदौर और उज्जैन क्षेत्र मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में विकसित होने वाले हैं। हमारे सभी संसाधन भविष्य की दृष्टि से विकसित किए जाएंगे। मध्यप्रदेश को इनोवेशन हब बनाकर प्रदेश की भूमिका को सशक्त करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नवाचार और उद्यमिता का केंद्र बन रहा है। मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप पॉलिसी, फंडिंग सपोर्ट के माध्यम से इन्क्यूबेशन नेटवर्क स्थापित कर भारत की स्टार्टअप क्रान्ति को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश के युवा एआई पर आधारित एग्रीटेक स्टार्टअप, हेल्थटेक, स्किलटेक, ग्रीन इनोवेशन और डिजिटल सॉल्यूशन में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर स्टार्टअप हब बन रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लॉन्चपेड इनोवेशन सेंटर के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान युवाओं द्वारा अपनी सोच को नवीन तकनीकी से आकर देकर निर्मित की गई अत्याधुनिक मशीनों का अवलोकन किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत वर्ष इस सेंटर का भूमि-पूजन किया था और आज उसके लोकार्पण अवसर पर युवाओं की आधुनिक सोच एवं आइडियाज को देखकर अति प्रसन्नता हो रही है।

### स्टार्टअप वाले युवाओं से किया संवाद

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने आइडिया से स्टार्टअप शुरू करने वाले युवा उद्यमियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने युवा उद्यमियों से जाना की वे किस क्षेत्र में कार्य कर रहे है। युवाओं के कार्यों के बारे में जानकर उनका हौसला बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी कार्य को करने की अगर हमारी मंशा सही है तो उस कार्य में सफलता अवश्य मिलती है। भारतीय औद्योगिक प्रबंध संस्थान इंदौर के निदेशक श्री सुभाष एस रेशी ने बताया कि फ्रलॉन्चपैड -इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर की स्थापना आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन (आईआईटी इंदौर का टेक्नोलॉजी ट्रांसलेशन एवं रिसर्च पार्क) तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) के संयुक्त सहयोग से की गई है। इस केंद्र का उद्देश्य डीप-टेक नवाचार को प्रोत्साहित करना, उच्च प्रभाव वाले स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना, उन्नत विनिर्माण तथा उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में प्रदेश को सशक्त बनाना और उद्योग एवं अकादमिक जगत के बीच सहयोग को मजबूत करना है।

विभिन्न कंपनियों के उद्यमियों से की चर्चा
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रही विभिन्न कंपनियों के उद्यमियों से चर्चा भी की।

## देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट से अगले 60 दिनों में शुरू होंगी उड़ानें

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के औपचारिक उद्घाटन के साथ ही भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को किए गए इस उद्घाटन के बाद अब सभी की निगाहें कमर्शियल ऑपरेशंस शुरू होने पर टिकी हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने स्पष्ट किया है कि नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो से हवाई अड्डा सुरक्षा कार्यक्रम की अंतिम मंजूरी मिलते ही यहाँ से व्यावसायिक उड़ानें पूरी तरह शुरू हो जाएंगी। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले 45 से 60 दिनों के भीतर सभी सुरक्षा मानक पूरे कर लिए जाएंगे और एयरपोर्ट एंट्री पास जारी होने के बाद स्टेकहोल्डर्स अपना काम शुरू कर सकेंगे। लगभग 6,200 हेक्टेयर भूमि पर पांच चरणों में विकसित किए जा रहे इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का पहला चरण 11,200 करोड़ रुपये की लागत से सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर तैयार हुआ है।

शुरुआत में यहाँ से घरेलू उड़ानों का परिचालन होगा, जिसमें दिल्ली और मुंबई जैसे मेट्रो शहरों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके बाद टियर-2 और टियर-3 शहरों के लिए सेवाएं विस्तार लेंगी। जहाँ तक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का सवाल है, इसमें थोड़ा अधिक समय लग सकता है क्योंकि इसके लिए आव्रजन और सीमा शुल्क विभाग की गहन समीक्षा और मंजूरी अनिवार्य है। हालांकि, इंडिगो जैसी प्रमुख एयरलाइन कंपनियां अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कनेक्टिविटी के मामले में यह एयरपोर्ट देश के सबसे सुगम हवाई अड्डों में से एक होगा।

# चुनावों में जमकर बंट रहीं मुफ्त की रेवड़ियां

**नई दिल्ली।** नेताओं ने वोट खरीदने का एक आसान और सरल रास्ता अपना लिया है। ये बात कोई और नहीं बल्कि आम आदमी कहता सुना जा रहा है। इस बार के चुनावों में राज्यों में होड़ लगी हुई है मुफ्त में रेबड़ियां बांटने की। नतीजा आम आदमी की जेब से निकलकर सीधे साढ़े 24 सौ करोड़ रुपए महिलाओं को बांट दिए जाएंगे। ताकि उन्हे वोट मिले और सत्ता पर काबिज हो जाएं। 5 राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों की आहट के साथ ही राजनीतिक दलों ने सत्ता की चाबी हासिल करने के लिए कैश ट्रांसफर यानी सीधे नकद सहायता को अपना सबसे बड़ा हथियार बना लिया है। एक विश्लेषण के अनुसार, चुनावी राज्यों में चार प्रमुख सरकारें महिलाओं के बैंक खातों में सीधे 24,500 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर रही हैं। इन दलों का चुनावी वादा भी यही है कि यदि वे दोबारा सत्ता में आते हैं, तो अगले पांच वर्षों तक यह वित्तीय सहायता निर्बाध रूप से जारी रहेगी। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो इन चार राज्यों में कुल 17.89 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें से 4.1 करोड़ महिलाएं इन नकद योजनाओं की सीधी लाभार्थी हैं। यानी कुल वोटरों का लगभग 23 प्रतिशत हिस्सा सीधे तौर पर इन योजनाओं से जुड़ा है। विभिन्न राज्यों में इस नकद राजनीति के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। तमिलनाडु की सत्तारूढ़ सरकार ने स्पेशल समर पैकेज के नाम पर महिलाओं के खातों में 2-2 हजार रुपये डाल दिए हैं। वहीं, असम में बिहू उत्सव के उपलक्ष्य में महिलाओं को 4-4 हजार रुपये की सहायता दी गई है। केरल की वामपंथी सरकार स्त्री सुखम नकद योजना के जरिए करीब 10 लाख महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये दे रही है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार ने अपनी प्रसिद्ध लक्ष्मी भंडार योजना की राशि में 500 रुपये की बढ़ोतरी की है। दिलचस्प बात यह है कि खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के बावजूद बंगाल सरकार को इस योजना के लिए अगले साल 5,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ेगा।

### महिलाओं के खाते में सीधे 24,500 करोड़ रुपये होंगे जमा



पिछले पांच वर्षों के चुनावी रुझान बताते हैं कि महिलाओं को नकद सहायता देने वाले राज्यों की संख्या 1 से बढ़कर अब 15 हो गई है। ये राज्य सालाना लगभग 2.46 लाख करोड़ रुपये 13 करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में भेज रहे हैं। हालांकि, विशेषज्ञों ने इस रेवड़ी संस्कृति के दुष्प्रभावों पर भी चिंता जताई है। आंकड़ों के अनुसार, झारखंड जैसा राज्य अपने ग्रामीण विकास बजट का 81 प्रतिशत हिस्सा नकद ट्रांसफर में खर्च कर रहा है। इसके चलते महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे बड़े राज्यों को बुनियादी विकास कार्यों और अन्य महत्वपूर्ण खर्चों में कटौती करनी पड़ रही है। कई विकास परियोजनाएं धन के अभाव में अधूरी पड़ी हैं।

**नई शुरूआत** | **सीएम ने सस्ते उड़ान कैफे का भी किया शुभारंभ**

# इंदौर एयरपोर्ट पर टर्मिनल-1 का लोकार्पण

**समय जगत, भोपाल।** मध्य प्रदेश के इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल-1 का लोकार्पण किया. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 'उड़ान कैफे' की भी शुरुआत की, जहां यात्रियों को बेहद सस्ती दरों पर खाने-पीने की सुविधा मिलेगी. इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम का श्रवण भी किया. इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे. दरअसल इंदौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट पर शुरू हुआ नया टर्मिनल-1 अब यात्रियों को आधुनिक और सुविधाजनक अनुभव देगा. टर्मिनल में हाईटेक चेक-इन काउंटर, उन्नत सुरक्षा व्यवस्था, विशाल वेटिंग एरिया और आधुनिक बैगेज हैंडलिंग सिस्टम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने टर्मिनल के साथ ही 'उड़ान कैफे' का भी उद्घाटन किया. इस कैफे की खासियत है कि यहां यात्रियों को मात्र 10 रुपये में चाय और पानी जबकि 20 रुपये में पोहा उपलब्ध होगा, जिससे एयरपोर्ट पर महंगे खानपान से राहत मिलेगी. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि नया टर्मिनल धार्मिक पर्यटन, अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों और बिजनेस ट्रैवलर्स के लिए बड़ी सुविधा साबित होगा. उम्मीद है कि इस पहल से न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी बल्कि शहर के पर्यटन और आर्थिक विकास को भी नया आयाम मिलेगा। बताते चलें कि देश में एविएशन सेक्टर को लगातार मजबूत किया जा रहा है और इसी कड़ी में रविवार को कई एयरपोर्ट्स को बड़ी सौगात मिली है. इसी क्रम में इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट को भी नया टर्मिनल-1 मिला है, जो करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस टर्मिनल में यात्रियों के लिए उड़ान कैफे, किड्स जोन, वाई-फाई जोन, लाइब्रेरी और अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए आरामदायक सुविधाएं उपलब्ध हैं.



## ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी पैठ बढ़ाने में जुटी भाजपा

**समय जगत, भोपाल।** मध्यप्रदेश में आगामी नगरीय निकाय चुनावों एवं 2028 के विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत भाजपा की राजनीतिक गतिविधियों में बढ़ोत्तरी होने लगी है। इसी के तहत 7 से 12 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में गांव-बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की कमान सीधे तौर पर क्षेत्र के दिग्गजों के हाथों में होगी, जिसमें सांसद, विधायक, महापौर और नगर पालिका अध्यक्षों से लेकर पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों को अनिवार्य रूप से मैदान में उतरने के निर्देश दिए गए हैं। इस रणनीति के जरिए भाजपा ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी पैठ को और अधिक गहरा करने की तैयारी में है। 6 अप्रैल को बीजेपी के स्थापना दिवस को लेकर गत दिवस पार्टी की हुई वर्चुअल मीटिंग में सीएम डॉ. मोहन यादव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर प्रदेश भर के बीजेपी पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस अभियान के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 50 बड़े गांवों को चिन्हित कर वहां विशेष कार्यक्रमों की सूची तैयार की गई है। इन गांवों में जाने वाले नेता केवल जनसभाएं ही नहीं करेंगे, बल्कि पार्टी की नींव रखने वाले पुराने और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के घर जाकर उनका आदर-पूर्वक सम्मान भी करेंगे। इसके साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों के बुद्धिजीवियों और गणमान्य व्यक्तियों से सीधा संपर्क साधकर उन्हें पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाएगा। भाजपा का मानना है कि पुराने कार्यकर्ताओं का अनुभव और नए लोगों का उत्साह मिलकर संगठन को और अधिक अपराजेय बनाएंगे। अभियान के दौरान गांवों के सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें पार्टी के बड़े नेता स्वयं झाडू थामकर श्रमदान करेंगे। इसके बाद चौपालों पर केंद्र की मोदी सरकार और एनडीए शासित प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं ऐतिहासिक उपलब्धियों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि कार्यकर्ता केवल भाषण न दें, बल्कि उन लाभार्थियों से भी मिलें जिन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है।





# फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी अभियान के तहत तृतीय चरण का मेला उत्साह और नवाचार के साथ आयोजित

### बच्चों में बुनियादी पढ़ना, लिखना और गणितीय कौशल को मजबूत बनाने हेतु मेला आयोजित



**समय जगत, निवाड़ी।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े के आदेशानुसार पृथ्वीपुर नगर के सांदीपनी शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पृथ्वीपुर के प्राथमिक खण्ड में थ्स्छ मेला के तृतीय चरण का आयोजन प्राचार्य एस एस श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। सर्वप्रथम संस्था के प्रधानाध्यापक श्री शिवकुमार रावत ने मां सरस्वती के चित्र पर दीपप्रज्जोलित पुष्प अर्पित कर थ्स्छ मेला का शुभारंभ किया गया। बच्चों के साथ माताओं ने भी सहभागिता की। मिट्टी के खिलौने और पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई गई। निपुण भारत अभियान के तहत निवाड़ी जिले की सांदीपनी शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पृथ्वीपुर में शनिवार को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएल.एन.) मेले का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों के साथ उनकी माताओं ने भी भाग लिया। मेले में कुल सात प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गई। इनका उद्देश्य बच्चों के बौद्धिक, भाषाई और शारीरिक विकास पर जोर देना था। कार्यक्रम में माताओं, जनप्रतिनिधियों और विद्यालय परिवार की सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान बच्चों द्वारा बनाए गए चित्र, गीत, कहानी, बाल अखबार, मिट्टी के खिलौने और पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई गई। माताओं और बच्चों को शामिल करते हुए खेल-खेल में शिक्षा जैसी प्रतिस्पर्धाओं ने आयोजन को और भी रोचक बना दिया।

प्राथमिक खंड के प्रधानाध्यापक शिवकुमार रावत ने शिक्षण-सहायक सामग्री का उपयोग कर परिवेश आधारित शिक्षा की गुणवत्ता पर जानकारी दी। प्राचार्य एस एस श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। मेले में बच्चों ने गीत-संगीत और रचनात्मक प्रस्तुतियां भी दीं। साथ ही, बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के लिए एक विशेष स्टॉल लगाया गया और अभिभावकों को जागरूकता अभियान के तहत विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।थ्स्छ मेला प्रभारी शिक्षक गिरिजाशंकर सूत्रकार ने बताया कि बच्चों की शिक्षा ही समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कारों और स्वस्थ वातावरण में बढ़ने देना चाहिए, तभी देश आगे बढ़ेगा।

इस मेले का उद्देश्य बच्चों में पढ़ने, लिखने, बोलने और समझने की क्षमता को बढ़ाना है, ताकि वे साक्षरता के साथ-साथ आत्मविश्वासी भी बन सकें। और कहा है कि किताबों से दोस्ती करेंगे,हर दिन कुछ नया सीखेंगे। थ्स्छ मेला संग लाया है, ज्ञान का सुंदर साया है। इस अवसर पर शिवकुमार रावत,कमलेश यादव, गिरिजाशंकर सूत्रकार एन आर अहिरवार,उत्तम लाल अहिरवार,जूली यादव,आर डी सूत्रकार संतोष यादव,श्यामलाल नामदेव,अभयराज यादव,,संतोष यादव आदि शिक्षक,अभिभावक और छात्र छात्राएं शामिल रहे।कार्यक्रम का संचालन गिरिजाशंकर सूत्रकार ने किया।

# अथ साप्ताहिक राशिफलम् 30 मार्च से 05 अप्रैल 2026तक

**समय जगत, झांसी। (1)मेष राशि –** सप्ताह के शुरुआती चार दिनों तक धन प्राप्ति, सफलता और स्वजनों का सहयोग मिलेगा, सप्ताहांत में स्वास्थ्य विकार, अशांति , तथा सन्तान के प्रति चिंता होगी हनुमानजी की आराधना व दर्शन करें।

**(2)वृषभ राशि** -पूरा सप्ताह,धन प्राप्ति,मान सम्मान वृद्धि,सफलताऐं , प्रिय जनों से भेट होगी ,, भगवती जगदम्बा की आराधना करें।

**(3) मिथुन राशि** -सप्ताह के शुरुआत में थोडी मुश्किलें बढ सकती है मानसिक तनाव, स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, सप्ताहांत में धन सम्पदा प्राप्ति सम्मान वृद्धि से क्षति पूर्ति सम्भावित है गणेश जी की आराधना करें।

**(4)कर्क राशि** - सप्ताह के शुरुआती दो दिन और सप्ताहांत के दिन व्यापारिक सफलता दायक रहेगे धन प्राप्ति होगी पर मध्य के दो दिन असफलता मानसिक तनाव मिल सकता है शिवजी का जलाभिषेक कर विल्व पत्र चढावे।

**(5) सिंह राशि–** श्रम संघर्ष से आंशिक सफलता,, कार्य की,व धन लाभ की प्राप्ति, कार्य क्षेत्र व परिवार में अशांति, पर सप्ताहांत में खुशियां व शुभ समाचार मिलेंगे,, सूर्य नारायण को अर्घ्य देकर नमस्कार करे।

**(6) कन्या राशि** -यह सप्ताह शुभ समाचार मिलेंगे, भाग्य वर्धन होगा, रोजगार,धन सम्पदा,मान सम्मान व परिवार में हंसीं खुशी का वातावरण बना रहेगा,, गणपति महाराज की आराधना करें।

**(7)तुला राशि** - सप्ताह के शुरुआती दो दिनों में कुछ पुरानी घटनाए,वातें, आपको असहज कर परेशानी खडी कर सकती हैं,शेष सप्ताह धन मान पद प्रतिष्ठा और खुशियों से भरा रहेगा भगवती दुर्गा की आराधना करें।

**(8) वृश्चिक राशि** --यह सप्ताह सफलताओं से अभिभूत कराने वाला रहेगा,,भाग्य वर्धन होगा,, सम्मान वृद्धि होगी, आय वृद्धि सर्वतोमुखी प्रसन्नता प्रदायक रहेगा हनुमान जी का दर्शन व चालीसा पाठ करें।

**(9)धनु राशि** – इस सप्ताह सावधान रहे,, विवादों से वचे,वाहन और चौपायों से स्वयं को वचाए ,चोरी अथवा आकस्मिक घटनाओं के अवसर न आने दें,,सम्भव हो तो ज्यादा से ज्यादा घर में रह गुरु मंत्र का भजन करें

**(10) मकर राशि** - यह सप्ताह सन्तान के विषय में शुभ समाचार दे सकता है,आप किसी ज्ञान वर्धक समारोह के हिस्से वन सकते हैं,इस सप्ताह कोई ऐसी योजना भी आप द्वारा वनाई जा सकती है, जिससे आपको भविष्य में अच्छा लाभ प्राप्त होगा,, सप्ताहांत में प्रत्येक क्षेत्र में सावधानी वरते हनुमान जी का दर्शन करें।

**(11)कुम्भ राशि** - घर परिवार में अशांति पूर्ण वातावरण से आपका मन क्षुब्ध रह सकता है,माता के कारण भी परेशान रह सकते हैं,अचल सम्पत्ति से सम्वंधित समस्या आ सकती है सप्ताहांत में पुनः सफलताएं और खुशियां मिलेगी,, हनुमान जी का दर्शन व चालीसा पाठ करें।

**(12)मीन राशि** – यह सप्ताह भाई मित्रों से अनवन हो सकती है पुराने मित्र से भेट होगी,, पुराने विवाद भी निपट सकते हैं सप्ताह में खर्च आमदनी से ज्यादा रहेगा,, व्यर्थ की भागदौड़ रह सकती है।

**–ज्योतिषकर्ता –**
**आचार्य पं कमलाकांत अरजरिया,, (अन्तर्राष्ट्रीय भागवताचार्य), कर्म कांडज्ञ(.गुरसराय वाले)हाल निवास –गल्ला मंडी रोड झांसी – मो. 9450041559,8299510965**

# श्रीराम नवमी : प्राकट्योत्सव पर्व, भजन संध्या आयोजित



**समय जगत, झांसी।** श्रीराम जन्मोत्सव के पावन पर्व पर जिला प्रशासन के तत्वाधान में ओरछा श्री रामराजा मंदिर प्रांगण में भजन संध्या समारोह का आयोजन किया गया।कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े और पुलिस अधीक्षक डॉ राय सिंह नरवरिया, सीईओ जिला पंचायत श्री रोहन सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलित कर भजन संध्या समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका ओरछा श्री शिशुपाल सिंह राजपूत, एसडीएम श्री अशोक कुमार सेन, तहसीलदार श्री सुनील वाल्मीकि, सीएमओ, सीएमएचओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनीं प्रधानमंत्री मोदी जी की मन की बात



**समय जगत, बरूआसागर।** आज बरुआ सागर मंडल के हरपुरा शक्ति केंद्र पवन कुशवाहा के नाथूराम कृषि फार्म हाउस पर जिला महामंत्री विनोद नायक जी के मुख्य अतिथि में प्रधानमंत्री मोदी जी की मन की बात को सुना गया जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रूपेश नायक जी ने की साथ ही बरुआ सागर से पदस्थ जिला पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष श्री अमर सिंह कुशवाहा जिला मंत्री श्री मति मीनू राजावत एवं नवनिर्वाचित पार्षद गण का सम्मान भी बरुआसागर मंडल द्वारा किया गया कार्यक्रम में आगामी प्रशिक्षण अभियान की रूपरेखा भी तैयार की गई कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला देवी कुशवाहा मंडल उपाध्यक्ष विकास जैन एड मंडल उपाध्यक्ष राघवेंद्र सेन अनुभव चतुर्वेदी संदीप साहू मंडल मंत्री संदीप बिरथरे गायत्री पुरोहित पवन कुशवाहा मंडल मंत्री मलखान प्रधान जी प्रदीप कुशवाहा बरुआ सागर मंडल सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक मीडिया प्रभारी कमल शिवम नापित स्वप्निल शर्मा ऋषि भोडेले नवल चौरसिया नाथूराम कुशवाहा महेंद्र पाल जमुना कुशवाहा हरलाल कुशवाहा गोविंदास कुशवाहा शंकर कुशवाहा नरेश कुशवाहा जमुना कुशवाहा ललित कुशवाहा सियाराम विश्वकर्मा बालकिशन रजक दामोदर प्रजापति आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मुझ पर तुम्हारे प्रेम के रंग अमिट रहे हैं : अमिट ही रहेंगे

**समय जगत, झांसी।** मेरी जीवन संगनी जी! पूरे परिवार को जोड़े रखने वाली मजबूत कड़ी ---- पतिपरायण भाव में रमी बसी मेरी धर्मपत्नी ----- कुसुम जी

प्रो. उदय त्रिपाठी का आज भी मानना है कि तुम्हारी सघन समृति के मध्य मैं खड़ा हूं-- एक छोर है दिनांक 12 जून 1966 दूसरा छोर है 21अप्रेल 2021 तिथि से चौत्र शुक्ल कामदा एकादशी।संयोग से जो आज रविवार-29-मार्च 2026 को ही है। सशरीर तुम 56वर्ष मेरे साथ ही रही हो। देह त्याग ने के बाद भी मेरी चेतना भावना में जस की तस आज भी तुम उपस्थित हो। तुम्हारी कर्मठता और कष्ट में अपने और गैरों की मदद करने की मौन तत्परता के गुणों के साथ धैर्य रखने की गंभीर छवि मेरी स्मृति से टस मस नहीं होती है।जब जब विषम परिस्थितियों में मुझे विचलित देखा तो तुमने मेरे साहस को ऐसी नई प्राणवायु प्रदान की कि मैं नव गति से संघर्ष पथ पर आगे बढ़ता गया। वैसे तुम्हारा मेरा मिलन मात्र 13श6-- 19श् 8 वय में ही हो गया था।तुमने नवीं कक्षा पास कर ली थी मैं ने बारहवीं।भविष्य के विकास के प्रति



तुम्हारा विश्वास गहरा था या मेरे अन्दर छुपी संभावनाओं के प्रति तुम्हारी समझ पेनी थी जो भी हो पर तुम्हारे सहयोग का ही सुफल रहा कि एक लिपिक से कार्यकारी जीवन शुरू कर मैं प्रोफेसर पद से अवकाश ग्रहण कर सका।आज भी नाति नातिन और पोता तुम्हारे नेह का गुणगान करते रहते हैं।एक प्रसंग में नातिन मैरी तो दो तीन दिन पहले ही कह रही थी - मेरी नानी जैसा कोई नहीं। मुझे भरोसा है तुम जहां भी विराजमान हो अपने सभी बच्चों को आशीष देती रहोगी कि वे अपना अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकें। मैं खूब जानता हूं कि मुझ पर तुम्हारे प्रेम के रंग अमिट रहे हैं -- अमिट ही रहेंगे। तुम्हारा ---सब कुछ--।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सर्पदंश और बाढ़ जैसी आपदाओं से बचाव के तरीके बताए

**समय जगत, निवाड़ी।** कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े के निर्देशन में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन, जिला प्रशासन निवाड़ी द्वारा ओरछा में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन अंतर्गत नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सर्पदंश और बाढ़ जैसी आपदाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इस दौरान लोगों को सर्पदंश होने पर क्या करें और क्या न करें, के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही, आपातकालीन स्थिति में 112 नंबर पर फोन करने और प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी दी गई। आपदा प्रबंधनरू सर्पदंश और बाढ़ जैसी आपदाओं से बचाव के तरीके बताए गए। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को आपदा प्रबंधन के बारे में शिक्षित किया गया। इस अवसर पर श्रीजी सोहगीत वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य एवं जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा उरई, ठड़ेश्वरी मंदिर से निकली विशाल शोभायात्रा में दिखा भक्ति का सैलाब

**जालौन उरई।** रामनवमी के पावन अवसर पर उरई नगर पूरी तरह राममय हो गया, जब सिद्धपीठ ठड़ेश्वरी मंदिर से भव्य और विशाल शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ निकाली गई, यह शोभायात्रा मंदिर के महंत श्री श्री 1008 श्री सिद्ध रामदास महामंडलेश्वर के नेतृत्व में सम्पन्न हुई, शोभायात्रा से पूर्व मंदिर परिसर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इसके बाद सुसज्जित झांकियों, ढोल नगाड़ों और भजन कीर्तन के बीच विशाल शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकली, इस शोभायात्रा में बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद, शिवसेना के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पूरे मार्ग में जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा, शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर कोंच बस स्टैंड, माहिल तालाब, घंटाघर, शहीद भगत सिंह चौराहा, अम्बेडकर चौराहा, जिला परिषद, पीडब्ल्यूडी चौराहा और जेल रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर में आकर सम्पन्न हुई, मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों द्वारा फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

# श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में झांसी में निकली भव्य भगवा शोभायात्रा



**समय जगत, झांसी।** झांसी महानगर में श्री रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य भगवा शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा सिद्धेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो बीकेडी, खंडेराव गेट, कोतवाली आदि से होती हुई श्री रघुनाथ मंदिर पर संपन्न हुई। यात्रा में भोपाल से आए बैंड, डीजे, ढोल-नगाड़े और झांसी के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। युवा वर्ग ने ढोल-नगाड़ों और बैंड की धुनों पर जमकर नृत्य कर माहौल को ऊर्जा और भक्ति से भर दिया। पूरा शहर भगवामय हो उठा और हर ओर जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। शोभायात्रा में बनाये गये स्वरूप एवं भगवान राम का दरबार अत्यंत ही मनमोहन था। कार्यक्रम के संयोजक परन शर्मा ने बताया कि देशभर में आज श्रीराम जन्मोत्सव बड़े उत्साह से मनाया जा रहा है। नगर विधायक रवि शर्मा एवं जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। भव्यता और श्रद्धा से ओतप्रोत यह शोभायात्रा शहरवासियों के लिए एक अविस्मरणीय दिवस बन गई। इस अवसर पर नगर विधायक रवि शर्मा, जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष सोनी, हर्ष गोस्वामी, धर्माचार्य पं0 हरिओम पाठक, रवि पंडित, रामकुमार मिश्रा, आलोक वशिष्ट, वीरेन्द्र परिहार, अश्वनी सेठ, आलोक गोस्वामी, अंशु सेठ, हर्षित झां, अभिषेक भार्गव, देवेन्द्र दुबे, वीरू कुशवाहा, अभिषेक पाराशर, गौरव यादव, प्रखर सहगल, सुमित यादव, सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पुलिस कस्टडी से भागा चोरी की घटना का आरोपी मुठभेड़ में घायल, तमंचा कारतूस बरामद

**समय जगत, झांसी।** पंद्रह दिन पूर्व पुलिस को चकमा देकर पुलिस कस्टडी से फरार हुए चोरी की घटना के आरोपी को आखिरकार देर रात पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा कारतूस बरामद कर लिए है।आपको बता दे कि मेवाती पुरा निवासी महिला ऊषा के यहां चोरी की घटना को अंजाम देने के आरोप में पुलिस ने पंद्रह दिन पूर्व दो आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। जिनमें एक आरोपी मध्यप्रदेश के ग्वालियर बिजौली थाना क्षेत्र निवासी संजय उर्फ दीपक तथा दूसरा मध्यप्रदेश के जिला दतिया हरदौल मोहल्ला निवासी नदीम था। नदीम गिरफ्तारी के बाद पुलिस कस्टडी से जिला अस्पताल से पुलिस को चकमा देकर पुलिस हिरासत से भाग निकला था। इस मामले को गंभीरता से लेकर एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने स्वाट ओर कोतवाली पुलिस को लगाया था। एसएसपी के निर्देशन में लगी स्वाट टीम ओर कोतवाली पुलिस नदीम की तलाश कर रही थी। देर रात दोनों टीमों को सूचना मिली कि सफेद रंग की बाइक से नदीम कही भागने की फ़िराक़ में नगरिया कुआं के पास है।

# नई जिम्मेदारियों के साथ संगठन मजबूती का संकल्प लें : प्रदीप पटेल

## पीएम मोदी के मन की बात एवं 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर चर्चा





**समय जगत, झांसी।** भारतीय जनता पार्टी जिला झांसी के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल द्वारा नवगठित जिला पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक तहसील के पास स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित की गयी। बैठक में हाल ही में नियुक्त सभी पदाधिकारी उत्साह पूर्वक शामिल हुये। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष भाजपा प्रदीप पटेल ने सर्व प्रथम पं दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं वन्देमातरम के साथ बैठक का शुभारंभ किया।इसके बाद जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने सभी का समायोजन किया है। इसके लिए मे उन्हें बधाई देता है। अपने ऊपर कोई आरोप ना लगे ऐसा कार्य करना है। जिला महामंत्री अनिल राज ने कहा कि सभी पदाधिकारी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एकजुट होकर संगठन को मजबूती से बढ़ाने का काम करेंगे। जिला महामंत्री बद्री त्रिपाठी ने कहा कि संगठन में जो कार्य दिये जायें उनको प्रथम वरीयता के साथ काम करें जिससे पार्टी को मजबूती मिले। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने कहा कि आप सभी केवल पदाधिकारी नहीं हैं बल्कि भारती जनता पार्टी परिवार के अभिन्न अंग हैं।उन्होंने कहा कि हमने जिले की टीम बनाने के लिए जातीय समीकरण, क्षेत्रीय समीकरण पुराने एवं नये कार्यकर्ताओं का समायोजन का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात अवश्य ही बूथों पर कार्यकर्ताओं के साथ सुने 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाने को लेकर भी चर्चा हुई। इससे पहले नगर पालिका एवं नगर पंचायत के सरकार के द्वारा नामित पार्षदों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर चन्द्रजीत सिंह गुर्जर, सहजेन्द्र सिंह बघेल, अमित चौरसिया, सत्येंद्र खरे, चंचल कंदरिया, वीरेंद्र नायक,नेहिल सिंघई, गुड्डी रानी पटेल, यज्ञेश यादव, अखिलेश मौर्या, मनीष कोरी हाकिम सिंह, यशोदा कुशवाहा, प्रगति आर्य, शुभम वैध, दीपक त्रिपाठी, अजय श्री वास, केशवेन्द्र सिंह, अजय राय, रोहित परिहार, मनोज मिश्रा, महेश नामदेव, मनोज तिवारी, ओमप्रकाश चन्देल, प्राकश झा, श्यामविहारी दुबे, देवकरन कुशवाहा, अजय गोस्वामी, राकेश वर्मा, दिनेश झा, शंकर लाल वर्मा, स्वाती रायकवार, मनोज कुमार, अनिल, पवन पाल, सौरभ गिरी, हिमांशु राय, लालबहादुर, निशांत तिवारी, शैलेन्द्र राजपूत, डॉ गिरजा, दयाशरण गुप्ता,,प्रवीण खटीक, पुष्पेंद्र दुबे, सुरेंद्र मोहन पाठक ,संजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री छत्रपाल सिंह राजपूत ने किया।

# मोदी की मेहनत पर चालाकों की चांदी

**भविष्य की आहट**
**डॉ. रवीन्द्र अरजरिया**

**समय जगत, झांसी।** देश की अन्तर्राष्ट्रीय छवि निरंतर सकारात्मक दिशा में नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। विश्व समुदाय भारत को एक सशक्त राष्ट्र मानने लगा है। आर्थिक मोर्चे से लेकर कूटनीति के मामलों में विगत कुछ सालों में सफलताओं का अम्बार लग गया है। विसम परिस्थितियों में विदेशों से भारतवासियों की सकुशल वापसी जैसे अनेक उदाहरण सामने आये हैं। शत्रुता रखने वाले अनेक पडोसियों देशों के नागरिकों ने भी तिरंगे को कवच बनाकर अपने जीवन को सुरक्षित किया था। वर्तमान युद्ध की भीषण विभीषिका सामने है। पैट्रोलियम पदार्थों की विश्व व्यापी समस्या है। ऐसे में भी भारत के जहाज दुर्गम क्षेत्रों से निकल कर आ रहे हैं। समूचा संसार इस अघोषित तीसरे विश्व की विकराल होती स्थिति में भारत की ओर देख रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी विदेश टीम, सुरक्षा टीम और बाह्य व्यवस्था टीम पूरी तरह से सफल ही रही है परन्तु देश के अन्दर के हालातों को नियंत्रण करने वाली कथित टीम के हालिया कृत्यों से समूचा देश आहत है। अनेक प्रदेशों की सरकारों को रिमोट से चन्द चालाक लोग चला रहे हैं। उन राज्यों के मुख्यमंत्री का पदीय ज्ञान तो प्रारम्भ से ही प्रश्नवाचक चिन्हों के घेर में रहा है। महात्वपूर्ण विभागों पर नियंत्रण रखने वाले उत्तरदायी जनप्रतिनिधियों की योग्यता, व्यवहारिक अनुभव और क्षमतायें शुरू से ही कटघरे में रहीं हैं। उन राज्यों की लालफीताशाही के किस्से तो तानाशाही के अनेक दृष्टान्तों को भी शर्माने पर मजबूर कर देते हैं। भ्रष्टाचार के अनेक भूमिगत उदाहरण न्याय के मंदिर में पहुंचने से पहले ही मौत के मुंह में पहुंचा दिये जाते हैं। कल्याणकारी योजनाओं के नाम पर ईमानदार करदाताओं के खून की कमाई को मुफ्तखोरों पर लुटाया जा रहा है। अकर्मण्यता की नई पाठशालायें बनने वाली योजनाओं से देश की नींव निरंतर खोखली होती जा रही है तिस पर सम्प्रदायगत, जातिगत, वर्गगत, भाषागत, क्षेत्रगत जैसे संघर्षों की पटकथा लिखने वाले कानूनों, नियमों और व्यवस्था का तूफानी दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। चौराहों से लेकर चौपालों तक बारूदी सुरंगें बिछाई जा चुकीं हैं जिन्हें केवल और केवल चिन्गारी दिखाने की जरूरत है। कभी पिछडे होने का राग अलाप कर एकता के संगीत को विकृत किया गया तो कभी अयोग्य पात्रों के हाथों में व्यवस्था थमाकर क्षमताओं को दीमक की भेंट चढा दिया गया। कभी शोषण की मनगढन्त विवेचना करके विशेषाधिकार दिया गया तो कभी एकतरफा कानून को न्यायसंगत बताया गया। सम्प्रदायों को लडाने वाले कानून को संविधान का अंग बनाकर थोपने वालों ने अब जातिगत वैमनुष्यता फैलाने का भी ठेका ले लिया है। एक वर्ग को विकल्पविहीन बनाकर स्वयं ठेकेदार बनने वाले लोग अब मोदी की मेहनत पर चालाकी से चांदी करने में जुट गये हैं। हालात तो यहां तक पहुंच गये कि हरे और भगवां के बाद अब नीले और भगवां को भी विरोधी खेमों में खडा कर दिया गया है ताकि बांटो और राज्य करो की आक्रान्ता नीति एक बार फिर सफलता का परिणाम दे सके। मीर जाफर, मीर कासिम और जयचन्दों की जमातें पर्दे के पीछे से अपने आकाओं की कदमपोशी करने में जुटीं हैं। यह स्लीपर सेल अपनी ही डाली को काटने में जुटे हैं। हालात तो यहां तक पहुंच गये हैं कि इन देशी गद्दारों को अपने आकाओं के विदेशी लाडलों की भी चमचागिरी करने के लिए बाध्य होना पड रहा है। विलायती शिक्षा लेकर लौटने वाले इन लाडलों को सोने के पालने में बैठकर चांदी की चम्मच से चटनी वालों की एक लम्बी फौज परिवार के दबदबे के कारण विरासत में मिल जाती है। आंकडे गवाह हैं कि देश के 54 प्रतिशत जन्मजात नेताओं को लाडले विदेशों में अध्ययन कर रहे हैं। सात समुन्दर पार की संस्कृति, संस्कार और शिक्षा में रचे बसे इन नवनिहालों को सत्ता, सुख और संसाधन का अम्बार पहली सांस के साथ ही मिल जाता है। संघर्षपूर्ण जीवन की कठिनाइयों से व्यवहारिक वास्ता न होने के कारण उन्हें हमेशा ही सावन का हरा ही सूझता है। देश के आंतरिक हालातों की समीक्षा से प्राप्त होने वाले परिणामों को सुखद कदापि नहीं कहा जा सकता। देश के प्रधानमंत्री की कर्मठता, कुशलता और कार्यपद्धति पर समूचा देश गर्व कर सकता है परन्तु उनकी टीम के अनेक नायकों पर भ्रष्टाचार, तानाशाही और समाज विरोधी कृत्य करने के अनगिनत आरोप लग रहे हैं। अनावश्यक तुष्टीकरण, मुफ्तखोरी की व्यवस्था और विभाजनकारी नियमों के इस सैलाब को रोके बिना राष्ट्रीय एकता की कल्पना करना भी एक बेबकूफाना बचपना ही होगा।

ईमानदाराना बात तो यह है कि समाज में सभी विभाजनकारी बेडियां पूरी तरह से टूट चुकीं थी परन्तु चन्द मंचखोर, पदखोर, अहंकारखोर लोगों ने लालच, लोभ और लाभ का गुड फैंककर मुफ्तखोरों को चीटियां बना दिया है। ऐसे में यदि देश का आम आवाम स्वविवेक के सहारे चिन्तन करे तो उसे आने वाले काले काल के ठहाके स्पष्ट सुनाई देंगे। समाज के अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी अपने चिन्तन को नई धार देना पडेगी, तभी देश, देशवासी और देश का सम्मान स्थापित रह सकेगा। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

## विधायक आफताब अहमद ने किया किसानों का समर्थन

# मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का पक्का मोर्चा हुआ शुरू

**फरीदाबाद।** नूंह जिले के धीरदोका गांव में मुआवजे की मांग को लेकर पिछले दो साल से आंदोलन कर रहे नौ गांवों के किसानों ने शनिवार से पक्का मोर्चा शुरू कर दिया, जिसमें बच्चें व महिलाओं ने भागीदारी निभानी शुरू कर दी है। इस दौरान विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधि धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों को समर्थन देने लगे। धरना स्थल पर किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए। जिले के मुख्य नाकों पर पुलिस की पांच टुकड़ियां तैनात की गई। वहीं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार और उपायुक्त अखिल पिलानी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। शनिवार सुबह किसान पक्का मोर्चा लगाने के लिए



धरना स्थल पर पंडाल लगाने लगे, लेकिन पुलिस को इसकी सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और पंडाल लगाने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद किसान खुले आसमान के नीचे ही खाली जगह पर बैठकर धरना जारी रखे हुए हैं। भारतीय किसान यूनियन महासभा के नेता सुमित दलाल ने कहा कि शांतिपूर्ण धरना देना किसानों का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन प्रशासन इस अधिकार को दबाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों की करीब 1600 एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई थी, जिसका बकाया मुआवजा अब तक नहीं मिला है। किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में कई बड़े किसान नेता और संगठनों के सदस्य भी इस आंदोलन में शामिल होंगे, जिससे आंदोलन और तेज होने की संभावना है। शनिवार को नूंह जिले के रोजका मेव आईएमटी सोहना क्षेत्र में किसानों के धरना प्रदर्शन में नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद पहुंचे और उन्होंने जमकर बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान किसान संगठनों के नेता, स्थानीय ग्रामीण और भारी संख्या में महिलाएं मौजूद थी। नूंह से कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी सरकार में किसानों को उनका हक़ मिलना तो दूर बल्कि उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन भी नहीं करने दिया जा रहा है।

# जींद-सोनीपत रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन का परफार्मेंस ट्रायल हुआ पूरा

## 800 ग्राम गैस में चली एक किलोमीटर

**जींद।** हाइड्रोजन ट्रेन का परफार्मेंस ट्रायल शुक्रवार को पूरा हो गया है, जोकि सफल रहा। ट्रेन सुबह करीब 10 बजकर 20 मिनट पर जींद जंक्शन से रवाना हुई। पौने एक बजे सोनीपत जंक्शन पर पहुंची। वहां 15 मिनट रुकने के बाद ट्रेन जींद के लिए वापस रवाना हुई। पौने चार बजे जींद वापस पहुंची। इस दौरान जींद से सोनीपत रूट पर हर स्टेशन पर ट्रेन को एक से मिनट तक रोक कर हाइड्रोजन गैस की खपत सहित अन्य तकनीकी चीजों की बारीकी से जांच की गई। हाइड्रोजन प्लांट से जुड़े अधिकारियों के अनुसार जब परफार्मेंस ट्रायल शुरू हुआ था, तब हाइड्रोजन ट्रेन में प्रति किलोमीटर 900 ग्राम गैस की खपत हो रही थी। तब प्लांट में तकनीकी कारणों से गैस का उत्पादन नहीं हो रहा था, इसलिए गैस बाहर से मंगवाई गई थी। अब प्लांट में तकनीकी खामियां दूर होने के बाद गैस उत्पादन शुरू हो चुका है। प्लांट में तैयार हुई गैस से जो परफार्मेंस ट्रायल हुआ। उसमें प्रति किलोमीटर लगभग 800 ग्राम हाइड्रोजन गैस की खपत हुई। ऐसे में हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन खर्च डीजल इंजन के मुकाबले



कम रहेगा। सीआरएस (कमिश्नर आफ रेलवे सेफ्टी) से स्वीकृति मिलने और अन्य तकनीकी जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद ट्रेन के उद्घाटन को लेकर समय निर्धारित होगा। हाइड्रोजन प्लांट में इलेक्ट्रो फायर में गैस उत्पादन नहीं हो रहा था। इलेक्ट्रो फायर के लिए सेफ्टी वाल्व को जर्मनी से मंगवाया गया था। जर्मनी से सेफ्टी वाल्व आने के बाद इलेक्ट्रो फायर की तकनीकी खामी को दूर कर लिया गया है। जिसके बाद प्लांट में हाइड्रोजन गैस का उत्पादन शुरू हो गया है। प्लांट के प्रोजेक्ट हैड संजय शर्मा ने बताया कि प्लांट में अच्छी गुणवत्ता की गैस का उत्पादन हो रहा है। अच्छी गुणवत्ता की हाइड्रोजन गैस से माइलेज भी अच्छा मिल रहा है। पिछले महीने रनिंग ट्रायल के बाद हाइड्रोजन को मेंटेनेंस के लिए दिल्ली ले जाया गया था। वहां से वापस आने के बाद 16 से लेकर 20 मार्च तक ट्रेन का जींद से सोनीपत रूट पर तीन बार परफार्मेंस ट्रायल किया गया था। 16 और 18 मार्च को ट्रेन को जींद-सोनीपत रूट पर दो बार दौड़ाया गया था। वहीं, 20 मार्च को हाइड्रोजन ट्रेन का केवल एक चक्कर लगवाया गया था। 16 मार्च के बाद प्लांट के इलेक्ट्रो फायर में खराबी आ गई थी। इस कारण ट्रायल के लिए बाहर से हाइड्रोजन गैस मंगवाई जा रही थी।

## सार-समाचार

### हरियाणा में मंडियों की हुई जियो फेंसिंग



**पंचकूला।** हरियाणा में शनिवार को सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो गई। गेहूं की खरीद एक अप्रैल से होगी। रबी फसलों की खरीद को लेकर सभी मंडियों में जिओ-फेंसिंग की गई है। गेट पास ई-खरीद मोबाइल एप से काटे जाएंगे। मंडियों में फसल लेकर पहुंचने वाले वाहनों पर रजिस्ट्रेशन नंबर स्पष्ट लिखा होना चाहिए। मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत किसान या उसके तीन प्रतिनिधियों में से किसी एक का बायोमेट्रिक सत्यापन होने के बाद ही फसल बेची जा सकेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि किसानों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस साल सरकारी खरीद एजेंसियां 72 लाख टन गेहूं और 13 लाख टन सरसों की खरीद करेंगी। सरसों की 25 प्रतिशत खरीद केंद्र सरकार की एजेंसियां नैफेड और एनसीसीएफ तथा 75 प्रतिशत खरीद राज्य की खरीद संस्थाएं हैफेड और हरियाणा राज्य भंडारण निगम द्वारा की जाएगी। गेहूं खरीद के लिए 416, सरसों के लिए 112, जौं के लिए 25, चना के लिए 11 तथा मसूर के लिए सात मंडियां तय की गई हैं। खरीद कार्य को सुचारू तथा पारदर्शी रूप से चलाने के लिए विभिन्न पोर्टल में कई सुधार किए गए हैं। किसानों के बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए सभी मंडियों में व्यवस्था करने के साथ ही गेट पर सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं।

### स्मार्ट ग्रिड के बचे हुए कार्य खुद पूरे करेगा बिजली निगम

**गुरुग्राम।** स्मार्ट ग्रिड का अधूरा कार्य अब बिजली निगम खुद पूरा कराएगा। शहर में 11 केवी की लाइन को अंडरग्राउंड कर उसे आधुनिक ट्रांसफार्मर से जोड़ने के साथ बिजली व्यवस्था को अपटूडेट करने वाली इस योजना का बचा हुआ हिस्सा करीब पिछले एक साल से अधूरा पड़ा है। इस कार्य के लिए बिजली निगम 60 करोड़ रुपए खर्च करेगा। इस कार्य में लगी एक कंपनी के कार्य छोड़ने और उसके बाद ब्लैक लिस्टेड होने के कारण स्मार्ट ग्रिड का कार्य शहर के कुछ हिस्सों में नहीं हो पाया था। कुछ हिस्सों में केबल अंडर ग्राउंड किए जाने के लिए किए गए गड्ढे लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। बिजली निगम अब स्मार्ट ग्रिड का अधूरा कार्य खुद पूरा कराएगा। निगम अपने ठेकेदारों से खुद की देखरेख में यह कार्य पूरा कराएगा। इसके लिए मार्च 2027 तक का समय तय किया गया है। शहर के औद्योगिक इलाकों सेक्टर 34 से 37 तक पेस सिटी टू, सोहना रोड आदि में स्मार्ट ग्रिड का काम अधूरा है। बिजली निगम के मुख्य अभियंता वीके अग्रवाल ने बताया कि पिछले दिनों इसके लिए टेंडर जारी किया गया था मगर जो आवेदन आए, उनमें ज्यादा पैसे मांगे गए, इसके बाद बिजली निगम ने यह फैसला लिया है कि अपनी देखरेख स्थानीय ठेकेदारों की मदद से काम पूरा कराएंगे।

### भजनपुरा इलाके में मकान की पार्किंग में खड़े वाहनों में लगी आग

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में मंगलवार तड़के एक घर में भीषण आग लग गई। आग की यह घटना ग्राउंड फ्लोर पर स्थित पार्किंग में खड़ी चार पहिया वाहनों में लगी, जिससे देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें और धुआं ऊपरी मंजिलों तक फैल गया, जिससे घर में फंसे लोगों में दहशत फैल गई। दमकल विभाग को तड़के 2 बजे के करीब आग लगने की सूचना मिली। भजनपुरा में एक घर की ग्राउंड फ्लोर पर स्थित पार्किंग में दो स्कूटर और एक मोटरसाइकिल में आग लगी थी। आग इतनी तेजी से फैली कि घर की पहली मंजिल पर फंसे चार लोगों को कूदना पड़ा, जिससे वह घायल हो गए। उन्हें आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

### चाकूबाजी में नाबालिग की हुई मौत पांच आरोपी किये गये गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रानीबाग इलाके में शुक्रवार रात एक शादी समारोह में बिना बुलाए आने को लेकर बच्चों के बीच शुरू हुआ झगड़ा दो पक्षों में बदल गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के दो नाबालिगों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में 17 वर्षीय निखिल यादव की मौत हो गई, जबकि सनी घायल हो गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक बालिग समेत पांच आरोपियों को पकड़ लिया है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11.15 बजे शकूरबस्ती के झंग भवन में चाकूबाजी की सूचना मिली थी।

# हत्या के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** अपराध शाखा पालम विहार व बजघेड़ा थाने की पुलिस ने कहासुनी में सिलिंडर से वार करके महिला की हत्या करने वाले आरोपी पति के जीजा जीवन को 27 मार्च को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। आरोपी जीवन भी महिला की हत्या में संलिप्त है। हत्यारोपी पति सुनील से पूछताछ के बाद उसके जीजा जीवन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बेगूसराय (बिहार) के बचवारा निवासी जीवन (38) के रूप में हुई है। जबकि मृतका गुंजन के हत्यारोपी पति सुनील कुमार को 26 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी जीवन से पूछताछ में पता चला कि उसके साले सुनील (मृतका का पति) का अपनी पत्नी गुंजन के साथ झगड़ा होता रहता था। जिस वजह से 23 मार्च की रात को जीवन अपने साले सुनील व गुंजन को समझाने आया था। इस दौरान सुनील व उसकी पत्नी गुंजन के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद आरोपियों सुनील व जीवन ने गुंजन के साथ मारपीट की व उसकी हत्या की साजिश की। बाद में आरोपी सुनील ने सिलिंडर से वार करके अपनी पत्नी गुंजन की हत्या कर दी थी। जांच अधिकारी पीएसआई मुकेश ने बताया कि आरोपी जीवन को शनिवार को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भोंडसी जेल भेज दिया है। वहीं, हत्यारोपी पति सुनील को तीन दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

# गुरुग्राम में प्रदेश का पहला 'सेफ स्कूल जोन' हुआ शुरू

**गुरुग्राम।** बच्चों की सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम के कादीपुर में शनिवार को हरियाणा का पहला 'सेफ स्कूल जोन' शुरू किया गया। यह पहल सरकारी स्कूल के आसपास सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस परियोजना का उद्घाटन नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त रविंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी एवं बादशाहपुर के एसडीएम संजीव सिंगला भी मौजूद रहे। अतिरिक्त आयुक्त ने कहा कि इस पहल के माध्यम से बच्चों की सुरक्षा, उनके उज्ज्वल भविष्य और पर्यावरण संरक्षण तीनों पहलुओं को साथ लेकर काम किया जा रहा है। जिस सड़क पर बच्चे और बुजुर्ग निश्चिंत होकर चल सकें, वही सड़क वास्तव में सभी के लिए सुरक्षित होती है। कादीपुर में शुरू हुआ सेफ स्कूल जोन प्रदेश में एक नई शुरुआत है और आने वाले समय में इसे अन्य क्षेत्रों तक भी विस्तारित किया जाएगा। उन्होंने आमजन से इस मुहिम में भागीदार बनने की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक सहयोग से ही एक सुरक्षित और संवेदनशील समाज का निर्माण संभव है। संजीव सिंगला ने कहा कि सेफ स्कूल जोन जैसी पहल समाज के लिए एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है, जिसमें बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी




गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास न केवल स्कूल के आसपास के माहौल को सुरक्षित बनाते हैं, बल्कि अभिभावकों में भी विश्वास पैदा करते हैं। प्रशासन और आमजन के संयुक्त प्रयासों से ही इस पहल को सफल बनाया जा सकता है, ताकि हर बच्चा सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त कर सके। 'राहगीरी फाउंडेशन' द्वारा गुरुग्राम विजन जीरो कार्यक्रम के तहत इस परियोजना को नगर निगम गुरुग्राम (एमसीजी) के सहयोग से लागू किया गया है। इस पहल को हीरो मोटोकॉर्प, नगरो और ह्यूजेस सिस्टिक जैसी संस्थाओं का भी सहयोग मिला है। जानकारी के अनुसार, देश में हर दिन औसतन 42 बच्चों की सड़क हादसों में मौत होती है। कादीपुर के सरकारी प्राथमिक विद्यालय में किए गए सर्वे में पाया गया कि करीब 80 प्रतिशत बच्चे पैदल स्कूल आते हैं। पहले उन्हें बिना फुटपाथ, सुरक्षित क्रॉसिंग या किसी चेतावनी संकेत के व्यस्त सड़क से गुजरना पड़ता था। अब इस सेफ स्कूल जोन के तहत सड़क को पूरी तरह सुरक्षित बनाया गया है। यहां बच्चों के लिए सुरक्षित फुटपाथ, ऊंचे और स्पष्ट पैदल पारपथ (ज़ेब्रा क्रॉसिंग), 25 किमी/घंटा की गति सीमा, प्रतीक्षा क्षेत्र और जागरूकता बढ़ाने के लिए दीवारों पर आकर्षक चित्र बनाए गए हैं।

# खाना बनाते समय सिलिंडर फटने से पांच श्रमिक झुलसे



**गुरुग्राम।** खेड़कीमाजरा गांव में 27 मार्च की रात करीब 9 बजे खाना बनाते समय पांच किलो वाला छोटा सिलिंडर फटने से पांच श्रमिक झुलस गए। बताया जा रहा है घरेलू गैस लीक होने से यह घटना हुई है। घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उनको दिल्ली के एम्स अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। धनकोट चौकी की पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मूलरूप से बिहार के रहने वाले छह युवक सुरेश, मनमोहन, चिंटू, अशोक, विवेक व सद्दाम हुसैन खेड़कीमाजरा गांव में बिट्टू के मकान में किराये से कमरा लेकर रह रहे हैं। वे सभी गुरुग्राम में दिहाड़ी-मजदूरी का काम करते हैं। 27 मार्च की रात करीब 9 बजे एक युवक सुरेश बाहर आटा लेने के लिए गया था, जबकि अन्य पांच युवक कमरे में मौजूद थे। एक युवक खाना बना रहा था तो छोटे सिलिंडर में गैस रिसाव होने के कारण धमाके साथ फट गया। आग की लपटों से कमरे में मौजूद सभी पांचों युवक मनमोहन, चिंटू, अशोक, विवेक व सद्दाम हुसैन झुलसे हैं। घटना की सूचना मिलते ही धनकोट चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां से उनको प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। धनकोट पुलिस चौकी के प्रभारी एसआई जगमाल ने बताया कि खाना बनाते समय छोटा सिलिंडर फटने की बात सामने आई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# मेरठ में अवैध हथियार निर्माण यूनिट का हुआ पर्दाफाश

## दिल्ली पुलिस द्वारा की गई बड़ी कार्यवाही

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। एनआर-द्वितीय यूनिट ने मेरठ में एक अवैध हथियार निर्माण यूनिट का भंडाफोड़ किया। इस अभियान में दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इंस्पेक्टर नीरज शर्मा के नेतृत्व और एसीपी गिरीश कौशिक के पर्यवेक्षण में टीम ने सफलता हासिल की। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि मेरठ से दिल्ली में बड़ी मात्रा में अवैध हथियारों की आपूर्ति हो रही है। इस सूचना पर 19 मार्च को बदली रेलवे स्टेशन, दिल्ली के पास हसीर उर्फ शूटर को गिरफ्तार किया गया। उसकी तलाशी में दो सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, एक पेन पिस्टल और छह जिंदा कारतूस मिले। पूछताछ में हसीर ने बताया कि वह मेरठ निवासी परवेज उर्फ फरू से हथियार लाता था। बुधवार को अदालत से तीन दिन की पुलिस रिमांड लेकर




जांच शुरू की गई। एसीपी गिरीश कौशिक के नेतृत्व में विशेष टीम मेरठ रवाना हुई। गुरुवार को टीम ने परवेज उर्फ फरू के घर पर छापा मारा और उसे भागने की कोशिश करते हुए पकड़ लिया। घर की तलाशी में, ऊपरी मंजिल से भारी मात्रा में अवैध हथियार और उपकरण बरामद हुए। इनमें चौबीस अवैध पेन पिस्टल, अठहत्तर मैगजीन, तीन बैरल, तीन स्लाइड, तीन पिस्टल बॉडी, अन्य छोटे पुर्जे और ड्रिल मशीन शामिल थे। सभी सामान को विधि अनुसार जब्त कर लिया गया। इस कार्रवाई में कुल पच्चीस पेन पिस्टल बरामद हुई, जो सामान्य पेन जैसी दिखती हैं और भीड़भाड़ वाले इलाकों में घातक हो सकती हैं। मुख्य आरोपी परवेज उर्फ फरू (सैंतीस वर्ष) अशिक्षित है। वह करीब अठारह साल पहले पहली बार अवैध हथियार के मामले में गिरफ्तार हुआ था। वर्ष 2017 में एनआईए ने उसे यूएपीए के तहत गिरफ्तार किया था। वह खालिस्तानी आतंकियों से जुड़े टारगेट किलिंग मामलों में हथियार आपूर्ति से जुड़ा था। उस पर एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। दूसरा आरोपी हसीर उर्फ शूटर (पच्चीस वर्ष) भी दस से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल है। दोनों से पूछताछ जारी है।

# जय श्री राम के उद्घोष के साथ मनाया गया श्री राम जन्मोत्सव

**समय जगत, मऊरानीपुर (झांसी)।** बड़े धनुषधारी मंदिर पर जय जय श्री राम के उदघोष के साथ मनाया गया श्री राम जन्मोत्सव मऊरानीपुर झांसी ढ्सुखनई सरिता के तीर पर स्थित प्रसिद्ध एवं प्राचीन बड़े धनुषधारी मंदिर पर श्री राम जन्मोत्सव उत्सव बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक दोपहर 12 ब जय जय श्री राम के आकाश को गुंजायमान करते उदघोष के साथ मनाया गया भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी के साथ जगत जगदीश्वर भगवान श्री धनुष जी महाराज का जन्म कार्यक्रम संपन्न हुआ विशाल मंदिर प्रांगण में उपस्थित हजारों नर नारी भक्तगण भक्ति भाव एवं खुशी से झूम उठे शंख घंटे घड़ियाल ढोल बजने लगे सैक?ो गोले दागे गये आतिशबाजी की गयी चिलचिलाती धूप मै दर्शनार्थियों का उत्साह कम नहीं हो रहा था हेलीकॉप्टर से सभी पर पुष्प वर्षा की गई वरिष्ठ समाजसेवी एवं मंदिर प्रबंधक गोपाल दास दमेले ने सभी का आभार व्यक्त किया बुंदेलखंड के प्रसिद्ध म्यूजिशियन ग्रुप श्री कौशल किशोर संकीर्तन मंडल एवं छतरपुर आकाशवाणी केंद्र के सुप्रसिद्ध गायक राम गुलाम यादव,गुलाब यादव, रजनी भास्कर, मैथिली शरण, नरेंद्र चंचल, मिलन कुमार आदि ने एक से एक सुंदर बधाई गीत,भजन आदि प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया महिला पुरुष बच्चे नृत्य करने लगे पुजारी पं प्रशांत व्यास पप्पी महाराज एवं अंशु व्यास ने भगवान का अति मनमोहक दिव्य भव्य श्रृंगार किया जिसको देखकर उपस्थित जनसमूह के मुँह से अत्यंत खुशी से निकल प?ा अद्भुत, अकल्पनीय, विद्वान आचार्य पं हरिशंकर पटेरिया एवं उनकी सहयोगी विद्वानों आदि ने प्राचीन पद्धति एवं वैदिकरीति से समस्त जन्म कार्यक्रम संपन्न किया इस मौके पर अनंत बलवंत श्री हनुमान जी महाराज का अत्यंत मनमोहक श्रृंगार एवं उपस्थित विशाल जन समूह को सनातन धर्म के प्रतीक शीतल चन्दन को विशेष तरह से तैयार करके सभी के मस्तिष्क को तिलक लगा कर सुशोभित पं राघवेंद्र शर्मा तिलेरा एवं उनकी टीम ने किया इस मौके पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे कन्हैया लाल मोदी,सुधीर जैन,हरिश्चंद्र आर्य पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, डॉक्टर रघुवीर चौधरी झाँसी, संजय विश्वारी कानपुर,ओम प्रकाश अग्रवाल,प्रेम नारायण पाठक,पं बृजेंद्र तिवारी बबलू महाराज, अनिल नायक, जगमोहन भो?लें,आयुष श्रीवास प्रतिनिधि नगर पालिका अध्यक्ष, हरिश्चंद्र सोनी रमाशंकर पाठक, शोभाराम मिश्रा, अखिलेश सेठ, गुड्डू मिस्त्री प्रधान जी, जयप्रकाश सुरोंठिया, रामसेवक दमेले, अरविंदअ?ज?िया, शैलेंद्र व्यास, भगवानदास दमेले,रानी कटारे,दिलीप कुमार दमेले,नरेश सुरोंठिया , रमेश चंद कटारे, राधा रमन कठिल, अनंतराम सराफ, देवेंद्र दमेले,श्याम मनोहर ज?िया, हरि दयाल साहू, गोविंद दमेले, नंदकिशोर रावत, ओमप्रकाश पोद्दार,आर. के. टेलर, दीपू शुक्ला,दयाराम रावत,मनीष बिलैया, श्याम पहारिया, बृजमोहन बिलैया काजू, वेद प्रकाश गंगेले,रविंद सेठ बल्लू, ओम प्रकाश मोदी,रमेश चंद्र सोनी, लल्लू खरया,अरुण पाठक,नरेश सिरोंठिया,मनोज अग्रवाल,रमाकांत चौधरी, महेंद्र दशाधारी, डॉ, रमेश चंद्र नगरिया, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, ओमप्रकाश वर्मा,डॉ कृष्ण मुरारीलाल चऊदा ,रमेश चंद्र लोहिया,सुखनंदन गुप्ता,सौरभ पोद्दार, ओमप्रकाश उम्मी सोनी, अरुण गुप्ता,राम बिहारी सक्सेना,गौरी शंकर सेन.गौतम गुप्ता, जागेश्वर अग्रवाल, राघवेंद्र सेहारे,विजय सिंह यादव, सुभाष सोनी, सुरेंद्र रिछारिया, रामदास राजपूत मास्टर,लखन लाल मिश्रा,ओमप्रकाश कटारे, राजू कठिल,रमेश चंद रेजा,संतोष गुप्ता, ब्रजकिशोर कठिल,



हरिशंकर गुप्ता, रमेश चंद्र पाठक,मुकेश अग्रवाल कक्का,अशोक मोर,पंकज पहारिया,संजय सुरोंठिया,रसिक राजपूत,रामविलास शर्मा, सुशील सेठ, विपिन रूसिया, रामकुमार मोर, किशुन अग्रवाल, हेमंत बिलैया, हरिशंकर सेठ ,नवीन कनकने,सत्येंद्र बड़ोनिया,अनिल साहू,दौलत कुशवाहा, सोनू तिवारी,अनिल पहारिया,पंकज गुप्ता रानीपुर, राजेंद्र प्रसाद चौधरी, नाथूराम सोनी, श्याम सुंदर पाठक, सतीश नायक, अमित पुरवार,भगवत नारायण सोनी, डॉ विष्णु गुप्ता,अनिल सोनी,मुकेश अग्रवाल, रज्जन अग्रवाल,संतोष रठा,सुजीत नायक, रामसेवक झुरिया, महेश बिलैया, संजय पुरोहित, लक्ष्मीकांत झुण्डेले,अनिल पहारिया,ओमप्रकाश डेंगरे, राघवेंद्र पाठक,श्याम सुंदर बिलाटिया, महेश जगरिया,सोनू बरसैया, राजेंद्र बिलैया, पप्पू डेंगरे, विनोद पुरवार, भूपेंद्र मनचंदा, छोटे दुबे, अतुल सेठ, संतोष सराफ, अंशुल सरावगी, ओमप्रकाश बिलैया,सोनू दमेले,तुलसीदास खरया, हरिश्चंद्र रखोलिया, प्रिंस दमेले, बंटी पहारिया,राकेश चउदा, उज्जवल दमेले, विष्णु सेठ,राकेश सराफ, बालकृष्ण वर्मा, विजय बिलैया,अरूप बंगाली, राजेंद्र राहुल,विजय नामदेव, कैलाश नारायण बरसैया, किशोरी लाल ठगेले,दीपू गुप्ता, ऋषभ डेंगरे,नवीन यादव, लोकेश कटारे,अशोक कुमार खरे,श्री राम समन बंगाली ,सागर नायक, प्रमोद चतुर्वेदी, रामपाल गोस्वामी, राम लखन दुबे, राम गुलाम सोनी, किशोरी लाल बाजपेई, डॉ आर.एन राय,दीपू सोनी,डॉ सीताराम सोनी, रमाकांत चौधरी,कन्हैया लाल श्रीवास्तव, दीपू मोदी,सोनू तिवारी, विजय सिंह यादव सुद्दू, संतोष सराफ, नीलेश अग्रवाल, मुन्नू सोनी, अभिलाष तिवारी,गौतम गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद चौधरी, विनोद साहू, संजू कुशवाहा, संजय बरसैया, बबलू लोहिया, प्रदीप अग्रवाल, श्रीकांत लोहिया, नरेंद्र बरसैया, अरविंद गुप्ता, चिंटू बहरे, संजीव पिपरसानिया, नवीन कनकने, मनीष कठिल, रोहित सेठ, हरीश बिलैया, विपिन रूसिया, विक्की पहारिया, किशुन अग्रवाल, मनोज दुबे, हेमंत बिलैया आदि शामिल है।

## संपादकीय

# संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग से बढ़ेगी पर्यावरणीय सुदृढ़ता

सृष्टि की निरंतरता एवं जीव जगत के हित में पर्यावरणीय सुदृढ़ता का निरंतर कायम रहना जरूरी है। हर वर्ष 30 मार्च को 'अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य केवल धरती या अंतरिक्ष से कचरा कम करना ही नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य पर्यावरण व हमारी पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना और मानव जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाना है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह दिवस कचरा प्रबंधन( वेस्ट मैनेजमेंट ) करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए एक ऐसा वैश्विक आह्वान है, जो हमें टिकाऊ( सस्टेनेबल ) और संतुलित जीवन( बैलेंस्ड लाइफ ) की ओर प्रेरित करता है। इसका एक महत्वपूर्ण लक्ष्य पूरी दुनिया को 'प्लास्टिक-मुक्त अर्थव्यवस्था' की दिशा में ले जाना भी है, जहाँ पैकेजिंग के लिए मशरूम या समुद्री शैवाल जैसे व अन्य किन्हीं प्राकृतिक व बेहतरीन विकल्पों का उपयोग किया जा सके।पाठक जानते हैं कि आज पूरी दुनिया की जनसंख्या बहुत ही तेजी से बढ़ रही है और इसके साथ ही धरती पर व अंतरिक्ष तक में भी कचरे की मात्रा भी निरंतर बढ़ती जा रही है।सीधे शब्दों में कहें तो यह दिवस हमें कचरे को कम करने, पुनः उपयोग (री-यूज) और पुनर्चक्रण (री-साइक्लिंग) के महत्व को समझाने के लिए समर्पित है।सच तो यह है कि यह 'रिड्यूस, री-यूज और रीसायकल' की अवधारणा को बढ़ावा देता है। आज दुनिया भर में लगभग 2 करोड़ लोग इस क्षेत्र में कार्यरत हैं। साथ ही, यह दिवस उन कंपनियों की नीतियों पर भी प्रश्न उठाता है, जो जानबूझकर ऐसे उत्पाद बनाती हैं जो जल्दी खराब हो जाते हैं, ताकि उपभोक्ता बार-बार नए उत्पाद खरीदें। शून्य अपशिष्ट का एक अहम पहलू 'कंपोस्टिंग' भी है। हमारे कुल कचरे का लगभग 50त्न हिस्सा जैविक होता है, जिसे खाद में परिवर्तित किया जा सकता है। इससे न केवल मीथेन गैस का उत्सर्जन कम होता है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ती है और रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता घटती है। कचरा प्रबंधन में घरों, उद्योगों, सरकारों और आम नागरिकों हम सभी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण व अहम् है। जीरो वेस्ट अर्थात् शून्य अपशिष्ट का लक्ष्य पूरा करने के लिये लोगों की जागरुकतापूर्ण सहभागिता भी जरूरी है। ताकि कचरे का व्यवस्थित निष्पादन व इसकी रिसाइकिलिंग से पर्यावरणीय सुदृढ़ता कायम रह सके।

# कश्मीरी नेताओं ने कभी पंडितों के साथ क्यों नहीं दिखाई हमदर्दी?

**नीरज कुमार दुबे**

अगर मीरवाइज सच में अमन के दूत हैं, तो अपने दिल्ली दौरे के दौरान वह कश्मीरी पंडितों की कॉलोनियों में जाकर उनसे क्यों नहीं मिले? अगर मीरवाइज सच में अमन के दूत हैं तो क्या कश्मीरी पंडितों से मिलकर उनसे वापस अपने घर लौटने का आग्रह नहीं करना चाहिए था? मीरवाइज उमर फारूक ने नयी दिल्ली में ईरान के राजदूत से मुलाकात कर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया और ईरान के साथ एकजुटता व्यक्त की। लेकिन सवाल यह है कि जब कश्मीरी पंडितों को घाटी से मार कर भगाया जा रहा था तब यह संवेदना कहां थी? तब अमन का पैगाम लेकर ये नेता सामने क्यों नहीं आए थे? क्या उस दौर में इंसानियत की जरूरत नहीं थी? क्या तब किसी प्रतिनिधिमंडल को कश्मीरी पंडितों के घरों तक जाने की फुर्सत नहीं मिली थी? सवाल उठता है कि क्यों आज अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर इतनी सक्रियता दिखती है, लेकिन अपने ही समाज के जख्मों पर सन्नाटा छा जाता है? क्या यह चयनात्मक संवेदनशीलता नहीं है? क्या एक धर्म विशेष के लिए ही एकजुटता दिखाना अब राजनीति का हिस्सा बन गया है? अगर मीरवाइज सच में अमन के दूत हैं, तो अपने दिल्ली दौरे के दौरान वह कश्मीरी पंडितों की कॉलोनियों में जाकर उनसे क्यों नहीं मिले? अगर मीरवाइज सच में अमन के दूत हैं तो क्या कश्मीरी पंडितों से मिलकर उनसे वापस अपने घर लौटने का आग्रह नहीं करना चाहिए था? देखा जाये तो कश्मीर में ईरान के समर्थन में प्रदर्शन होते हैं, दान अभियान चलते हैं, बड़े नेता दूतावास पहुंचते हैं, लेकिन क्या कभी कश्मीरी पंडितों के लिए ऐसा कोई व्यापक अभियान चला? क्या उनके दर्द को उसी गंभीरता से लिया गया? सवाल उठता है कि आखिर यह दोहरा मापदंड क्यों है? क्यों एक समुदाय के मुद्दे पर भावनाएं उमड़ती हैं और दूसरे पर खामोशी छा जाती है? क्या संवेदनाएं भी चयनात्मक हो गई हैं? जहां तक मीरवाइज के दिल्ली दौरे की बात है तो आपको बता दें कि श्रीनगर से कश्मीर के कई धार्मिक संगठनों का एक प्रतिनिधिमंडल नयी दिल्ली पहुंचा और ईरान के राजदूत से मुलाकात कर वहां के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मीरवाइज उमर फारूक कर रहे थे। उन्होंने न केवल संवेदना व्यक्त की, बल्कि ईरान के लोगों के साथ एकजुटता भी दिखाई। प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका और इजराइल पर आरोप लगाते हुए युद्ध की निंदा की और शांति बहाल होने की उम्मीद जताई। असली सवाल यहीं से शुरू होता है। क्या यह वही कश्मीर नहीं है जहां कभी हजारों कश्मीरी पंडितों को अपने घर छो? कर भागना प?ा था। क्या यह वही घाटी नहीं है जहां उनके कत्लेआम की खबरें आई थीं। तब यह धार्मिक संगठन, यह मौलाना, यह नेता कहां थे। तब अमन का संदेश क्यों नहीं दिया गया। तब किसी प्रतिनिधिमंडल ने पंडितों के आंसू पोंछने की कोशिश क्यों नहीं की?

मीरवाइज उमर फारूक और उनके साथियों ने ईरान के साथ गहरे सांस्कृतिक और धार्मिक रिश्तों की बात कही। उन्होंने कश्मीर को ईरान ए सगीर तक बताया। यह बयान बताता है कि उनकी सोच किस दिशा में झुकी हुई है। लेकिन क्या उन्हें यह याद नहीं कि कश्मीर की पहचान केवल किसी एक धर्म से नहीं, बल्कि उसकी विविधता से रही है। कश्मीरी पंडित उस पहचान का अभिन्न हिस्सा थे और हैं। दिल्ली में ईरानी राजदूत से मिलना, संवेदना जताना, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बयान देना आसान है। लेकिन क्या कभी इन नेताओं ने दिल्ली या देश के अन्य हिस्सों में बसे कश्मीरी पंडितों की कॉलोनियों में जाकर उनसे मुलाकात की। क्या उन्होंने कभी उन्हें वापस घाटी आने का भरोसा दिलाया। अगर मीरवाइज सच में अमन का पैगाम देना चाहते, तो उन्हें सबसे पहले अपने घर के जख्म भरने चाहिए थे। यह भी गौर करने वाली बात है कि कश्मीर में खामेनेई की मौत के बाद बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए, दान अभियान चलाए गए, लोगों ने पैसा, सोना, यहां तक कि मवेशी तक दान दिए। राजनीतिक नेताओं ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। महबूबा मुफ्ती, फारूक अब्दुल्ला जैसे बड़े नाम ईरानी दूतावास पहुंचे और अपनी संवेदना दर्ज कराई। यह सक्रियता बताती है कि एक खास मुद्दे पर कितनी तेजी से लामबंदी हो सकती है। लेकिन यही सक्रियता कश्मीरी पंडितों के मामले में क्यों नहीं दिखी? क्यों उनके दर्द को नजरअंदाज किया गया? क्यों उनके लिए कोई बड़े स्तर का अभियान नहीं चला, यही वह सवाल है जो आज कश्मीर के नेतृत्व की नीयत और प्राथमिकताओं पर गहरे संदेह खड़े करता है। सच यह है कि अमन का पैगाम चयनात्मक नहीं हो सकता। अगर आप सच में शांति चाहते हैं, तो आपको हर पीड़ित के साथ खड़ा होना होगा, चाहे वह किसी भी धर्म का हो। केवल एक धर्म विशेष के साथ एकजुटता दिखाना और दूसरे की पीड़ा को अनदेखा करना न तो नैतिक है और न ही स्वीकार्य। आज जरूरत है कि कश्मीर के नेता आत्ममंथन करें। उन्हें यह समझना होगा कि असली परीक्षा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बयान देने में नहीं, बल्कि अपने ही समाज के घावों को भरने में है। जब तक कश्मीरी पंडितों की वापसी, उनकी सुरक्षा और उनके सम्मान की गारंटी नहीं होगी, तब तक अमन का हर दावा खोखला ही रहेगा।

# बीमा सुरक्षा का माध्यम बने, न कि मुनाफे का जाल

## नजरिया

**बीमा का मूल उद्देश्य जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करना है। यह व्यवस्था व्यक्ति को बीमारी, दुर्घटना या अन्य संकटों के समय आर्थिक सहारा देती है। परंतु आज के दौर में यह व्यवस्था अपने मूल उद्देश्य से भटकती हुई दिखाई दे रही है। विशेषकर स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में जो जटिलताएं, अपारदर्शिता और मनमानी देखने को मिल रही है, उसने आमजन के विश्वास को गहरी चोट पहुंचाई है। बीमा, जो सुरक्षा का माध्यम होना चाहिए था, वह कई बार शोषण का उपकरण बनता जा रहा है। वर्तमान समय में चिकित्सा सेवाओं की लागत अत्यधिक बढ़ चुकी है। निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च लाखों में पहुंच जाता है।**

**ललित गर्ग**

सरकार के द्वारा रियायती मूल्यों पर उपलब्ध कराई भूमि पर बने अस्पताल आज गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य बीमा एक आवश्यक सुरक्षा कवच के रूप में उभरता है। बीमा कंपनियां भी इसी भय और भविष्य की अनिश्चितता का उपयोग कर लोगों को पॉलिसी खरीदने के लिए प्रेरित करती हैं। लेकिन वास्तविक समस्या तब सामने आती है जब बीमा धारक को उसकी जरूरत होती है। दावों के निपटान के समय कंपनियां अनेक तकनीकी कारणों, शर्तों और अपवादों का हवाला देकर भुगतान से बचने का प्रयास करती हैं। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावे हर वर्ष खारिज कर दिए जाते हैं। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि बीमा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। अक्सर देखा गया है कि पॉलिसी लेते समय ग्राहकों को शर्तों की पूरी जानकारी नहीं दी जाती। जटिल भाषा में लिखे गए नियम और शर्तें आम व्यक्ति की समझ से बाहर होती हैं। परिणामस्वरूप, जब दावा प्रस्तुत किया जाता है, तो उन्हीं शर्तों को आधार बनाकर भुगतान रोक दिया जाता है। इस समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच संभावित गठजोड़ भी है। कई मामलों में अस्पताल अत्यधिक बिलिंग करते हैं और बीमा कंपनियां कम भुगतान करती हैं, जिससे मरीज को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। यह स्थिति विशेष रूप से मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों के लिए अत्यंत पीड़ादायक होती है। कई बार तो ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जहां अस्पताल बकाया राशि के कारण मरीज के शव को तक रोक लेते हैं, जो मानवीय संवेदनाओं के विरुद्ध है। यदि हम विकसित देशों की तुलना करें, तो वहां बीमा प्रणाली अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी है। दावों का निपटान समयबद्ध और न्यायसंगत तरीके से किया जाता है। भारत में भी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) जैसे नियामक संस्थान मौजूद हैं, जिनका उद्देश्य बीमा क्षेत्र को नियंत्रित और संतुलित करना है। लेकिन व्यावहारिक स्तर पर इनकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठते रहे हैं। नियामक तंत्र की निष्क्रियता या सीमित हस्तक्षेप के कारण बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए सबसे पहले बीमा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी



बनाना आवश्यक है। पॉलिसी दस्तावेजों को आम भाषा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि एक सामान्य व्यक्ति भी उसकी शर्तों को समझ सके। इसके साथ ही, बीमा एजेंटों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए कि वे ग्राहकों को पूरी और सही जानकारी दें। गलत जानकारी देकर पॉलिसी बेचने पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम है-दावा निपटान प्रक्रिया का सरलीकरण। बीमा दावों के लिए एक मानकीकृत और समयबद्ध प्रक्रिया लागू की जानी चाहिए। यदि कोई दावा खारिज किया जाता है, तो उसके स्पष्ट और उचित कारण बताए जाएं। इसके लिए एक स्वतंत्र अपीलीय तंत्र भी होना चाहिए, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कर सके और उसे त्वरित न्याय मिल सके। तीसरा, अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच पारदर्शिता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उपचार की लागत को नियंत्रित करने के लिए एक मानक दर प्रणाली लागू की जा सकती है। इससे अनावश्यक बिलिंग और वित्तीय शोषण पर रोक लगेगी। साथ ही, कैशलेस उपचार की सुविधा को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाया जाना चाहिए ताकि मरीज को तत्काल आर्थिक राहत मिल सके। चौथा, सरकार को इस क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। एक राष्ट्रीय स्तर की निगरानी प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए, जो बीमा कंपनियों और अस्पतालों की गतिविधियों पर नजर रखे। समय-समय पर ऑडिट और जांच के माध्यम से अनियमितताओं को उजागर किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पांचवां, बीमा साक्षरता को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बीमा की शर्तों, अधिकारों और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। विशेष रूप से गरीब और अशिक्षित वर्ग के लिए सरल मार्गदर्शिका और सहायता केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। निश्चित तौर पर बीमा व्यवसाय को केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखा जाना चाहिए। जब तक इस क्षेत्र में नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक आमजन का विश्वास बहाल नहीं हो सकता। आज आवश्यकता इस बात की है कि बीमा प्रणाली को पुनर्गठित कर उसे जनहितकारी बनाया जाए। सरल प्रक्रियाएं, स्पष्ट नियम, सशक्त नियामक तंत्र और जागरूक उपभोक्ता-ये चार स्तंभ ही बीमा क्षेत्र को उसकी वास्तविक दिशा में ले जा सकते हैं। यदि समय रहते इन सुधारों को लागू नहीं किया गया, तो बीमा का यह महत्वपूर्ण साधन आम आदमी के लिए सुरक्षा के बजाय संकट का कारण बना रहेगा। चिकित्सा और बीमा-दोनों ही ऐसे क्षेत्र हैं जो मूलतः मानव जीवन की सुरक्षा, राहत और सेवा से जुड़े हुए माने जाते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि आज ये दोनों क्षेत्र आमजन के लिए सबसे अधिक जटिल, महंगे और अविश्वसनीय होते जा रहे हैं। एक ओर रियायती जमीन पर बने निजी अस्पताल गरीबों को मुफ्त इलाज देने के अपने दायित्व से बचते नजर आते हैं, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य बीमा के नाम पर बीमा कंपनियां ऐसी शर्तें और प्रक्रियाएं थोप देती हैं कि जरूरत के समय मरीज को बीमा का लाभ मिलना कठिन हो जाता है। यह स्थिति केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि संवेदनहीन व्यवस्था का प्रतीक बनती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के रियायती जमीन पर बने अस्पतालों को नोटिस जारी करना केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि व्यवस्था को आईना दिखाने जैसा है। जब अस्पताल रियायती जमीन लेते समय गरीबों के इलाज का वायदा करते हैं, तो वह केवल कागजी औपचारिकता नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व होता है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि लाभ तो निजी अस्पताल उठा रहे हैं और दायित्व निभाने से बच रहे हैं। यही स्थिति बीमा क्षेत्र में भी दिखाई देती है, जहां पॉलिसी बेचते समय बड़े-बड़े वायदे किए जाते हैं, लेकिन क्लेम के समय छोटी-छोटी तकनीकी वजहों से दावे खारिज कर दिए जाते हैं।

आम आदमी सालों तक प्रीमियम भरता रहता है, लेकिन जरूरत के समय उसे राहत नहीं मिलती। इस स्थिति में सुप्रीम कोर्ट की सक्रियता एक सकारात्मक संकेत है। जिस प्रकार अदालत ने अस्पतालों से जवाब मांगा है, उसी प्रकार बीमा कंपनियों की कार्यप्रणाली पर भी सख्त निगरानी और स्पष्ट नियम बनने चाहिए, ताकि बीमा वास्तव में सुरक्षा का माध्यम बने, न कि मुनाफे का जाल। सरकारों की जिम्मेदारी केवल नीतियां बनाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनके क्रियान्वयन की सख्त निगरानी भी होनी चाहिए। यदि रियायती जमीन लेने वाले अस्पताल गरीबों का मुफ्त इलाज नहीं करते तो उनसे जमीन का बाजार मूल्य वसूला जाना चाहिए या उनकी मान्यता पर पुनर्विचार होना चाहिए। इसी तरह बीमा कंपनियों को भी क्लेम प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनानी चाहिए। स्वास्थ्य और बीमा दोनों ही आम आदमी की जीवन सुरक्षा से जुड़े विषय हैं, इसलिए इनमें मुनाफाखोरी की मानसिकता पर नियंत्रण आवश्यक है। यदि सरकार, न्यायपालिका और नियामक संस्थाएं मिलकर सख्ती और पारदर्शिता सुनिश्चित करें, तो चिकित्सा और बीमा दोनों क्षेत्रों में आमजन का विश्वास फिर से स्थापित हो सकता है।

# दूरगामी असर वाले विधानसभा चुनाव, एसआईआर से लेकर परिसीमन तक तक व्यापक फैसले

**आशुतोष झा**

अगले डेढ़ माह में चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में नई सरकार बननी है। नजरें इस पर टिकी हैं कि इन राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टी क्या वापस जनादेश पाती है या फिर विपक्ष में बैठे दल काबिज होते हैं? जाहिर तौर पर वापसी का बड़ा कारण तो जनहित में लिए गए फैसले ही होते हैं, पर महत्वपूर्ण कारक विभिन्न दलों के नेतृत्व की विश्वसनीयता भी है एक पहलू नैरेटिव का भी होता है। जनता यह आकलन करती है कि केवल उनका ही नहीं, उनके बच्चों का भी भविष्य संबंधित दल कितना सुरक्षित रख पाएंगे? विधानसभा चुनावों में हालांकि यह सीमित होता है, पर कई बार तो यह पैमाना परिवार और बच्चों से आगे बढ़कर देश तक पहुंचता है। चुनावी राज्यों में ये पहलू प्रभावी रहने वाले हैं। असम को लेकर बहुत असमंजस नहीं है और इसका बड़ा कारण यह है कि विपक्षी कांग्रेस के नेता भी अपनी तैयारी से संतुष्ट नहीं दिख रहे हैं। नेतृत्व, प्रदर्शन और नैरेटिव के मोर्चे पर फिलहाल सत्ताधारी भाजपा काफी आगे खड़ी है। राज्य में घुसपैठ एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है और भाजपा इसके विरुद्ध चैंपियन बनकर खड़ी है। पुडुचेरी केंद्रशासित प्रदेश है और वहां तमिलनाडु की राजनीति का असर होता है। लिहाजा तमिलनाडु, केरल और सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में देश की रुचि है। बंगाल की जनसांख्यिकी के साथ 15 साल से सत्ता में बनीं ममता बनर्जी की जो राजनीति है, उसमें कोई भी यह भविष्यवाणी करने से बच रहा है कि वह चौथी बार सत्ता में नहीं आ सकतीं, पर एक फार्मूला इन तीनों राज्यों में बहुत प्रखर है और वह है एंटी इनकंबेंसी। बंगाल की लगभग एक चौथाई सीटें ऐसी हैं, जहां 30 प्रतिशत से ज्यादा मुस्लिम वोटर हैं और वे नैरेटिव के आधार पर भाजपा के खिलाफ हैं। ममता की चुनावी शक्ति का यह बड़ा आधार है, लेकिन उन्हें पिछली बार इसका अहसास हो गया था कि जमीन भुरभुरी हो रही है। विकास की तड़प और बदलाव की छटपटाहट भी एक बड़े वर्ग में है। प्रबुद्ध वर्ग के अंदर तृणमूल सरकार की कई नीतियों को लेकर बेचैनी है। संदेशखाली से लेकर आरजी कर मेडिकल कालेज में महिलाओं के साथ हुई निर्ममता ने महिला सुरक्षा और संवेदनशीलता को झकझोर दिया है। विपक्षी दल इसे फिर से याद दिला रहे हैं। ममता सरकार इससे अनभिज्ञ नहीं होगी, लेकिन पता नहीं कि वे भद्रलोक की आशंकाओं को निर्मूल करने के लिए क्या कर रही हैं?

माना जा रहा है कि इस बार का बंगाल चुनाव मुख्यतः कोलकाता प्रेसीडेंसी या ग्रेटर कोलकाता में



ही लड़ा जाएगा, जहां पिछली बार भाजपा फिसड्डी रह गई थी। हावड़ा, हुगली, दक्षिण और उत्तर 24 परगना तथा नादिया में लगभग सवा सौ सीटें हैं। पिछली बार भाजपा के बड़े नेताओं ने इस क्षेत्र में चुनाव प्रचार ही नहीं किया था। कोविड के कारण आखिरी के तीन चरणों में प्रधानमंत्री मोदी ने निर्णय लिया था कि चुनाव प्रचार नहीं किया जाएगा। इसे विपक्षी दल भी खारिज नहीं करते कि आखिरी दिनों में होने वाले प्रचार में मोदी कुछ बदलाव तो ला ही देते हैं। बंगाल में आठ चरणों के मुकाबले होने वाले दो चरणों के चुनाव भी अहम हो सकते हैं। इस बार चुनाव एक सप्ताह के अंदर ही खत्म होगा। इससे उपद्रवियों की गतिविधियां भी बहुत सीमित होने की उम्मीद है। इस सबके बावजूद फिलहाल ममता को खारिज नहीं किया जा रहा है, क्योंकि अपने लंबे राजनीतिक संघर्ष में उन्होंने यह साबित किया है कि वह एक फाइटर हैं और एक बड़ी हद तक बंगाल के मूड का प्रतिनिधित्व करती हैं। उनकी जीत विपक्षी दलों में उन्हें सबसे बड़े नेता के रूप में स्थापित कर देगी, पर यदि वह हारती हैं तो भाजपा के लिए यह बिहार, दिल्ली और महाराष्ट्र से भी बड़ी जीत होगी। उसे विस्तार के लिए एक नई जमीन मिलेगी और इसका असर 2029 तक जाएगा, पर एक बड़ी चुनौती भी होगी, क्योंकि बंगाल की राजनीतिक संस्कृति बदलना बहुत आसान नहीं।

केरल में पिछली बार भी एंटी इनकंबेंसी थी, पर अंदरूनी लड़ाई में कांग्रेस नेतृत्व वाला यूडीएफ माकपा के अगुआई वाले एलडीएफ से दोबारा हार गया था। राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा रखने वाली माकपा इस बार देश की राजनीति में गुम हो सकती है। वाम विचारधारा की इस सिकुड़न को सिर्फ एक राज्य की विधानसभा से जोड़कर देखना सही नहीं होगा। जानकार कांग्रेस के गिरते ग्राफ को भी इसी विचारधारा से जोड़कर देखते हैं। बंगाल में वाम दल ममता के हाथों हारे, त्रिपुरा में भाजपा के हाथों और अब केरल में कांग्रेस के हाथों साफ होने की कगार पर हैं। केरल में वाम मोर्चे के लिए और बड़ी परेशानी यह है कि वहां कमल खिलने लगा है। त्रिवेंद्रम नगर निगम में वाम दलों के पांच दशक के शासन को भाजपा ने छीना है। विधानसभा में पैर जमे तो वाम दलों का हिंदू जनाधार डोल सकता है। ऐसे में केरल कांग्रेस के लिए बड़ी राहत लेकर आ सकता है। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद से अब तक आधा दर्जन राज्यों में चुनाव हो चुके हैं और कांग्रेस को अच्छी खबर कहीं से नहीं मिली। जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला सरकार ने कांग्रेस को हाशिए पर रखा। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार में जरूर प्रतिनिधित्व मिला, लेकिन इकबाल नहीं मिला। जबकि हरियाणा, महाराष्ट्र बिहार और दिल्ली में भाजपा और राजग ने बाजी मार ली। तमिलनाडु में एमके स्टालिन को सत्ता से बाहर करने की कोशिश कर रहे विपक्षी दलों का भरोसा इस पर टिका है कि एंटी इनकंबेंसी काम कर जाएगी। यह एक फैक्टर तो है, पर चुनाव के लिए जिस नेतृत्व की जरूरत होती है, वह फिलहाल उस अन्नाद्रमुक में नहीं दिख रहा, जो राजग का नेतृत्व करेगा। सिने स्टारों की इस राज्य में धमक होती है और इस बार विजय के साथ राज्य के युवा दिख रहे हैं, पर यदि वे ही एंटी इनकंबेंसी वोट ले गए तो स्टालिन की राह आसान हो जाएगी। भाजपा के लिए यह शुभ नहीं होगा, क्योंकि केरल की तरह पार्टी यहां भी भविष्य का आधार रखना चाह रही है। 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले देश में परिसीमन भी हो जाएगा, सीटों की संख्या में बढ़ोतरी भी हो जाएगी और महिला आरक्षण भी लागू हो जाएगा, इसलिए एसआईआर के साथ होने वाले इन चुनावों का असर दूर तक दिखेगा।

# संवेदनशील दृष्टिकोण का प्रतीक है केन्द्र का निर्णय

**कांतिलाल मांडोत**

पश्चिम एशिया में जारी महासंग्राम ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को झकझोर कर रख दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल ने अनेक देशों के सामने गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। अमेरिका से लेकर यूरोप तक आम नागरिक महंगे पेट्रोल डीजल का बोझ झेलने को मजबूर हैं। कई देशों में कीमतों में भारी वृद्धि के कारण महंगाई चरम पर पहुंच चुकी है और लोगों के दैनिक जीवन पर इसका गहरा प्रभाव पड़ा है। ऐसे कठिन समय में भारत सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है जिसने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता जनता को राहत देना है न कि बोझ बढ़ाना। भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों को स्थिर बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार ने उत्पाद कर में प्रति लीटर दस रुपये की कटौती का बड़ा फैसला किया है। यह कदम केवल एक आर्थिक निर्णय नहीं बल्कि एक संवेदनशील शासन दृष्टिकोण का प्रतीक है। जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें सत्तर डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर एक सौ बाईस डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं तब इस तरह की राहत देना आसान नहीं होता। इसके बावजूद सरकार ने यह जोखिम उठाया ताकि आम आदमी पर महंगाई की मार न पड़े। यह निर्णय यह भी दर्शाता है कि सरकार का अभिगम पूरी तरह जनतालक्षी है। सरकार यह समझती है कि ईंधन की कीमतों का सीधा असर हर वस्तु और सेवा पर पड़ता है। यदि पेट्रोल डीजल महंगा होगा तो परिवहन लागत बढ़ेगी और उसके साथ ही खाद्यान्न से लेकर दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी महंगी हो जाएंगी। इस स्थिति से बचाने के लिए सरकार ने अपने राजस्व में कटौती सहने का रास्ता चुना। अनुमान है कि इस फैसले से सरकार को हर पंद्रह दिनों में हजारों करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार उठाना पड़ेगा। इसके बावजूद यह निर्णय लिया गया क्योंकि प्राथमिकता जनता की राहत है। सरकार ने केवल कर में कटौती ही नहीं की बल्कि ऊर्जा आपूर्ति को बनाए रखने के लिए भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को बढ़ाकर सत्तर प्रतिशत तक करने का निर्णय इसका एक बड़ा उदाहरण है। इससे उद्योगों को आवश्यक ऊर्जा उपलब्ध होगी और उत्पादन पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। विशेष रूप से स्टील ऑटोमोबाइल और टेक्सटाइल जैसे श्रम आधारित उद्योगों को इसका लाभ मिलेगा। इससे रोजगार के अवसर सुरक्षित रहेंगे और आर्थिक गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी।

आज जब दुनिया के कई देश ईंधन की कमी से जूझ रहे हैं तब भारत में पर्याप्त भंडार बनाए रखना भी सरकार की दूरदर्शिता को दर्शाता है। देश के पास साठ दिनों से अधिक का पेट्रोलियम भंडार उपलब्ध है। यह स्थिति आम नागरिकों में विश्वास पैदा करती है और घबराहट को रोकती है। सरकार ने बार बार यह स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोल डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है और लोगों को अनावश्यक रूप से भंडारण करने की आवश्यकता नहीं है। इस पूरे परिदृश्य में एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आता है और वह है अफवाहों पर नियंत्रण। संकट के समय अफवाहें स्थिति को और बिगाड़ सकती हैं। कुछ स्थानों पर पेट्रोल पंपों पर भीड़ देखी गई लेकिन सरकार ने तुरंत स्पष्ट किया कि यह घबराहट बेबुनियाद है। ऊर्जा आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी भी प्रकार का लॉकडाउन या प्रतिबंध लागू करने की कोई योजना नहीं है। इस तरह के स्पष्ट संदेश से जनता में विश्वास कायम हुआ है। सरकार के इस दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि उसने केवल वर्तमान संकट को संभालने पर ही ध्यान नहीं दिया बल्कि भविष्य की संभावित चुनौतियों के लिए भी तैयारी की है। निर्यात पर अतिरिक्त शुल्क लगाने का निर्णय इसी दिशा में एक कदम है। इससे देश के भीतर पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और घरेलू बाजार में स्थिरता बनी रहेगी। यह निर्णय उद्योग और उपभोक्ता दोनों के हितों को संतुलित करने का प्रयास है।

# सरपंच ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मन

## माखनाखेड़ली ग्राम पंचायत हुआ कार्यक्रम



**श्योपुर ।** माखना खेड़ली ग्राम पंचायत में सरपंच नागेंद्र सिंह द्वारा आयोजित ÷प्रतिभा सम्मान समारोह÷ प्रेरणादायक और सराहनीय पहल के रूप में सामने आया। इस कार्यक्रम में शामिल होना गर्व का विषय रहा। समारोह के दौरान कक्षा 5वीं और 8वीं में उत्तीर्ण हुए मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया, जिससे उनका उत्साह बढ़ा और अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना रहा। इस पहल से न केवल विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा, बल्कि अभिभावकों में भी शिक्षा के महत्व को लेकर सकारात्मक संदेश गया। सरपंच नागेंद्र सिंह के शिक्षा के प्रति समर्पण और सकारात्मक सोच कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से झलकी। ग्राम पंचायत की यह पहल अन्य गांवों के लिए भी एक आदर्श बन सकती है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर बेहतर होगा और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए नई दिशा मिलेगी।

# कूनो में जन्मी यहीं पली- बढ़ी 3 साल की मुखी



**समय जगत, श्योपुर ।** श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क की मादा चीता मुखी ने रविवार को अपने जीवन के तीन साल पूरे कर लिए। भारत में जन्मी पहली मादा चीता के रूप में मुखी अब चीता पुनर्स्थापन परियोजना की सबसे बड़ी उम्मीद बनकर उभरी है। मुखी का जन्म मार्च 2023 में उस समय हुआ था, जब नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों को कूनो में बसाने की प्रक्रिया चल रही थी। उस दौरान नए माहौल, मौसम और स्वास्थ्य से जुड़ी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

जन्म के बाद मुखी की शुरुआत बेहद कठिन रही। उसकी मां 'ज्वाला' ने उसे छोड़ दिया था, जबकि उसके भाई-बहन तेज गर्मी के कारण जीवित नहीं रह पाए। ऐसे हालात में वन विभाग की टीम ने मुखी को बचाया और लगातार निगरानी में रखकर उसे पाला। यही कारण है कि आज उसे कूनो की सबसे मजबूत चीता माना जाता है। समय के साथ मुखी ने खुद को पूरी तरह जंगल के माहौल में ढाल लिया है। अब वह एक स्वस्थ वयस्क चीता है और शिकार करने में भी माहिर हो चुकी है। वन अधिकारियों के अनुसार, उसका व्यवहार इस बात का संकेत है कि कूनो का वातावरण चीतों के लिए अनुकूल साबित हो रहा है।

**नवंबर 2025 में पांच शावकों को दिया था जन्मः** मुखी ने 33 महीने की उम्र में नवंबर 2025 में पांच स्वस्थ शावकों को जन्म दिया। यह भारत में चीतों की दूसरी पीढ़ी की शुरुआत मानी जा रही है। खास बात यह है कि मुखी अपने शावकों की देखभाल खुद कर रही है, जो जंगल में किसी भी प्रजाति के टिके रहने के लिए बेहद जरूरी है।

### इनका कहना है–

मुखी की कहानी पूरे प्रोजेक्ट के लिए मील का पत्थर है। कठिन परिस्थितियों में उसका जीवित रहना और अब मां बनना यह दिखाता है कि कूनो का इकोसिस्टम चीतों के लिए अनुकूल है।

उत्तम कुमार शर्मा, प्रोजेक्ट चीता के डायरेक्टर

# कचरा डालने की बात को लेकर हुआ विवाद, महिला समेत तीन घायल

**समय जगत, श्योपुर ।** कोतवाली थाना क्षेत्र के भोई मोहल्ला वार्ड क्रमांक 20 में कचरा डालने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक झगड़े में बदल गया। इस घटना में एक महिला समेत तीन लोगों के साथ मारपीट की गई, जिसमें महिला के हाथ में फैक्चर भी आया है। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, 20 फरवरी 2026 की शाम करीब 4ः30 बजे भारती बाथम अपने घर पर थी। उसी मकान में रहने वाले सुधाकर चौहान से कचरा डालने को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर सुधाकर ने गाली-गलौज करते हुए भारती पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे उसके दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे भाई अनिल बाथम के साथ भी मारपीट की गई। इस दौरान मनीषा और अपूर्वा भी मौके पर पहुंच गईं और दोनों ने लात-घूंसों से हमला किया। बाद में जब पीड़ित परिवार जिला अस्पताल पहुंचा, तब वहां भी दिवाकर और ऊषा देवी ने मारपीट कर दी। घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसमें भारती के हाथ में फैक्चर की पुष्टि हुई है। पुलिस ने जांच, बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पांचों आरोपियों सुधाकर चौहान, मनीषा, अपूर्वा, दिवाकर और ऊषा देवी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रक्तदान है विशेष महत्वपूर्ण, इससे व्यक्ति को मिलता है जीवनः राहुल ढेडे

## शहीदों के परिजनों के हस्ताक्षर वाला सम्मान पत्र पाकर नम हुई रक्तदाताओं की आंखें



**आमला ।** अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के 95वें शहीद दिवस पर रविवार को आमला की धरा पर सेवा और संवेदना का एक दुर्लभ संगम देखने को मिला। अवसर था जन सेवा कल्याण समिति और बचपन प्ले स्कूल द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर का। यह आयोजन केवल एक रक्तदान शिविर नहीं, बल्कि उन शहीदों और समाजसेवियों के प्रति एक भावनात्मक श्रद्धांजलि बन गया, जिन्होंने अपना जीवन दूसरों के लिए समर्पित कर दिया। भीमनगर स्थित बचपन प्ले स्कूल में आयोजित इस %रक्तदान के महाकुंभ% में 165 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

यह शिविर स्वर्गीय पंकज उसरेठे (जिन्हें नगर %खून वाले बाबा% के नाम से जानता है) और स्वर्गीय शशि टिकारे की पावन स्मृति में आयोजित किया गया। शिविर की सबसे भावुक कर देने वाली तस्वीर तब दिखी जब रक्तदाताओं को उन अमर शहीदों के परिजनों द्वारा हस्ताक्षरित विशेष सम्मान पत्र और ट्रॉफी भेंट की गई। अपने हाथों में शहीदों के परिवार का आशीर्वाद पाकर कई युवाओं की आंखें नम हो गई और उनका सीना गर्व से चौड़ा हो गया।

**नारी शक्ति का जज्बाः पहली बार रक्तदान कर तोड़ी झिझक, 20 बार दान करने वाले रक्तवीरों का भी हुआ सम्मानः** शिविर में केवल युवा ही नहीं, बल्कि नारी शक्ति का भी अद्भुत उत्साह देखने को मिला। कई महिलाओं ने पहली बार सुई के डर को पीछे छोड़कर केवल इसलिए हाथ आगे बढ़ाया कि उनका रक्त किसी का जीवन बचा सके। शिविर में नगर के वे 20 अनुभवी रक्तदाता भी पहुंचे, जो अब तक 20 से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं। समिति ने इन मौन साधकों का विशेष सम्मान किया, जो सालों से बिना किसी प्रचार के मानवता की सेवा कर रहे हैं।

**राहुल धेण्डे बोले- शहीद दिवस पर युवाओं का जुटना प्रमाण है कि नई पीढ़ी में सेवा भाव जीवित हैः** जन सेवा कल्याण समिति के अध्यक्ष राहुल धेण्डे ने इस मौके पर युवाओं को संबोधित करते हुए भावुक स्वर में कहा, ÷रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, क्योंकि यह सीधे किसी को जीवनदान देता है। आज शहीद दिवस पर इतनी बड़ी संख्या में युवाओं का जुटना इस बात का प्रमाण है कि हमारी नई पीढ़ी में अपने देश और शहीदों के प्रति गहरा सम्मान और सेवा भाव आज भी जीवित है।÷ जनसेवा कल्याण समिति उपाध्यक्ष अनिल सोनपुरे और समिति के अमित यादव ने भी सभी रक्तवीरों के इस हौसले को सलाम किया।

**संकल्पः रक्त की कमी से अब किसी की जान नहीं जाने देंगे : सागर सिंह चौहान नीरज बारसकर :** समिति के सक्रिय सदस्य सागर सिंह चौहान, नीरज बारसकर ने संस्था के अटूट संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य क्षेत्र में रक्त की कमी के कारण होने वाली असामयिक मौतों को शून्य पर लाना है। संस्था के वॉलंटियर चौबीसों घंटे इस मिशन में जुटे रहते हैं।

# श्री देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण और हितलाभ वितरण का कार्यक्रम संपन्न

**समय जगत, जबलपुर ।** उप मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में आज संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण और हितग्राहियों को हितलाभ वितरण का कार्यक्रम भंवरताल के समीप संस्कृति थियेटर में आयोजित हुआ। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि कभी-कभी कुछ कार्यक्रम संख्यात्मक दृष्टि से बड़े होते हैं, किन्तु कुछ कार्यक्रम गुणात्मक व भावात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे ही आज का कार्यक्रम है जिसमें वरिष्ठजनों व वृद्धजनों के कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र और समाज का मुख्य उद्देश्य लोगों के दुखों को दूर करना है। सरकार जनता की भला के लिए होती है। सरकार का राजधर्म है कि वे जनता के हर कष्टों को संवेदनशीलता के साथ दूर करें। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों के इलाज का प्रबंध के लिए आयुष्मान योजना अंतर्गत पांच लाख रूपये तक निःशुल्क व्यवस्था है। उनके आवास की चिंता भी सरकार करती है, इसके साथ-साथ जनता की हर आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी है। साथ ही कहा कि सभी जनप्रतिनिधि व अधिकारी जनकल्याण को ईश्वरीय कार्य समझकर करें। उन्होंने कहा कि जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं उसकी फार्मेल्टी पूरी कर उसे बनवाना सुनिश्चित करें। सभा के दौरान जल गंगा अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मिकी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद देकर सभी के स्वस्थ्य होने की कामना की और कहा कि मध्यप्रदेश में दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं की कोई कमी नहीं होगी। सांसद श्री आशीष दुबे ने कहा कि 2014 के बाद केन्द्र व राज्य में संकल्पित सरकार है, जो गरीब, किसान, युवा व महिलाओं के साथ दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने राष्ट्रीय वयोश्री योजना जैसी कल्याणकारी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इसके अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण प्रदान किये जाते है।

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई : दुर्लभ प्रजाति के खैर की तस्करी कर रहा ट्रक बिजुरी में हुआ जब्त



**पुनीत कुमार सेन, कोतमा ।** अनूपपुर जिले में दुर्लभ प्रजाति के खैर (कत्था) के पेड़ों की अवैध कटाई और तस्करी के खिलाफ वन विभाग ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। वन परिक्षेत्र बिजुरी की गश्ती दल ने शनिवार रात घेराबंदी कर खैर की लकड़ियों से लदे एक ट्रक को पकड़ा है, जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 28 मार्च (शनिवार) की रात वन परिक्षेत्र अधिकारी बिजुरी, पवन ताम्रकार के मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम क्षेत्र में रात्रि गश्ती पर थी। इसी दौरान रात लगभग 9 बजे मौहरी गोढहा और बसखली की ओर से एक संदिग्ध ट्रक (क्रमांक ॥क्र69-क्क6524) तेज गति से आता दिखाई दिया। कोतमा बीट के बसखली गांव के पास जब टीम ने टॉर्च के सहारे ट्रक को रुकने का इशारा किया, तो चालक वाहन खड़ा कर घने अंधेरे का लाभ उठाते हुए जंगल की ओर भाग निकला जब वन विभाग की टीम ने ट्रक की तलाशी ली, तो उसमें बक्कल सहित छोटे-छोटे टुकड़ों में कटी हुई लगभग 5 घन मीटर दुर्लभ खैर की लकड़ी पाई गई। दस्तावेजों की जांच में फरार चालक की पहचान मोहम्मद हारुन (33 वर्ष), निवासी मुंडीगढ़ी, जिला करनाल (हरियाणा) के रूप में हुई है। विभाग ने ट्रक और अवैध लकड़ी को जब्त कर वन परिक्षेत्र कार्यालय बिजुरी के परिसर में सुरक्षित खड़ा करवा दिया है। सूत्रों के अनुसार, अनूपपुर और पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के जिलों में खैर की तस्करी का एक बड़ा जाल फैला हुआ है। तस्कर ग्रामीणों की मदद से पेड़ों की अवैध कटाई कर उन्हें बाहरी राज्यों में खपा रहे हैं। इस मामले में अनूपपुर तहसील के ही एक गांव के %मुख्य तस्कर% का नाम सामने आने की प्रबल संभावना है, जिसकी पुष्टि के लिए विभाग सूक्ष्मता से जांच कर रहा है।

**इन अधिकारियों की रही सराहनीय भूमिकाः** इस सफल कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक सतीश कुमार बैगा, ज्ञानचंद नागेश (निगवानी), वनरक्षक आशीष पांडेय, अनिल कुमार साय, अनिल केवट, सुनील बैगा, सत्यनारायण उपाध्याय, शैलेंद्र पटेल, शुभम गुप्ता और लालमन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पवन ताम्रकार, वन परिक्षेत्र अधिकारी, बिजुरी ने बताया कि आरोपी चालक के विरुद्ध वन अपराध और अवैध परिवहन की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर फरार आरोपियों और तस्करी के मुख्य नेटवर्क की तलाश जारी है।

# जंगल मे पड़ी दवाओं को लेकर गयी इंदौर की टीम

## आखिर कौन से अस्पताल से फ़ेंकी गयी इतनी भारी मात्रा में मेडिसिन?



**राकेश अजमेरा, खातेगांव।** कन्नौद के नांदोन के जंगल में पड़ी हुई मेडिसिन इंजेक्शन बोतल सीरीज दवाई टैबलेट्स को इंदौर से आये वाहन के माध्यम से शनिवार रविवार को उठा लिया गया, मामला इयना गंभीर है कि आखिर इतनी भारी मात्रा मे मेडिसिन का उपयोग कर जंगल मे किसने फ़ेंकी, और यह मेडिसिन कोनसे अस्पताल से फ़ेंकी गयी, इंजेक्शन, बॉटल, दवाई, टेबलेट्स, जिस डॉ ने जिस क्लिनिक पर इनका उपयोग किया क्या उस डॉ को इनके उपयोग करने कि अथॉरिटी थी, कोनसे डॉ ने इन इंजेक्शन बॉटल का मरीजों पर इस्तेमाल किया गया और नष्ट करने के वजय जंगल मे खुले मे फ़ेंकी गयी उसपर आग जलाई गयी क्या जंगल मे फेंकना और उसपर जंगल मे आग जलाने कि परमिशन थी, मामले मे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और ड्रग इंस्पेक्टर भी अपनी चुप्पी साधे बैठे है

वही सूत्रों की माने तो यह वेस्टेज मेडिसिन किसी प्रायवेट क्लिनिक कि बताई जा रही है, अब देखना होगा इस मामले मे स्वास्थ्य विभाग और ड्रग इंस्पेक्टर कहा तक कार्रवाई करते हैं।

# कांग्रेस सेवादल ने राजनगर में आयोजित किया प्रभात फेरी व ध्वज वंदन एवं कार्यकर्ता सम्मेलन

## सर्वप्रथम राजनगर के प्रमुख मार्गो में निकाली प्रभात फेरी एवं मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान ने किया राष्ट्रीय ध्वज का आरोहण तथा आयोजित हुआ कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ता सम्मेलन



**कोतमा।** कांग्रेस सेवादल विधानसभा क्षेत्र कोतमा के ब्लॉक इकाई राजनगर एवं ब्लॉक इकाई बिजुरी के संयुक्त तत्वावधान में राजनगर में प्रभात फेरी व ध्वज वंदन कार्यक्रम एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अथिति के रूप जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में सेवादल जिलाध्यक्ष डॉ एहसान अली उपस्थित रहें। सर्वप्रथम सेवादल के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रभात फेरी निकालकर देश भक्ति का संदेश दिया गया और कार्यक्रम स्थल पर मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान द्वारा हमारे देश के राष्ट्रीय ध्वज का रोहण किया गया। तत्पश्चात सेवादल के रवि मिलन कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित अतिथियों द्वारा सेवादल यंग ब्रिगेड नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष रवि प्रसाद कोल को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, उपस्थित कांग्रेस जनों ने नवीन दायित्व हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस दौरान मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनूपपुर श्याम कुमार गुड्डू चौहान, सेवादल जिलाध्यक्ष एहसान अली जिला पंचायत सदस्य राम जी रिंकू मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजनगर, कोतमा एवं समस्त सेवादल पदाधिकारीगण, कांग्रेस के सभी वरिष्ठ पदाधिकारीगण, पार्षदगण एवं समस्त कांग्रेस विंग के पदाधिकारीगण और कांग्रेस कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# जेल से अस्पताल तक वीआईपी सफरः अंबिकापुर में कैदी को खुली छूट, दो जेल प्रहरी निलंबित



**आनंदशर्मा- समय जगत अंबिकापुर।** यह कहानी किसी फिल्म की स्क्रिप्ट जैसी लग सकती है, लेकिन हकीकत इससे कहीं ज्यादा चौंकाने वाली है। एक सज़ायाफ्ता कैदी, जेल की सलाखों के पीछे रहने के बजाय अस्पताल के वार्ड में वीआईपी जिंदगी जी रहा था-और पूरा सिस्टम मानो मूकदर्शक बना हुआ था। मनेंद्रगढ़ का रहने वाला 61 वर्षीय गुरबख्श सिंह छाबड़ा जो धारा 147,148,149 और 307 के तहत सजा काट रहा है, अचानक सुर्खियों में आ गया। कहा जाता है कि उसने खुद को जिला मनेंद्रगढ़ जेल से केंद्रीय जेल अंबिकापुर ट्रांसफर करवाया। उस वक्त यह एक सामान्य प्रक्रिया लगी, लेकिन असली कहानी तो जेल पहुंचने के बाद शुरू हुई।

बीमारी का एंट्री पासः कैद्रीय जेल अंबिकापुर में कदम रखते ही कैदी ने बीमारी का सहारा लिया। जेल के डॉक्टर विजय प्रताप ने उसे गंभीर बीमारी का प्रमाण पत्र दे दिया। यही सर्टिफिकेट उसकी वी आई पी एंट्री का पास बन गया और उसे सीधे मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जेल वार्ड में भर्ती कर दिया गया।

वार्ड बना आरामगाह, अब कहानी ने असली मोड़ लियाः जहां एक आम कैदी को कड़ी निगरानी में रखा जाता है, वहीं यहां हालात बिल्कुल अलग थे- परिजनों को अटेंडेंट बनाकर साथ रहने की अनुमतिः आने-जाने पर कोई खास रोक-टोक नहीं मोबाइल फोन का उपयोग मनपसंद खाना-पीना हर तरह की स्पेशल सुविधाएं धीरे-धीरे अस्पताल का जेल वार्ड किसी वीआईपी लाउंज में तब्दील हो गया, जहां नियमों का कोई डर नहीं था।

खुली पोल, जब पहुंचे अधीक्षकः लगातार मिल रही शिकायतों ने आखिरकार जेल प्रशासन को हरकत में ला दिया।शनिवार को जेल अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत अचानक निरीक्षण के लिए अस्पताल के जेल वार्ड पहुंचे।जो उन्होंने देखा, उसने पूरे मामले की सच्चाई सामने ला दी डयूटी पर तैनात प्रहरी जयप्रकाश कुजूर और लोकनाथ निषाद अपनी जिम्मेदारियों में लापरवाह पाए गए।एक प्रहरी ड्यूटी छोड़ने की तैयारी में था, तो दूसरा समय पर मौजूद नहीं था। तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों को निलंबित कर दिया गया।

सवाल जो अभी बाकी हैं : कहानी यहीं खत्म नहीं होती, बल्कि कई सवाल खड़े कर जाती है-क्या मेडिकल सर्टिफिकेट का दुरुपयोग हुआ?

क्या रसूख के दबाव में नियमों को नजरअंदाज किया गया?

आखिर कैसे एक कैदी को इतनी खुली छूट मिल गई?

अंतिम बात यह है कि अंबिकापुर का यह मामला सिर्फ एक कैदी की कहानी नहीं, बल्कि उस सिस्टम की हकीकत दिखाता है, जहां अगर निगरानी कमजोर हो जाए तो कानून के दायरे भी वी आई पी ट्रीटमेंट में बदल जाते हैं। अब सबकी नजर इस पर है कि इस कहानी का अगला अध्याय क्या होगा।

# डिप्टी सीएम ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों कर्मचारियों के साथ रानीताल में किया श्रमदान

## जल संरक्षण के लिए उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कदम बढ़ाने आम जनमानस से भी की अपील



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने आज जबलपुर प्रवास के दौरान शासन के महत्वाकांक्षी 'जल गंगा संवर्धन अभियान' में सक्रिय सहभागिता की। ऐतिहासिक रानीताल तालाब पहुँचकर उन्होंने न केवल श्रमदान किया, बल्कि उपस्थित जनसमूह को जल स्त्रोतों के संरक्षण और उनके जीर्णोद्धार का संकल्प भी दिलाया।

**श्रमदान से दिया स्वच्छता का संदेशः** अभियान के दौरान उपमुख्यमंत्री ने स्थानीय गणमान्यजनों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ मिलकर तालाब परिसर की सफाई की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और हमारे पारंपरिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए आह्वान किया कि जल संरक्षण केवल अभियान नहीं, बल्कि एक पुनीत सामाजिक कर्तव्य है।

**नागरिकों से सहभागिता की अपीलः** उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेश के नागरिकों से अपील की कि वे अपने आस-पास के नदी, तालाबों और कुओं को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने जोर देकर कहा कि ÷जल संचयन और संरक्षण÷ के माध्यम से ही हम आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और हरा-भरा भविष्य दे पाएंगे।उन्होंने एक नारा देते हुए कहा कि जब जन-जन जुड़ेगा, तभी जल बचेगा। रानीताल की यह स्वच्छता और संकल्प जबलपुर के जल संरक्षण की दिशा में एक नया मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, आशीष दुबे, विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय, अशोक ईश्वरदास रोहाणी, सुशील तिवारी इन्दू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती रजनी कैलाश साहू, डॉ. सुभाष तिवारी, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, विवेक राम सोनकर, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने भी श्रमदान कर स्वच्छता और जल संचयन का संकल्प लिया।

# बकायादार भर दे बिल नहीं तो होगी कठोर कार्यवाही : तिवारी

## ततैया टीम ने की बकायादारों पर की कार्यवाही



**समय जगत, धौलपुर ।** जेवीवीएनएल अधीक्षण अभियंता विवेक शर्मा के निर्देशन में सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने उपखंड राजाखेड़ा में वित्तीय वर्ष के राजस्व लक्ष्य को पूरा करने के लिए बकाया वसूली करने के लिए कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल के राजाखेड़ा ग्रामीण एरिया में 3 ट्रांसफॉर्मर 3.80 लाख की बकाया पर उतार कर स्टोर कार्यालय में जमा किए, और 35 कनेक्शन करीब 20 लाख की बकाया पर डीसी किए गए,इसके साथ ही डीसी पीडीसी परिसर चेक किए गए जिनकी मौके पर विद्युत सप्लाई चालू मिलने पर 12 वीसीआर भर कर कार्यवाही की गई ।कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा शहर के एरिया में डीसी पीडीसी परिसर चेक किए गए और बकाया बिल को जमा करने का तगादा किया गया ,साथ 28 विद्युत कनेक्शन करीब 8 लाख की बकाया पर डीसी किए गए,कनिष्ठ अभियंता रणवीर सिंह मूंड के मरैना एरिया में 48 विद्युत कनेक्शन करीब 28 लाख की बकाया राशि पर डीसी किए गए, साथ ही गांव गांव जाकर लोगों को बिल जमा करने का तगादा किया गया साथ ही बकायादारों से मौके पर ही 7 लाख के बिल जमा करवा कर रसीद दी गई ।सहायक अभियंता तिवारी ने मौके पर मौजूद लोगों से कहा कि विद्युत उपभोक्ता समय से बिल जमा कराएं जिस से राजस्व संग्रह कार्य आवश्यक बाधा न आए,समय से बिल जमा कर विभाग का सहयोग करे।जिन लोगों के भर में अभी विद्युत कनेक्शन नहीं हैं वे पत्रावली लगा कर हाथों हाथ कनेक्शन लेवे। और ईमानदारी से विद्युत उपभोग करें।इसके साथ ही कोई भी व्यक्ति विद्युत तंत्र से छेड़छाड़ न करें, प्रत्येक जीवन महत्वपूर्ण है,अगर विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा हो तो अपने क्षेत्र के फीडर इंचार्ज को या एरिया के कनिष्ठ अभियंता के मोबाइल नंबर पर संपर्क करें।इसके साथ ही सरकार द्वारा जारी प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में पंजीकरण करा कर सोलर संयत्र अपने घर की छत पर लगवा कर योजना का लाभ लेवे।टीम में विशाल जायसवाल,मयंक मिश्रा, रणवीर सिंह मूंड,वरिष्ठ टेक्निशियन अवधेश शर्मा,भूदेव सिंह,वीरेंद्र सिंह,राजवीर सिंह, बालकिशन शर्मा,शमशेर खां,यूनिश खा, शिवनरेश शाहपुरिया,भूदेव प्रसाद,जगदीश सिंह, गोपाल कुशवाह, बंटी खा इत्यादि कर्मचारी उपस्थित थे।

# हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल, इसको गौरवशाली बनाने की हम सब की है जिम्मेदारी: सतीश



**समय जगत, धौलपुर।** जिला प्रशासन एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र के तत्वाधान में पंच गौरव एक जिला एक खेल कार्यक्रम अंतर्गत इंदिरा गांधी स्टेडियम में जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया पारितोषिक वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कोषाधिकारी सतीश बैसला, विशिष्ट अतिथि मुख्य योजना अधिकारी भरत राव, शैलेंद्र सिंह बोहरा अध्यक्ष जिला हॉकी संघ, अध्यक्षता जिला खेल अधिकारी अशोक कुमार द्वारा की गई। अपने उद्बोधन में बोलते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश बैसला ने खिलाड़ियों को श्रेष्ठ खेल कौशल के प्रदर्शन की बात कही और पंच गौरव में चयनित हॉकी खेल को राजस्थान एवं देश के अंदर ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और बताया जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न ब्लॉकों में चयनित हॉकी के प्रशिक्षण केंद्र और खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन किट और उपकरण राज्य सरकार के द्वारा प्रदान किए जाएंगे खिलाड़ी अपने खेल का श्रेष्ठ प्रदर्शन करें। शैलेंद्र सिंह बोहरा अध्यक्ष हॉकी संघ धौलपुर ने कहा हॉकी का धौलपुर का सुनहरा इतिहास रहा है और यह सभी युवा खिलाड़ी उसे सुनहरे दौर को पुन वापस लेकर आएंगे। जिला खेल अधिकारी अशोक कुमार के द्वारा पंच गौरव में चयनित हॉकी खेल के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला एवं खिलाड़ियों को हॉकी खेल की गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया और राजस्थान सरकार के द्वारा जो भी सुविधा खिलाड़ियों को प्रदान की जा रही है उसके बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन अनिल मिश्रा विद्यार्थी सचिव जिला ओलंपिक संघ द्वारा किया गया। इस अवसर पर अजय बघेल पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी हॉकी संजीव झा बोली भाजपा पदाधिकारी रितेश सक्सेना अमृतलाल प्रह्लाद अग्रवाल जिला फुटबाल संघ के सचिव संदीप राणा जिला बैडमिंटन संघ के सचिव मोहम्मद जाकिर हुसैन हॉकी कोच योगेश कुमार थापा अंशुल राणा प्रवेश परमार कोच अमृतलाल रामेश्वर इरशाद मिर्जा फारूक बैग मिर्जा खादिम बैग आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय सेवा योजना से छात्र-छात्राओं को मिलती है राष्ट्र सेवा की प्रेरणा : लेफ्टि प्रो सुशील बाबू

**समय जगत, महोबा ।** वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का आज विधिवत समापन हो गया मुख्य अतिथि लेफ्टि प्रो सुशील बाबू क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी चित्रकूट धाम मंडल झांसी ने छात्र-छात्राओं से कहा कि विशेष शिविर से राष्ट्र सेवा की प्रेरणा मिलती है तथा छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है राष्ट्रीय सेवा योजना से कर्तव्य पालन की सीख मिलती है इससे स्वयं का विकास कर राष्ट्र सेवा हेतु तत्पर रहने की आवश्यकता है एन एस एस से अनुशासन में रहने की सीख मिलती है इससे पूर्व चारों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों ने 7 दिन की आख्या प्रस्तुत की तथा स्वयं सेवी छात्र-छात्राओं ने विशेष शिवर के अपने अनुभव साझा किया कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सुनीता जी ने छात्र-छात्राओं से कहा कि निरक्षर को साक्षर बनाना समाज में जागरूकता फैलाना राष्ट्रीय सेवा योजना की एक अच्छी पहल है कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राम बिहारी पांडे, डॉ महेंद्र सिंह, डॉ सोवित कुमार गुप्ता डॉ एस एस राजपूत एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक,डॉ डीके खरे, डॉ शक्ति सक्सेना, शैलेश तिवारी, डॉ के सी वर्मा सहित स्वयं सेवी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### महोबा निवासी सिद्धांत शक्ति का घर पहुंचने पर किया गया जोरदार स्वागत

**महोबा ।** झारखंड की राजधानी राँची में आयोजित सेपकटाकरा नेशनल सब जूनियर चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर यूपी की टीम को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने वाले महोबा निवासी सिद्धांत शक्ति का घर पहुँचने पर जोरदार स्वागत किया गया, सिद्धांत के परिवार व उनके चाहने वालों ने गाजे बाजे और आतिशबाजी कर फूल मालाएँ पहनाकर बधाई दी, साथ ही सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया 7 आपको बता दें कि शहर के बंधानवार्ड मुहाल निवासी सिद्धांत शक्ति कुलपहाड़ कस्बे के रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल में दसवीं का छात्र है, सिद्धांत की इस सफलता पर उनके कोच शिक्षक व विद्यालय के बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है 7 और अन्य छात्र भी अपनी प्रतिभा व मेहनत के दम पर एक बड़ा मुकाम हासिल करने के लिए सिद्धांत से प्रेरणा ले सकेंगे 7 सिद्धांत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, परिवार, कोच व शिक्षकों को दिया है ।

### रोटी बैंक की महिला टीम के द्वारा लगभग एक सैकड़ा मरीजों को फल,बिस्कुट आदि का अस्पताल में किया गया वितरण

**बांदा ।** दिनाँक 29 मार्च को बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा साहब और सह संरक्षक चंद्रमौली भारद्वाज जी के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की महिला टीम की सोशल मीडिया प्रभारी रिचा रैकवार की अध्यक्षता में महिला टीम की उपाध्यक्ष श्रीमती तरन्नुम फ़ात्मा के नेतृत्व में महिला टीम के सहयोग से महिला जिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 श्रीमती सुनीता सिंह जी के निर्देशन में,डॉ0 श्रीमती प्रतीक्षा गुप्ता जी की उपस्थिति में, जिला महिला अस्पताल स्टाफ़ के विशेष सहयोग से, महिला टीम के द्वारा हर माह की तरह इस बार भी महिला जिला चिकित्सालय बाँदा के मरीजों और तीमारदारों को फल,बिस्किट आदि का वितरण किया गया ।इसके साथ ही महिला टीम की सदस्य शहाना खान के द्वारा मरीजों को उनके मौलिक अधिकारों तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया ।उक्त फल,बिस्किट आदि पाकर मरीज़ों और उनके तीमारदारों ने बाँदा रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद और दुआओं से नवाज़ा ।उक्त फल वितरण कार्यक्रम में निम्न पदाधिकारियों,सदस्यों,समाजसेवियों ने मरीज़ों और उनके तीमारदारों को सेवा प्रदान की ।रिज़वान अली संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष,मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी,कोषाध्यक्ष रेणुका गुप्ता,उप शाखा प्रमुख छिप्तहरी अलीमुद्दीन,शहाना खान, नसीर खान,निहाल खान, मोहम्मद यूनुस, महिला सुरक्षा गार्ड अनीता देवी आदि।

### आईसीटी की पाठशाला ने दिलाई गौरैया संरक्षण की शपथ

**समय जगत हमीरपुर ।** लुप्त होती गौरैया के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'विश्व गौरैया दिवस' के अवसर पर 'आईसीटी की पाठशाला' द्वारा एक विशेष ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थापक एवं स्टेट आईसीटी अवॉर्डी शिक्षक इंजीनियर शेखर यादव ने किया। कार्यक्रम के अंतर्गत ऑनलाइन क्विज़ एवं गौरैया संरक्षण हेतु शपथ अभियान चलाया गया, जिसमें कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सिलौली, मौदहा के लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। बच्चों ने न केवल क्विज़ में अपनी भागीदारी दर्ज कराई, बल्कि गौरैया के संरक्षण हेतु शपथ लेकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभाने का संकल्प लिया। सहायक अध्यापक हरिमोहन गुप्ता के नेतृत्व में विद्यालय में क्विज आयोजित की गई, हरिमोहन गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के उपसचिव अनिल कुमार यादव जुड़े। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए डिजिटल हस्ताक्षर युक्त ई-सर्टिफिकेट प्रदान किए। बाद में इन प्रमाणपत्रों का प्रिंट निकालकर बच्चों को वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश दिया गया कि छोटे-छोटे प्रयासों से ही गौरैया जैसे महत्वपूर्ण पक्षी को बचाया जा सकता है। बच्चों ने संकल्प लिया कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में गौरैया के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करेंगे तथा सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। यह पहल न केवल बच्चों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने का एक सराहनीय प्रयास है, बल्कि समाज में गौरैया संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश भी प्रसारित करती है।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा मासिक सैनिक सम्मेलन एवं अपराध समीक्षा गोष्ठी का किया गया आयोजन

**समय जगत, महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व में जनपद महोबा में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं उत्तरदायी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस लाइन सभागार में मासिक सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का विस्तृत आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह सहित जनपद के समस्त थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

**पुलिस कर्मियों की समस्याओं का संवेदनशील अनुश्रवण:** सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पुलिस बल के मनोबल को सुदृढ़ रखने, कार्यक्षमता बढ़ाने तथा कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया।

**त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने पर प्रशंसा:** माह मार्च के दौरान होली, चैत्र नवरात्रि, रामनवमी, रमजान एवं ईद जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्वों को जनपद में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल वातावरण में संपन्न कराए जाने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की सजगता, समन्वय एवं प्रतिबद्धता के कारण जनपद में शांति व्यवस्था कायम रही, जो अत्यंत सराहनीय है। इस अवसर पर कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

**आगामी आयोजनों को लेकर विशेष सतर्कता के निर्देश:** आगामी डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती एवं पंचायत चुनावों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में सघन निगरानी, निरंतर गश्त, खुफिया तंत्र की सक्रियता एवं त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत करने हेतु ठोस रणनीति अपनाने पर जोर दिया गया। साथ ही चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपराध समीक्षा गोष्ठी के दौरान जनपद में घटित विभिन्न आपराधिक घटनाओं का बिंदुवार एवं गहन विश्लेषण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा अपराधियों के विरुद्ध कठोर, प्रभावी एवं निरंतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने लंबित विवेचनाओं के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, वांछित/पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की त्वरित गिरफ्तारी, एवं संगठित अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु संबंधित अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

**मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा पर विशेष फोकस:** बैठक के दौरान मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में जनजागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन, महिला संबंधी शिकायतों का त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण, तथा आपातकालीन सहायता सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित की जाए। साथ ही बीट स्तर तक महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं विश्वास का वातावरण बनाने के निर्देश दिए गए।

**अनुशासन, जवाबदेही एवं प्रोफेशनल पुलिसिंग पर जोर:** पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ करें। जनता के साथ सकारात्मक संवाद, संवेदनशील व्यवहार एवं त्वरित सेवा को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया, जिससे पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके। अंत में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# प्रधानमंत्री की एकजुट व जागरुक रहकर अफवाहों से दूर रहने की अपील

**बांदा ।** जिले के सभी बूथों में भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सम्बोधित मन की बात के 132 वें संस्करण को सुना गया द्य जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने विधानसभा तिंदवारी पैलानी डेरा बूथ में , सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने बाँदा विधानसभा के खुरन्हड स्थित बूथ में , नरैनी विधायक ओममणि वर्मा ने नरैनी स्थित बूथ में मन की बात सुनी द्य जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शहर के बलखंडी नाका स्थित 145 वें बूथ में मन की बात सुनी गई जिसमें मोदी जी ने ज्ञान भारतम पहल और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जैसे अनेक प्रयासों का उल्लेख करते हुए देशवासियों को एकजुट व जागरूक तथा अफवाहों से दूर रहने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किये द्य उन्होंने अपने सम्बोधन में विश्वशांति और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के साथ साथ टी – 20 विश्व कप में भारतीय टीम की ऐतिहासिक विजय का गौरवपूर्ण उल्लेख किया द्य कार्यक्रम में अशोक त्रिपाठी जीतू, गिरिजेश तिवारी, उत्तम सक्सेना, आनंदी साहू, देशराज सिंह, अमित सेठ भोलू, दुर्गा चौरसिया, गोपालचंद अवस्थी, राजेश गुप्ता रज्जन, विश्वप्रकाश श्रीवास्तव, लखन राजपूत, वेद शर्मा, संजीव निगम, दीपक राजपूत, राजा चौहान, सचिन अग्निहोत्री, प्रभात राजपूत आदि मौजूद रहे ।

# पर्यावरण सुरक्षा पर चलाया गया जागरुकता अभियान



**बांदा ।** बुंदेलखंड के बांदा में ग्राम पंचायत जमालपुर में आपदा एवं पर्यावरण सुरक्षा पर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें लोगों को वन संरक्षण, जल संरक्षण, एवं वन्य जीव संरक्षण के साथ भूकम्प, चक्रवात,बाढ़,सूखा,लू जैसी आपदाओं के बारे में वृहद जानकारी देकर जागरूक किया गया, चाइल्ड ट्रस्ट के राज्य समन्वयक महेंद्र सिंह गौतम ने गांव के लोगों से रुबरु होते हुए कहा कि हमें पेड़ों, जंगलों की रक्षा करते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। ग्राम पंचायत की प्रधान रमाकांती शुक्ला ने कहा कि बुंदेलखंड में गर्मियों में पारा 45-50 तक हो जाता है जिससे लू लगने, अत्याधिक गर्म होने से मानव हानि के साथ पशु पक्षी भी काल कवलित होने लगते है। सी.डब्लू.सी.के मेम्बर शम्भू प्रसाद ने कहा कि वर्षा जल को संग्रहीत करने एवं पानी के सही उपयोग करने पर बल दिया जिससे भविष्य में पानी की कमी से बचा जा सके।

पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य चेतना सिंह ने पशु पक्षियों एवं जीव जंतुओं की रक्षा पर बल दिया जिससे जैव विविधता बनी रहे । प्रधान प्रतिनिधि शिवचरण शुक्ला ने कहा कि आपदा अचानक घटने वाली घटना है जिसमें जान-माल की हानि, पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है, गांवो में बहुतायत आग लगने की घटनाओं से आर्थिक नुकसान होता है जिसमें सावधानी से ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता है। अंत में राज्य समन्वयक चाइल्ड ट्रस्ट महेंद्र सिंह गौतम ने राजरानी सिंह की पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण कर इस धरा को हरा भरा करने के लिए प्रेरित किया साथ ही ग्रामीणों को पर्यावरण के महत्व पर व्यापक प्रकाश डाला। इस अवसर पर राममोहन सिंह परिहार, रणबीर सिंह, राजेश सिंह, फूलचंद, सुखलाल वर्मा, रामनरेश सिंह, सोम सिंह गौतम, सनी सिंह, चन्दभाल शुक्ला, पत्रकार जितेंद्र शुक्ला,साधू विश्वकर्मा, ज्ञान सिंह इत्यादि लोगों ने भागीदारी की।

# पनवाड़ी में स्व. दिनेश खरे की 14वीं पुण्यतिथि पर स्मृति समारोह आज

**पनवाड़ी (महोबा) ।** ग्रामीण पत्रकारिता के क्षेत्र में अमिट योगदान देने वाले स्वर्गीय श्री दिनेश खरे जी की 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक भव्य पुण्य स्मृति समारोह का आयोजन कल दिनांक 30 मार्च दिन सोमवार को प्रात : 10 बजे से मुस्कान वाटिका, महोबा रोड, पनवाड़ी में किया जाएगा। यह कार्यक्रम ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, जनपद महोबा की पनवाड़ी इकाई के तत्वाधान में आयोजित हो रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया ने बताया कि स्वर्गीय खरे जी का बुंदेलखंड क्षेत्र में संगठन को सशक्त और संगठित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने न केवल महोबा जनपद में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की मजबूत नींव रखी, बल्कि अपने आदर्शों, नैतिक मूल्यों और समर्पण से पत्रकारिता को नई दिशा प्रदान की। समारोह के दौरान स्वर्गीय खरे जी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही कार्यक्रम में फ्पत्रकारिता में नैष्ठिक मर्यादाफ्र विषय पर एक परिचर्चा भी आयोजित की जाएगी, जिसमें जनपद के पत्रकार अपने विचार एवं अनुभव साझा करेंगे। जिलाध्यक्ष ने जनपद के सभी पत्रकार बंधुओं से विनम्र निवेदन किया है कि वे इस गरिमामय आयोजन में उपस्थित होकर स्वर्गीय दिनेश खरे जी को श्रद्धांजलि अर्पित करें तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए पत्रकारिता के उच्च मानकों को बनाए रखने का संकल्प लें। यह स्मृति समारोह न केवल एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम है, बल्कि पत्रकारिता के मूल्यों, सिद्धांतों और नैतिकता को पुनर्स्मरण करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है।

# 'सृजन एक सोच' ने 10 बच्चों को लिया गोद, उठाएगी शिक्षा का खर्च




**समय जगत , राठ /हमीरपुर।** सृजन एक सोच द्वारा संचालित ग्रामीण प्रतिभा खोज परीक्षा 4.0 सत्र 2025-26 के चौथे बैच के चयनित बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, एसडीएम अभिमन्यु कुमार, सीओ राजीव प्रताप, ब्रजरानी हॉस्पिटल की संचालिका डॉ संतोष सिंह ने किया।

संस्था के विनय गुप्ता ने चयनित छात्रों के विद्यार्थियों को सूची जारी करते हुए बताया कि अभिषेक, अलशिफा मंसूरी, अनुज, दीक्षा, एम.डी. हमीद, राज, राशि, संकेत कुमार साहू, श्रेष्ठ और वेदांश गुप्ता का चयन इस परीक्षा में हुआ है। बताया कि इन सभी विद्यार्थियों को कक्षा 6 से कक्षा 12 तक पूर्णतः निःशुल्क सीबीएसई स्कूलिंग, कोचिंग, मेंटरशिप, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, स्टेशनरी, किताबें और यूनिफॉर्म सहित समस्त शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। इस नए बैच के जुड़ने के साथ अब कुल 57 विद्यार्थी शामिल हो चुके हैं।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के सीईओ रविंद्र गुप्ता ने पिछले पांच वर्षों में किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी शिक्षा के बीच की दूरी को कम करना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने सृजन के कार्यों को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने संस्था को तन, मन और धन से सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित के.जी. अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और बच्चों को गोद लेकर उनकी शिक्षा सुनिश्चित करना एक अनूठी पहल है। संस्था की मेंटर ब्रजरानी हॉस्पिटल की संचालिका डॉ. संतोष ने कहा कि देश में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए शिक्षा सबसे प्रभावी माध्यम है और वह लंबे समय से इस पहल से जुड़ी हुई हैं।

इस अवसर पर उपस्थित पत्रकार बंधुओं का 'कलमकार सम्मान' से सम्मान भी किया गया, जिसका संचालन मीडिया हेड शिवांक ने किया। चयनित विद्यार्थियों के परिवारों में इस उपलब्धि को लेकर खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान आकांक्षा, प्रतीक्षा, नीलेश, ओम प्रजापति, दिव्यांशी, प्रशांत, काजल, मनीष, अंजू व पूजा आदि मौजूद रहे।

# नवोदय परीक्षा में छात्र धनंजय ने फहराया परचम, विद्यालय में हुआ सम्मान



**समय जगत, हमीरपुर ।** नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में क्षेत्र के एक छात्र ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय करेना डेरा विकासखंड सुमेरपुर जिला हमीरपुर के कक्षा 5 के छात्र धनंजय, पुत्र राम प्रकाश, निवासी ग्राम पंचायत गढ़ा माजरा शिवरामपुर, विकासखंड मौदहा ने परीक्षा में 93.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। धनंजय की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। उनकी कड़ी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि उन्होंने इतनी उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उसे प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों और उपस्थित गणमान्य लोगों ने धनंजय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अन्य छात्रों को भी इससे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हनुमान सिंह, प्रधानाध्यापक राम प्रकाश निषाद, सहायक अध्यापक सविता रावत एवं पुष्पेंद्र कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नियमित मार्गदर्शन के कारण ही छात्र इस तरह की उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी छात्रों को इसी तरह प्रोत्साहित किया जाता रहेगा, ताकि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें और क्षेत्र का नाम रोशन करें।

# नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों के साथ अन्याय के विरोध में किया पुतला दहन

**समय जगत, विदिशा।** नगर पालिका परिषद भिंड में सफाई कर्मचारियों के साथ हो रहे कथित अन्याय, अत्याचार एवं अनियमितताओं के विरोध में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के बैनर तले कर्मचारियों ने विदिशा में विरोध दर्ज कराया। संगठन के नेतृत्व में कर्मचारियों ने मध्य प्रदेश शासन के राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार निधि पटेल के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि भिंड नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों की हाजिरी नियम विरुद्ध तरीके से निर्वाचित पार्षदों द्वारा भरवाई जा रही है, जबकि नियमानुसार यह कार्य केवल मेट/दरोगा का है। साथ ही पार्षदों एवं अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों से अवैध वसूली किए जाने और विरोध करने पर नौकरी से निकालने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं।



संगठन ने यह भी बताया कि कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है, वर्षों से एरियर्स लंबित हैं और सीमित स्टाफ होने के बावजूद कर्मचारियों से अत्यधिक कार्य लिया जा रहा है। इसके अलावा कर्मचारियों के लिए आवासीय कॉलोनी, सामुदायिक भवन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव बना हुआ है। इस दौरान कर्मचारियों ने भिंड नगर पालिका की समस्याओं के निराकरण की मांग करते हुए तहसीलदार निधि पटेल को भी राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। वहीं विरोध के तहत प्रदेश स्तरीय आंदोलन में आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम में नगर पालिका के कार्यरत एवं रिटायर्ड कर्मचारी, महिला-पुरुष एवं अन्य सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में जिलेभर से आए प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष बोहत ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने मांग की है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी भिंड के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, कर्मचारियों को समय पर वेतन एवं एरियर्स का भुगतान हो और नियमानुसार कार्य प्रणाली लागू की जाए। कर्मचारियों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की है।

# लाल पहाड़ी में करोड़ों के जमीन घोटाले का आरोप, एनओसी निरस्त करने मांग

**पैट्रिक रॉबर्ट डन के नाम जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र पर खड़े हुए सवाल, कलेक्टर और आयुक्त तक पहुंची शिकायत**

**समय जगत, कटनी।** शहर के बरगवां क्षेत्र में लाल पहाड़ी पर स्थित कीमती शासकीय भूमि को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें नगर पालिक निगम द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र पर सवाल खड़े किए गए हैं। कलेक्टर आशीष सिंह व नगरनिगम आयुक्त तपस्या परिहार से की गई शिकायत में इस एनओसी को फर्जी तथ्यों पर आधारित बताते हुए तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है। साथ ही मामले में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई है। शिकायत के अनुसार नगर निगम ने पीआर डन के नाम पर ग्राम बरगवां, खसरा नंबर 209/5 की 0.081 हेक्टेयर भूमि के लिए 24 दिसंबर 2018 को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया था। आरोप है कि यह एनओसी गलत जानकारी और भ्रामक तथ्यों के आधार पर जारी की गई, जिससे शासन और निगम को भारी आर्थिक नुकसान हुआ।

**हाईकोर्ट आदेशों का गलत उपयोग:** शिकायत में बताया गया है कि एनओसी जारी करते समय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के रिट याचिका क्रमांक 1286/2013 का हवाला दिया गया, जबकि यह याचिका खसरा नंबर 209/5 से संबंधित नहीं थी। इसी तरह रिट अपील क्रमांक 209/2015 का भी उल्लेख किया गया, जिसमें भी संबंधित खसरे का जिक्र नहीं था। शिकायत में यह भी कहा गया है कि संबंधित भूमि नगर सुधार न्यास की योजना क्रमांक 3 और 17 के अंतर्गत अधिग्रहित है। इस पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में यथा स्थिति किया गया था, जो अब तक प्रभावी है। इसके बावजूद एनओसी जारी करना नियमों के विपरीत बताया गया है। बताया गया कि 17 सितंबर 2018 की मेयर-इन-काउंसिल बैठक में इस प्रस्ताव पर आपत्तियां दर्ज कराई गई थीं। वहीं 15 फरवरी 2019 की नगर निगम परिषद बैठक में भी इस मामले पर विरोध दर्ज हुआ, जिसके चलते अब तक अंतिम निर्णय लंबित है। मामले में यह भी सामने आया है कि पैट्रिक रॉबर्ट डन द्वारा उक्त भूमि का विक्रय सरिता अग्रवाल पति सुमित अग्रवाल निवासी आनंद विहार कॉलोनी के पक्ष में किया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि जब एनओसी ही अवैध है तो इसके आधार पर हुआ विक्रय भी निरस्त किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित इस भूमि का गाइडलाइन मूल्य लगभग 5 करोड़ रुपए बताया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि निगम के कुछ अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत से यह पूरा प्रकरण अंजाम दिया गया, जिससे शासन को करोड़ों का नुकसान हुआ।

### इनका कहना है

नगर सुधार न्यास की योजनाओं से जुड़ी भूमि के विक्रय संबंधी शिकायत मिली है। इस संबंध में जांच के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही जांच रिपोर्ट के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जमीनों का सीमांकन भी कराया जाएगा।

**तपस्या परिहार**
**आयुक्त, नगरनिगम**

## संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्ताओं के लिए कक्ष निर्माण हेतु 5 लाख रुपए किये स्वीकृत



**कटनी।** जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला ने राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा से मुलाकात कर जिला अधिवक्ता संघ कटनी में महिला अधिवक्ताओं के लिए पृथक कक्ष एवं बैठक व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग रखी। मुलाकात के दौरान महिला अधिवक्ताओं को बैठने एवं कार्य करने के लिए समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता से सांसद को अवगत कराया गया। मांग को गंभीरता से लेते हुए राज्यसभा सांसद श्री तन्खा ने तत्काल 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। राशि स्वीकृत होने पर जिला अधिवक्ता संघ तथा महिला अधिवक्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद श्री तन्खा के प्रति आभार जताया है।

### अनशन पर बैठे अंशुल शास्त्री

**विदिशा।** चिड़ोरिया धाम के पुजारी अंशुल शास्त्री आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर अपने धाम पर अनशन पर बैठे हुए हैं। इस दौरान उन्होंने बताया कि 2 दिन पहले वह रायसेन में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोककर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि तीन-चार लोग उनके पास आए और एक व्यक्ति द्वारा उनको पीछे से बंदूक या कट्टा लगाकर जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने कहा कि पिछले लंबे समय से कुछ लोग मेरे पीछे लगे हुए हैं और मुझे जान से मारना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार पुलिस प्रशासन से आग्रह करने के बावजूद भी आरोपियों का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। उन्होंने कहा कि इस घटना की शिकायत करने के लिए वह सिविल लाइन थाने में गए थे, लेकिन गवाह न होने के कारण सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज नहीं किया गया था। जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस अधीक्षक से की थी। उन्होंने कहा कि सुबह से ही जल और अन्य त्याग कर मैं और मेरे अन्य साथी धाम पर ही अनशन पर बैठे हुए हैं।

### जिले में बढ़ा गैस तथा पेट्रोल का संकट, अनेक पेट्रोल पंप बंद, गैस गोदाम में लगी भारी भीड़

**समय जगत, पन्ना।** पन्ना गैस तथा तेल का संकट पूरे देश में बढ़ता जा रहा है इसी प्रकार पन्ना जिले में भी अनेक गैस गोदामों में लोगों को सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं जिससे गोदाम के बाहर भारी भीड़ देखी जा रही है तथा लोग हंगामा कर रहे हैं जिले की गुनौर तहसील मुख्यालय में गैस गोदाम के बाहर भारी भीड़ देखी गई लोगों द्वारा हंगामा भी किया जा रहा है क्योंकि लोगों को गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है इसी प्रकार पन्ना जिला मुख्यालय से लेकर अन्य स्थानों पर पेट्रोल डीजल का संकट भी बढ़ता जा रहा है पन्ना नगर के आधे पेट्रोल पंपों पर तेल उपलब्ध नहीं है तथा जिन पर उपलब्ध है उनमें भारी भीड़ देखी जा रही है दूसरी तरफ प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या से इनकार किया जा रहा है।

# वरिष्ठ अधिकारियों से प्रभावी कार्यवाही की है दरकार
# करोड़ों का भूमि घोटाला, जांच रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि के बावजूद अभी तक नहीं हुआ ऐक्शन

**पन्ना।** पन्ना जिले में शासकीय जमीनों को अपना बताकर फर्जी रूप से अनेक लोगों द्वारा विक्रय कर दिया गया है इसकी शिकायत होने के बावजूद भी शासकीय अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं कर रहे इसी प्रकार जालसाजी का एक मामला पवई तहसील मुख्यालय का सामने आया है जिसे सुनकर प्रशासन के भी होश उड़ गए हैं। रसूखदारों ने न केवल सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया, बल्कि उसे अपनी निजी संपत्ति बताकर करोड़ों रुपये में बेच डाला। इस खेल में शासन को करोड़ों का चूना लगाया गया है और मासूम खरीदारों को भी अंधेरे में रखकर उनके साथ बड़ी धोखाधड़ी की गई है। शिकायती आवेदन के अनुसार, ग्राम पवई के मुरारी लाल नामदेव, रामविहारी नामदेव और ओम प्रकाश नामदेव (तीनों पिता छोटे लाल नामदेव) पर गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि इन



लोगों ने अपनी निजी आराजी नंबर 3408 से लगी हुई सरकारी आराजी नंबर 3407 (जो कि राजस्व रिकॉर्ड में नाला के रूप में दर्ज है) को अपनी निजी संपत्ति घोषित कर दिया। जालसाजों ने इस बेशकीमती सरकारी जमीन के छोटे-छोटे टुकड़े किए और कई लोगों को बेच दिए। हैरानी की बात यह है कि जिस जमीन पर सरकारी नाला बहना चाहिए, वहां आज अवैध तरीके से मकान खड़े कर दिए गए हैं। आरोपियों ने बड़े ही शातिराना अंदाज में नाले की जमीन को आवासीय प्लाट बताकर बेच दिया। खरीदारों की सूची लंबी है, जिनमें प्रमुख नाम इस प्रकार हैं सियाराम विश्वकर्मा ,दीन मोहम्मद ),रामकिशुन ,कालूराम पटेल , प्रमोद और राम प्रकाश इसके अलावा नीरज, रामविहारी, रामसखी, रज्जू राजा, राम कुमार और उमा प्रसाद जैसे कई लोग इस ठगी का शिकार हुए हैं।

**जांच में पुष्टि, फिर भी कार्रवाई का इंतज़ार:** मामले की गंभीरता को देखते हुए जब तहसीलदार ने पटवारी और राजस्व निरीक्षक से जांच कराई, तो दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। दिनांक 14.11.2019 से 23.11.2019 तक चली विस्तृत जांच में यह स्पष्ट पाया गया कि आराजी नंबर 3407 सरकारी नाला है और उस पर अवैध निर्माण कराया गया है। जांच रिपोर्ट में पुष्टि होने के बावजूद अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? प्रशासन की यह सुस्ती कई बड़े सवाल खड़े कर रही है। ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। उन्होंने शासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ तत्काल आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। शासन की भूमि बेचकर जो करोड़ों रुपये डकारे गए हैं, उनकी वसूली की जाए। सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन



**समय जगत, दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन की गरिमामयी उपस्थिति और दिशा निर्देशन तथा संचालन प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत एवं सहप्रभारी डॉ. राहुल कुमार दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा जागरूकता रैली जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में 30 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जल संरक्षण के महत्व को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं के परिणामों में स्लोगन प्रतियोगिता में सुषमा लोधी, निबंध प्रतियोगिता में राजकुमारी लोधी, तथा भाषण प्रतियोगिता में जेसिका (श्रंलेपां) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंत में प्राचार्य डॉ. जैन द्वारा विद्यार्थियों को जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को जल बचाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जल गंगा अभियान में सहभागिता रही।

# श्रीजी की शोभायात्रा निकालकर श्री रत्नत्रय विधान आयोजित



**समय जगत, विदिशा।** प्रवक्ता डॉ मक्खन लाल जैन ने बताया कि सर्वप्रथम श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अरिहंत विहार से शोभायात्रा के रूप में श्रीजी एवं कलश यात्रा में महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण कर एवं जिनवाणी लेकर यात्रा में सम्मिलित हुई। घरों के बाहर साधर्मियों ने रंगोली बनाकर एवं श्री जी की आरती कर मंगल अगवानी की, तदुपरांत श्री जी का नवीन निर्माणधीन मंदिर में श्री जी का अभिषेक पूजन किया गया। पंडित शिखर चंद जैन अलंकार, रमेशचंद करैया, सुभाष मोदी, सुभाष जैन पल्लीवाल, मलूकचंद खेरुआ द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। श्री रत्नत्रय विधान का भव्य आयोजन हुआ। मेरठ से पधारे युवा विद्वान मनीष जी का आध्यात्मिक प्रवचन हुआ। पंडित मनीष शास्त्री मेरठ द्वारा आध्यात्मिक चर्चा करते हुए जिन प्रतिमा और धार्मिक सृष्टि का महत्व बताते हुए कहा कि जिन प्रतिमा अथवा जिन बिंब, दर्शन और श्रद्धा का केंद्र हैं। माना जाता है कि जिन बिंब के दर्शन से निधत्ती निकाचित जैसे कठोर कर्म भी नष्ट हो सकते हैं। यह दर्शाया गया है कि जिन प्रतिमा के बिना मंदिर केवल पत्थर और भवन का समुच्चय होता है परंतु प्रतिमा स्थापित होते ही वह समोसरण का रूप ले लेता है। भक्ति केवल भावनाओं तक सीमित नहीं रहती यह तार्किक और गहरी समझ का हिस्सा बनती है। भक्तों की प्रशंसा और प्रार्थना में भक्ति भाव के साथ-साथ तत्वज्ञान की झलक स्पष्ट होती है। धार्मिक साहित्य और सिद्धांतों की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि धर्मशास्त्रों की रचना उस समय हुई जब केवली श्रुत का अंत हो गया। षटखंडागम जैसे शास्त्र धर्म और दर्शन की गहराईयों को व्यक्त करते हैं।शास्त्र केवल कर्मभूमि में पढ़े जाते हैं, जहां मानव श्रम और बुद्धि दोनों का समन्वय होता है। जिन बिंब दर्शन का असली अर्थ को समझाते हुए बताया कि साधारण दर्शन और आत्मिक अनुभव में फर्क है।

# श्री रामनवमी के अवसर पर नगर में निकली भव्य शोभा यात्रा, भाजपा तथा कांग्रेस के नेताओं ने किया स्वागत

**समय जगत, पन्ना।** रामनवमी के शुभ अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी निकाली गई शोभा यात्रा का शुभारंभ श्री राम जानकी मंदिर से हुआ। तत्पश्चात यात्रा अजयगढ़ चौराहा पहुंची जहां पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत भैया राजा के नेतृत्व में यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान दीपक तिवारी शशीकांत दीक्षित राजा तिवारी भोला कुशवाहा राजबहादुर पटेल सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। तत्पश्चात यात्रा बड़ा बाजार बलदेव चौक कटरा बाजार कोतवाली चौराहा बस स्टैंड दैनिक सागर मेनका टॉकीज पुराना पावर हाउस चौराहा होते हुए गांधी चौक पहुंची। गांधी चौक पर यात्रा का स्वागत क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा सदानंद गौतम नगर अध्यक्ष कैलाश गुप्ता, जिला मंत्री श्रीमती संगीता राय कमल लालवानी विष्णु पांडे संतोष सिंह यादव विनोद तिवारी, जयप्रकाश चतुर्वेदी, पूर्व भाजपा अध्यक्ष रवि पांडे, राकेश गुप्ता, रामेश्वर खरे (शिक्षाविद) वरिष्ठ शिक्षक अरविंद द्विवेदी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। तत्पश्चात शोभा यात्रा किशोर जी मंदिर चौराहा महेंद्र भवन चौराहा होते हुए श्री राम जानकी मंदिर पहुंची यात्रा का लोगों द्वारा जगह-जगह स्वागत करते हुए प्रसाद वितरण किया तथा जय श्री राम के नारों से नगर गूंज उठा। यात्रा में पन्ना नगर के साथ-सा छतरपुर से बड़े डीजे मंगवाए गए थे डीजे की धुन पर जमकर युवाओं ने नाच किया तथा आनंद लिया। पुलिस द्वारा बेहतर सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। नगर पालिका द्वारा साफ सफाई की भी अच्छी व्यवस्था की गई थी।

# जल शक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**समय जगत, दमोह।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नामांकुर संस्था जय हनुमान ग्राम विकास समिति, खजरी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल शक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जन-जागरुकता बढ़ाना एवं ग्रीष्मऋतु में ग्रामीणों एवं राहगीरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम में जल मंदिर प्याऊ की स्थापना की गई जिससे लोगों को सहज रूप से पेयजल उपलब्ध हो सके। प्याऊ का शुभारंभ मंदिर पुजारी श्री अनिल दुबे के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पानी पिलाने से बड़ा कोई धर्म नहीं होता है तथा ग्रीष्मकाल में प्याऊ का संचालन अत्यंत पुण्य का



कार्य है। कार्यक्रम में ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिनमें रोशन पटेल, दयाराम पटेल, नरेश पटेल, नन्नू राठौर, घनश्याम कोटवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। कार्यक्रम में नामांकुर संस्था के अध्यक्ष राकेश राठौर एवं परामर्शदाता बृजेश सेन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जल के महत्व, संरक्षण एवं सदुपयोग के प्रति जागरूक किया गया तथा जल ही जीवन है का संदेश दिया गया। इस प्रकार यह पहल सामाजिक सेवा एवं जनहित की दिशा में एक सराहनीय प्रयास सिद्ध हुई।

# श्रीमद् भागवत कथा का हो रहा है आयोजन




**समय जगत, भोपाल।** आचार्य योगेश पाठक महाराज के श्री मुख से दिनांक 28 मार्च से 3 अप्रैल तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन मधुकामनी झूला पार्क, इको ग्रीन पार्क कालोनी, भोपाल में हो रहा है। कथा प्रतिदिन अपरान्ह 3 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित हो रही है। 23 मार्च को दिव्य एवं भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ हुआ है। वहीं 3 अप्रैल को कथा की पूर्णाहुति के साथ भंडारा आयोजित होगा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम इमलानी में जल मंदिर का किया शुभारंभ



**सिरोंज।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद (योजना आर्थिक एवं सांख्यकी विभाग म प्र शासन) के मार्गदर्शन में विकासखंड सिरोंज अंतर्गत सेक्टर इमलानी के ग्राम इमलानी में नवांकुर संस्था प्याराखेड़ी जय मां जन सेवा समिति द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति इमलानी के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम अंतर्गत आमजन की सेवा एवं परोपकार की भावना को जागृत करते हुए ग्राम इमलानी में जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ भाजपा चितावर मंडल महामंत्री लाखन सिंह यादव द्वारा किया गया। यह पहल विशेष रूप से गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। इस पहल से समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के साथ-साथ सेवा भाव को भी मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रभारी देवेन्द्र विश्वकर्मा प्रस्फुटन समिति इमलानी अध्यक्ष बाबू सिंह राजपूत सचिव नवल राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# झांसी के बालक श्रेष्ठ भार्गव बने 'बाल वेदज्ञ'

## वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ इंडिया में दर्ज हुआ नाम



**समय जगत, झांसी।** शहर के गणेश रेजीडेंसी, सीपरी बाजार निवासी इंजी. वेद भार्गव के सुपुत्र एवं जय अकादमी स्कूल के छात्र मास्टर श्रेष्ठ भार्गव ने अपनी अद्भुत संस्कृत प्रतिभा से एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कम आयु में सैकड़ों संस्कृत मंत्रों, श्लोकों तथा वैदिक वचनों को कंठस्थ कर विभिन्न सार्वजनिक मंचों पर निरंतर वाचन करने की उनकी विलक्षण क्षमता को देखते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ इंडिया ने उनका नाम अपने विश्व कीर्तिमान में दर्ज किया है। श्रेष्ठ भार्गव की असाधारण स्मरण शक्ति और संस्कृत के प्रति गहरी रुचि ने उन्हें अल्प आयु में ही विशिष्ट पहचान दिलाई है। वे कई प्रतिष्ठित मंचों पर स्वस्तिवाचन सहित अनेक संस्कृत मंत्रों और श्लोकों का बिना रुके प्रभावशाली पाठ कर चुके हैं, जिसे उपस्थित विद्वानों, धर्माचार्यों और श्रोताओं ने अत्यंत सराहा है। उनकी इसी अद्भुत प्रतिभा और वैदिक संस्कृत परंपरा के प्रति समर्पण को सम्मानित करते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ इंडिया द्वारा उन्हें विशेष रूप से बाल वेदज्ञ की उपाधि नगर विधायक रवि शर्मा जी के मुख्य आतिथ्य में प्रदान की गई है। यह सम्मान न केवल उनकी असाधारण प्रतिभा का प्रमाण है, बल्कि झांसी शहर के लिए भी गर्व का विषय है।श्रेष्ठ भार्गव का पारिवारिक वातावरण भी वैदिक और संस्कृत परंपरा से समृद्ध रहा है। उनके दादाजी आचार्य ब्रजकिशोर हरभजन भार्गव, निवासी नई बस्ती, झांसी, बुंदेलखंड के सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य हैं तथा बुंदेलखंड ब्राह्मण विद्वत परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष भी हैं। परिवार में पीढ़ी दर पीढ़ी संस्कृत और वैदिक ज्ञान की समृद्ध परंपरा रही है। उनके परदादा स्व. हरभजन भार्गव भी संस्कृत के प्रकांड विद्वान के रूप में विख्यात रहे हैं। इसी विद्वत परंपरा और संस्कारों के कारण कहा जा सकता है कि श्रेष्ठ भार्गव की रगों में वेद-पुराणों के संस्कार प्रवाहित हो रहे हैं। संस्कृत और वैदिक परंपरा के संरक्षण की दिशा में श्रेष्ठ भार्गव की यह उपलब्धि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है। परिवारजनों, शिक्षकों, संस्कृत विद्वानों एवं शहरवासियों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

इस अवसर पर स्व. आचार्य पं. हरभजन भार्गव जी की पावन स्मृति में विद्वान विप्रजनों को ज्योतिष रत्न भूषण सम्मान से भी अलंकृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला जनकल्याण महासमिति झांसी के केंद्रीय अध्यक्ष डा जितेन्द्र कुमार तिवारी ने तथा आभार व्यक्त वेद भार्गव द्वारा किया गया।

# लेखकों ने अपनी कृतियों की खूबियों को किया रेखांकित

## राष्ट्रीय पुस्तक मेला के दूसरे दिन भी साहित्य पर विस्तार से हुई चर्चा

**समय जगत, झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेले के दूसरे दिन लेखक से मिलिए कार्यक्रम में अनेक साहित्यकारों ने अपनी कृतियों और उसकी विशिष्टताओं पर विस्तार से चर्चा की। समाज में सकारात्मक प्रभाव पैदा करने में पुस्तकों की भूमिका को रेखांकित किया। एक सत्र में डॉ सुनीता वर्मा ने कहा कि समाज में भौतिक संसाधनों की भरमार हुई है लेकिन आज अधिकांश लोग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से ग्रसित हैं। इसीलिए उन्होंने आरोग्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आयुर्वेद विषय को रेखांकित करते हुए एक पुस्तक लिखी। हिंदी विभाग की शिक्षिका और लेखिका डा सुनीता वर्मा ने अपनी पुस्तक आयुर्वेद मर्मज्ञ गोस्वामी तुलसीदास की विशिष्टताओं की विस्तार से जानकारी दी।



एक सवाल पर उन्होंने बताया कि इस पुस्तक को लिखने में चौदह साल लगे। उन्होंने पुस्तक में वर्णित तथ्यों पर भी विस्तार से चर्चा की। उनसे शोध छात्रा मंजरी ने साक्षात्कार लेकर विविध प्रश्नों की बौछार की जिनका डा वर्मा ने बखूबी जवाब दिया। डा वर्मा ने कहा कि सर्वे भवन्तु सुखिनः को ध्यान में रखकर यह पुस्तक लिखी। आयुर्वेद पूरी जीवन पद्धति है। इसमें आहार, विहार और संयम पर ध्यान दिया जाता है। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि अब हर व्यक्ति को सेहत की सुरक्षा के प्रति ध्यान देने की जरूरत है। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी साहित्य में आयुर्वेद पर यदि सम्यक विचार करे तो सभी को सेहत के प्रति जागरूक किया जा सकेगा। इस कार्यक्रम में डा वर्मा के पति संजीव वर्मा भी उपस्थित रहे। इस सत्र का संचालन डा विपिन प्रसाद ने किया। डा नवीन चन्द्र पटेल ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया।इससे पहले लेखक डा अनूप कुमार गुप्ता की पुस्तक रामायण और महाभारत में सामरिक संस्कृति पर अरिंदम घोष ने विस्तार से चर्चा की। डा गुप्ता ने अपनी पुस्तक की खूबियों का जिक्र किया। वर्तमान में चल रहे ईरान और अमेरिका के युद्ध से जुड़े पहलुओं पर भी उन्होंने चर्चा की। भारत की विदेश नीति पर भी विचार रखे। डा सुधा दीक्षित ने लोक भूषण पन्ना लाल असर के साथ उनकी विविध कृतियों पर चर्चा की। एक सवाल पर उन्होंने बताया कि उनकी 22 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। वीरांगना झलकारी बाई पर लिखी एक पुस्तक से संबंधित विविध पहलुओं पर भी उन्होंने विचार रखे। उन्होंने झलकारी बाई से जुड़े तथ्यों को जुटाने में की गई कोशिशों का भी विस्तार से जिक्र किया। झलकारी बाई के शौर्य का भी विवरण पेश किया। उन्होंने कहा कि झलकारी बाई एकदम रानी लक्ष्मीबाई की हम शक्ल दिखती थीं। राजनीति विज्ञान के शोधार्थी विशाल शर्मा से ज्योतिष से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की छात्रा चाहत ने। इस सत्र का संचालन डा प्रेमलता ने किया। हिंदी विभाग की डा अचला पाण्डेय ने राजकीय संग्रहालय झांसी के उपनिदेशक डा मनोज गौतम से उनके काव्य संग्रह कुछ गुनाह तो नहीं किया पर विस्तार से बातचीत की। उन्होंने सृजन के विविध पहलुओं पर चर्चा की। डा गौतम ने कुछ रचनाओं को भी प्रस्तुत किया।

# जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**समय जगत, झांसी।** नौकरी लगवाने के नाम पर षडयंत्र रचकर लाखों रुपए हड़पने,जान से मारने की धमकी के मामले में आरोपी को जेल से रिहाई नहीं मिल सकी।दो अलग-अलग मामलों में उसके जमानत प्रार्थना पत्र विशेष न्यायाधीश अनु. जाति और अनु. जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम आदित्य चतुर्वेदी के न्यायालय ने निरस्त कर दिए। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पुष्पेन्द्र राजपूत के अनुसार वादी मुकदमा सत्यम पाल ने थाना नवाबाद में नौकरी लगवाने के नाम पर कूटरचित रचित दस्तावेज तैयार कर पैसे हड़पने एवं जान से मारने की धमकी दिए जाने के संबंध में 18 नवंबर 2023 को थाना नवाबाद में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। उसने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। उस की जान पहचान व मित्रता साहिल शिवहरे से थी। साहिल ने बताया कि उसका एक मित्र भानु शाक्या की लखनऊ सचिवालय में अच्छी पकड़ है व सरकारी नौकरी लगवाता है, मैं भी अपनी नौकरी लगवा रहा हूँ अगर तुम्हें नौकरी लगवानी हो तो मैं तुम्हें मिलवा दूंगा। साहिल ने उसे भानु शाक्या , हितेश शाक्या, रवीन्द शाक्या, राजकुमार, विनीत, शशिकांत व अन्य लोगों से बातचीत करायी। उनकी बात पर विश्वास कर उसने 1. 25 लाख ऑनलाइन तथा 2.75 लाख साहिल व छिंगेलाल शिवहरे को नगद



दिये। रुपये देने के उपरान्त कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी आईकार्ड, ज्वाइनिंग लेटर, अप्वाइंटमेंट लेटर, असि0मेन गार्ड-3 (सरकारी पोस्ट) की ट्रेनिंग के नाम पर दिल्ली, हरियाणा, इत्यादि ले गये जहां पर हम श अपने स्वयं के खर्चे पर 2-3 माह रहे उसके बाद 2 माह का समय देकर सभी ने कहा कि अभी संविदा की ट्रेनिंग समाप्त हुई है। कुछ दिनों बाद परमानेन्ट का जाब कार्ड आने वाला है। मेरी लखनऊ सचिवालय बात हो गयी है। लेकिन कई महीनों बाद भी नियुक्ति पत्र न मिलने पर बार बार कहे जाने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पुष्पेन्द्र राजपूत ने बताया कि एक अन्य मामले में वादी मुकदमा राजू अहिरवार ने थाना सीपरी बाजार में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि प्रेम गंज निवासी भानु शाक्या ने बताया था कि लखनऊ सचिवालय में उसकी अच्छी पकड़ है संविदा पर कई विभागो में नौकरी लगवाते हैं जिसके एवज में प्रत्येक व्यक्ति से 5-6 लाख रूपये लेकर 6 माह की ट्रेनिंग कराकर परमानेंट नौकरी लग जाती है। उसकी बात पर विश्वास कर विभिन्न तिथियों में एक लाख रूपया ऑनलाइन तथा घर पर 09 लाख रूपये नगद दिए। रूपये देने के उपरान्त विपक्षीगण ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी आईकार्ड ज्वाइनिंग लेटर, ट्रासफर लेटर असि. मेनगार्ड तृतीय दे दिया तथा ट्रेनिंग के नाम पर दिल्ली हरियाणा उरई आगरा इत्यादि ले गए जहां पर वादी ने अपने स्वयं के खर्चे पर 2-3 माह रहे उसके बाद आठ माह का समय देकर कहा कि अभी संविदा की ट्रेनिंग समाप्त हुयी है। कुछ दिनो बाद परमानेंट का जब कार्ड आने वाला है। मेरी लखनऊ सचिवालय बात हो गयी है 6 माह की ट्रेनिंग आप लोगो की आगरा एफ. सी.आई विभाग में होगी। नियुक्ति पत्र न मिलने पर बार बार कहे जाने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। पीड़ित की तहरीर पर धारा-420, 467, 468, 471, 506,120 बी भा. द.सं. के तहत थाना सीपरी बाजार में मुकदमा दर्ज किया गया। इस संबंध में प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम लखनऊ से प्राप्त आख्या में बताया गया कि पीड़ित राजू अहिरवार, स्वीटी वाजपेई, स्पर्श वाजपेई व सार्थक अवस्थी को उनके कार्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का नियुक्ति पत्र एवं आई कार्ड जारी नहीं किया गया है।

# विश्व रंगमंच दिवस पर तरकश ने किया एकल मंचन



**समय जगत, झांसी।** विश्व रंगमंच दिवस पर श्री गणेश सत्संग भवन में तरकश लोक कला एवं जनकल्याण समिति द्वारा नृत्य नाटिका के साथ एकल मंचन किया। निदेशक महेंद्र वर्मा ने उपस्थित रंगकर्मियों को बधाई देते हुए कहा झांसी के इतिहास में रंगमंच बहुत समृद्ध रहा है, परन्तु आज स्थिति बहुत दयनीय है, वर्तमान में रंगमंच को ऑक्सीजन देने का काम तरकश के रंगकर्मी अपनी विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से कर रहे ! वरिष्ठ रंगकर्मी संजय राष्ट्रवादी ने रंगकर्म को व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम बताते हुए युवा पीढ़ी से जुड़ने का आव्हान किया, उन्होंने कहा कि हम बुन्देलखण्ड के गौरवशाली इतिहास और इतिहास पुरुषों एवं वीरांगनाओं को नाट्य प्रस्तुति के द्वारा आम जनमानस से रूबरू करा सकते हैं । संस्था के संरक्षक एवं संस्कार भारती के महामंत्री और सुप्रसिद्ध लोक गायक सीताराम कुशवाहा को कला गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया । इस अवसर पर रंगकर्मी धर्मेंद्र सेन, राघवेंद्र सिंह, सौरभ सेठ, अमर सोनी, ऋषि कुशवाहा, मंजू कुशवाहा, शुभि दुबे, नीलम गुप्ता आदि सहित किरण गुप्ता, मनोज यादव उपस्थित रहे, सीताराम कुशवाहा ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

भगवान महावीर जयंती की सभी को हार्दिक शुभकामनायें

भगवान महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनायें
दिनेश जैन
झांसी

भगवान महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनायें
शीला जैन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
मेडीकल गेट नं. 3 के सामने , कानपुर रोड झांसी
मो :: 0510 - 2321549, मो. 9219808501

भगवान महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनायें
अनिल जैन - विधायक निवाड़ी
श्री मती निरंजना जैन - अध्यक्ष जनपद पंचायत निवाड़ी
रोहन जैन - श्रीमती समीक्षा रोहन जैन
निवाड़ी , म.प्र.

भगवान महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनायें
सुनील मोदी
साहिल मोदी
सोमिल मोदी
फर्म-: जैन होण्डा ,पारस डेकोर ओरछा विला, जेल चौराहा झांसी, ओरछा

भगवान महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनायें
राजेश जैन
आस्था बैटरी हाउस
अथॉराइज्ड डिस्ट्रीब्यूटर
पता: 113 पुराना बस स्टैण्ड न्यू रोड झांसी

आनन्द हॉस्पिटल एवं यूरो - गायनी रिसर्च सेंटर
प्रो.डॉ. मनीष जैन
गोल्ड मेडलिस्ट
सर्जन, यूरोलॉजिस्ट एवं एण्ड्रोलॉजिस्ट
डॉ.दिव्या जैन
गोल्ड मेडलिस्ट
स्त्रीरोग, प्रसूति एवं निःसंतानता विशेषज्ञ
पथरी, प्रोस्टेट, गुर्दा, मूत्र रोग प्रसूति एवं स्त्री रोग का इलाज
आधुनिक निःसंतानता केन्द्र
करगुवांजी रोड, मेडिकल कालेज गेट न.2 के सामने, झॉंसी
Ph.:(0510) 2320750, 9454368835

भगवान महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनायें
विशाल सर्राफ
युवा जिलाध्यक्ष
जिला उद्योग व्यापार मण्डल
ललितपुर, उ.प्र.

भगवान महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनायें
हर्ष जैन
युवा समाजसेवी
झांसी
9455540476

भगवान महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनायें
दीपक जैन
जैन साहब की चाय की दुकान
नारायण धर्मशाला के सामने
झोकनबाग झांसी

भगवान महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनायें
प्रिंस जैन
कोषाध्यक्ष
के.सी.जैन मेमोरियल पब्लिक स्कूल गुरसरायं

भगवान महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनायें
शिरोमणि जैन एडवोकेट
मंत्री
अतिशय क्षेत्र करगुवां जी
झांसी

महावीर जयंती की आपको और आपके पूरे परिवार को
नवजीवन ब्लड सेन्टर
झांसी की तरफ से
हार्दिक शुभकामनायें
यह पर्व हमारे मन में सेवा भाव का जन्म दे और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दे।
डॉ. मोनिका जैन
संचालक
नव जीवन ब्लड सेन्टर झांसी

# हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा 01 को

**समय जगत, झाँसी।** बाहर बड़ागांव गेट स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में आयोजित बैठक में श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति के संरक्षक पं0 कालीचरन जारौलिया के मुख्य आथित्य एवं अध्यक्ष रवीश त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई जिसमें बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिसमें श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में दिनांक 1 अप्रैल को सांय 4 बजे बड़ागांव गेट स्थित श्री हनुमान मंदिर से हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी जो कि शहर के मुख्य मार्गों से भ्रमण करती हुई यथास्थान पर विराम होगी।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा एवरेस्ट प्रेस ई-49/8 औखला, इंडस्ट्रीयल-एरिया प्लॉट-2 प्रींटिंग प्रेस से मुद्रित एवं बी-125 सादतपुर कालोनी दिल्ली-110094 से प्रकाशित।RNI NO. DELHIN/2005/14553, **प्रधान संपादक:** अशोक त्रिपाठी * **संपादक** अनिल श्रीवास्तव * **समाचार संपादक** सौरभ वार्ष्णेय
**दिल्ली कार्यालय :** एस-557, हीरा कॉम्पलेक्स 203 द्वितीय तल मुख्य मार्ग शकरपुर दिल्ली- 01142173537, 9899589700, **भोपाल कार्यालय** - 9, रायल हाउस, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-1, भोपाल। **फोन :** 0755-4273868, 4203479 **फैक्स :** 4094417 **ई-मेल** dainiksamayjagat.delhi@gmail.com *(समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)

# 500 साल पुराने श्री राधाकृष्ण सोनमहल मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग तेज

## जर्जर हालत से हादसे का खतरा, श्रद्धालुओं ने प्रशासन से की तत्काल पहल की अपील

**रीवा।** शहर के अमहिया क्षेत्र में स्थित लगभग 500 वर्ष प्राचीन शासन संधारित श्री राधाकृष्ण सोनमहल गोपालदास मंदिर की जर्जर स्थिति को लेकर एक बार फिर स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों के बीच चिंता गहराने लगी है। मंदिर की दीवारें, पुजारी आवास, भोजन गृह और परिसर की संरचना अत्यंत खराब हालत में पहुंच चुकी है, जिसके कारण यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि शहर की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरों में भी गिना जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मंदिर का जीर्णोद्धार नहीं कराया गया तो यह ऐतिहासिक धरोहर धीरे-धीरे पूरी तरह नष्ट हो सकती है।

**वर्षों से लंबित है जीर्णोद्धार कार्य:** जानकारी के अनुसार मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए वर्ष 2013 में शासन द्वारा 2 लाख 51 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। उस समय कलेक्टर रीवा के आदेश क्रमांक 188 दिनांक 23 सितंबर 2013 के माध्यम से इस राशि को मंजूरी भी प्रदान की गई थी। इसके बावजूद आश्चर्य की बात यह है कि लगभग एक दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उस समय स्वीकृत राशि का उपयोग कर लिया गया होता तो आज मंदिर की यह हालत नहीं होती।अब स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि मंदिर के कई हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं और वहां कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

**दीवार गिरने का खतरा, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा:** मंदिर की पूर्वी सीमा की दीवार बेहद कमजोर हो चुकी है। दीवार में जगह-जगह बड़ी दरारें पड़ गई हैं और ईंटें भी निकलने लगी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में यह दीवार कभी भी गिर सकती है।यदि ऐसा हुआ तो मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं या आसपास रहने वाले लोगों को गंभीर चोट लग सकती है। इस वजह से श्रद्धालुओं में भी भय का माहौल बना हुआ है।मंदिर परिसर की अन्य दीवारें भी कमजोर हो चुकी हैं और उनमें भी दरारें दिखाई देने लगी हैं।

**दीवारों पर उगे पीपल और बरगद के पेड़ बना रहे खतरा:** मंदिर परिसर की दीवारों और छत पर पीपल और बरगद के बड़े-बड़े पेड़ उग आए हैं। इन पेड़ों की जड़ें धीरे-धीरे मंदिर की दीवारों को तोड़ रही हैं, जिससे पूरी संरचना कमजोर होती जा रही है।विशेषज्ञों के अनुसार पुराने भवनों की दीवारों में जब पेड़ों की जड़ें फैलने लगती हैं तो वह दीवारों को अंदर से खोखला कर देती हैं। यही स्थिति इस मंदिर में भी देखने को मिल रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इन पेड़ों को हटाकर दीवारों की मरम्मत नहीं कराई गई तो मंदिर की स्थिति और ज्यादा खराब हो जाएगी।



**मंदिर में स्थापित हैं प्राचीन अष्टधातु की बहुमूल्य मूर्तियां:** मंदिर की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यहां स्थापित प्राचीन अष्टधातु की मूर्तियां हैं। मंदिर में भगवान राम, लक्ष्मण, माता जानकी, राधा-कृष्ण और हनुमान जी की प्राचीन अष्टधातु की बहुमूल्य मूर्तियां स्थापित हैं।इन मूर्तियों की धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से काफी महत्व माना जाता है। श्रद्धालुओं के अनुसार ये मूर्तियां कई सदियों पुरानी हैं और इस क्षेत्र की आस्था से गहराई से जुड़ी हुई हैं।लेकिन मंदिर की जर्जर हालत के कारण इन मूर्तियों पर भी खतरा मंडराने लगा है। यदि भवन का कोई हिस्सा गिरता है तो मूर्तियां भी क्षतिग्रस्त हो सकती हैं।

**हनुमान मंदिर की छत भी जर्जर:** मंदिर परिसर में स्थित हनुमान मंदिर की छत भी काफी कमजोर हो चुकी है। छत में जगह-जगह दरारें पड़ चुकी हैं और प्लास्टर भी गिरने लगा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी भी समय छत का कोई हिस्सा गिर सकता है, जिससे मंदिर में स्थापित मूर्तियों को नुकसान पहुंच सकता है।श्रद्धालुओं का कहना है कि यदि समय रहते छत की मरम्मत नहीं कराई गई तो यह स्थिति और गंभीर हो सकती है।

**टूटी सीमा दीवार से बढ़ा चोरी का खतरा:** मंदिर की बाहरी सीमा दीवार कई जगह से टूट चुकी है। इस वजह से मंदिर परिसर पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सीमा दीवार टूटने के कारण रात के समय कोई भी व्यक्ति आसानी से मंदिर परिसर में प्रवेश कर सकता है। इससे मंदिर में स्थापित बहुमूल्य मूर्तियों और अन्य धार्मिक वस्तुओं की चोरी का खतरा भी बढ़ गया है।श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर की सुरक्षा के लिए मजबूत सीमा दीवार का होना बेहद जरूरी है।

**पुजारी आवास और भोजन गृह भी हो चुके हैं नष्ट:** मंदिर परिसर में बने पुजारी आवास और भोजन गृह की स्थिति भी बेहद खराब हो चुकी है। दोनों भवन लगभग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और अब वहां रहने की स्थिति नहीं बची है।पहले मंदिर में आने वाले साधु-संतों और पुजारियों के ठहरने की व्यवस्था यहीं हुआ करती थी, लेकिन अब इन भवनों के नष्ट हो जाने के कारण यह व्यवस्था पूरी तरह समाप्त हो चुकी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर के पुनर्निर्माण के साथ-साथ पुजारी आवास और भोजन गृह का भी निर्माण कराया जाना चाहिए।

**श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने उठाई आवाज:** मंदिर की खराब स्थिति को लेकर स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने प्रशासन से कई बार मांग की है कि मंदिर के जीर्णोद्धार की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।लोगों का कहना है कि यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं बल्कि शहर की ऐतिहासिक पहचान का भी हिस्सा है। इसलिए इसका संरक्षण और जीर्णोद्धार किया जाना बेहद आवश्यक है।श्रद्धालुओं का मानना है कि यदि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस दिशा में पहल करें तो मंदिर को फिर से भव्य रूप दिया जा सकता है।

**जनसहयोग से जीर्णोद्धार की अनुमति देने की मांग:** प्रार्थी और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से यह भी मांग की है कि यदि शासन स्तर पर तत्काल कोई बजट उपलब्ध नहीं है तो मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए जनसहयोग से कार्य कराने की अनुमति दी जाए।

### गैस की किल्लत से जूझ रही जनता को लूटने का एजेंसियों ने अपनाया नया तरीका

# सिलेंडर का वजन जरूर कराएं, गोदाम में अवैध रिफलिंग का वीडियो आया सामने

**रीवा।** बस स्टैण्ड स्थित पापुलर गैस एजेंसी के गोदाम का एक वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो किसी की भी आंख खोल देगा। एक तरफ जहां जनता गैस सिलेंडर के लिए लाइनों में लग रही है। मारामारी मची हुई हे। सरकार ने सिलेंडर रिफलिंग के नियम तक बदल दिए। होटल और रेस्टारेंट तक बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। इस संकट की घड़ी में जनता का दुख दूर करने की जगह एजेंसी संचालक आपदा में अवसर तलाश रहे हैं। गैस गोदाम में अवैध रिफलिंग का कारोबार शुरू कर दिए हैं। भरे सिलेंडरों से गैस चोरी कर खाली सिलेंडरो को भरा जा रहा है। यह वीडियो किसी को भी हैरान कर देने वाला है। अब इस वीडियो को देखने के बाद यह कहना भी जल्दबाजी होगी कि यह अवैध कारोबार अभी शुरू हुआ। यह भी संभव है कि पहले से ही उपभोक्ताओं के सिलेडर में डाका डाला जा रहा था। उन्हें कम वजन का सिलेंडर बेचा जा रहा था। जब मारामारी मची तो पोल खुल गई है। हालांकि प्रशासन इस मामले में अब तक कोई भी एक्शन नहीं ले पाई है।



**ब्लैक में बेचने पर होती है मोटी कमाई:** रीवा मे कई होटल, रेस्टोरेंट,चाय गुमटी के ठेले घरेलू गैस सिलेंडर के भरोसे ही चल रहे हैं। इसके अलावा कई ऐसे भी उपभोक्ता हैं, जिनके पास गैस कार्ड नहीं है। वह ब्लैक में ही सिलेंडर लेकर काम चला रहे हैं। इन लोगों को ही अवैध रिफलिंग से सिलेंडर सप्लाई की जाती है। इस अवैध कारोबार से प्रति सिलेंडर गैस एजंसी के कर्मचारी 2 हजार रुपए तक कमाते हैं। अब ऐसा भी नहीं है कि इसकी भनक गैस एजेंसी के संचालकों को न हो।

**2 वीडियो हुए वायरल:** पापुलर गैस एजेंसी के गोदाम में अवैध गैस रिफलिंग के दो वीडियो सामने आए हैं। इन दोनों में दो टंकियों को जोड़कर कर्मचारी गैस की रिफलिंग कर रहे हैं। भरे सिलेंडरों से गैस चोरी कर खाली सिलेंडर भरे जा रहे हैं। इसी अवैध तरीके से सिलेंडरों को बाजार में होटल, रेस्टोरेंटों में ब्लैक किए जा रहे हैं। भले ही रीवा में गैस की किल्लत मची हो लेकिन कोई भी होटल, रेस्टारेंज गैस की कमी से बंद नहीं हुआ। सभी कामर्शियल की जगह घरेलू सिलेंडर से ही चल रहे हैं। आखिरकार इन्हें यह सिलेंडर मिल कहां से रहे हैं। इसकी भी जांच जिला प्रशासन ने बंद कर दी है।

**वजन कराकर ही ले सिलेंडर:** यदि आप भी पापुलर गैस एजेंसी के कस्टर हैं तो अभी से सतर्क हो जाइए। यदि आपके घर कर्मचारी सिलेंडर लेकर आता है या फिर आप सिलेंडर लेने जाते हैं तो वजन जरूर कराएं। यदि ऐसा नहीं कराएंगे तो कम वजन का सिलेंडर आपके घर पहुंच जाएगा। यह सिलेंडर फिर 10 दिन भी नहीं चलेगा। ऐसे में यह लापरवाही आपको भारी पड़ सकती है। 15 दिन लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाकर गुजारना पड़ सकता है।

## अंतर्राज्यीय बस अड्डा ट्रांसपोर्ट नगर में ही विकसित करने का निर्णय, तैयारियों पर काम शुरू

### एक साल के अंदर काम शुरू होने की उम्मीद

**रीवा।** ट्रांसपोर्ट नगर में पुराने बस स्टैंण्ड को ले जाने की योजना लंबे समय से थी लेकिन व्यापारियों के विरोध के कारण यह सफल नहीं हो पाया। अब नगर निगम ने पूरी तैयारी कर ली है। बसों को बाहर ही रोकने के लिए रीवावालों को अंतरराज्यीय बस अड्डा की सौगात दी जाएगी। इस बस अड्डा को इतना आकर्षक बनाया जाएगा कि देखने वाले भी दंग रह जाएंगे। रीवा का एयरपोर्ट भी इसके सामने फीका पड़ जाएगा। टर्मिनल भवन के साथ ही पूरे ट्रांसपोर्ट नगर को ही चमकाने की तैयारी चल रही है। फिलहाल इस पर काम शुरू करने से पहले शासन से कंपनी को सर्वे और मॉडल तैयार करने के लिए हायर किए जाने की अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलते ही सर्वे और मॉडल पर काम शुरू हो जाएगा।



**पीपीपी मोड पर होगा पूरा काम:** ट्रांसपोर्ट नगर में बनने वाले अंतरराज्यीय बस अड्डा का निर्माण पीपीपी मोड पर होगा। इसमें सरकार जमीन देगी और इन्वेस्टर फंड लगाएगा। इन्वेस्टर को लगने वाली लागत निकालने के लिए जरूर कुछ क्षेत्र में दुकानों का निर्माण करने और उससे कमाई करने की छूट दी जाएगी। इससे दोनों को काम निकल जाएगा। नगर निगम को भी इससे फायदा होगा। सरकारी जमीन भी सुरक्षित रहेगी और अंतरराज्यीय बस अड्डा मिल जाएगा।

**एक साथ 70 से अधिक बसें खड़ी हो पाएंगी:** ट्रांसपोर्ट नगर में बनने वाले अंतरराज्यीय बस अड्डा में एक साथ 70 से अधिक बसें खड़ी हो पाएंगी । इसी जगह पर बस आपरेटरों के लिए आफिस, होटल, स्टे सुविधा, एसी, नान एसी कमरे सहित कैफेट एरिया व अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट नगर में वाहनों की भीड़ और आवाजाही को कंट्रोल करने के लिए ट्रैफिक सिस्टम भी डेव्हलप किया जाएगा।

**सब कुछ ठीक चला तो 6 महीने में काम शुरू हो जाएगा:** अंतरराज्यीय बस अड्डा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। यदि सब कुछ काम चला तो टेंडर प्रक्रिया पूरी होने और काम शुरू होने में 6 महीने से अधिक का वक्त नहीं लगेगा। सबसे बड़ी दिक्कत नगर निगम के सामने इन्वेस्टर की आएगी। बड़ा इन्वेस्टर नगर निगम को तलाशना ही बड़ी बात होगी। यदि इन्वेस्टर मिल गया तो फिर काम शुरू होने और पूरा होने में वक्त नहीं लगेगा।

## किसानों को जागरूक करते हुए दिया गया प्रशिक्षण

**रीवा।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में जनपद पंचायत गंगेव के ग्राम पंचायत खरहरी में एक दिवसीय कृषक जागरूकता अभियान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में गंगेव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों जैसे माला, खरहरी, जोड़ोंरी, बहिवार और बड़ोखर के बड़ी संख्या में किसान सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.एल. वर्मा ने किसान राजेंद्र शुक्ला एवं विजयशंकर शुक्ला सहित अन्य उपस्थित किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण सामग्री का वितरण किया। उन्होंने बताया कि चयनित क्लस्टर खरहरी, बेलवा बड़गैयान, बेलवा कुर्मियान का मुख्य लक्ष्य रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा देकर मिट्टी की उर्वरता को पुनर्जीवित करना और किसानों की आय बढ़ाना है। आत्मा परियोजना के तकनीकी प्रबंधक दीपक कुमार श्रीवास्तव एवं दीपिका तिवारी ने प्राकृतिक खेती के बारे में किसानों को बताया कि प्राकृतिक खेती एक ऐसी पद्धति है जहाँ रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का शून्य उपयोग होता है। इसके बजाय स्थानीय संसाधनों जैसे जीवामृत, घनजीवामृत, आच्छादन (मल्चिंग) और फसल विविधता का उपयोग किया जाता है, जिससे सूक्ष्मजीवों की सक्रियता बढ़ती है। गंगेव फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी एवं जैव-आदान संसाधन केंद्र धवईया के निदेशक रामशरण तिवारी ने बताया कि प्राकृतिक खेती से किसानों की बाजार पर निर्भरता खत्म होती है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत खरहरी में संचालित गौ-शाला और बी.आर.सी. के बीच समन्वय स्थापित करने पर चर्चा हुई।

## अध्यक्ष और सचिव पद चुनाव में भी पंजीकरण समयावधि बंधन नहीं हो : डॉ श्रद्धा सिंह

### महिला आरक्षण एवं चुनावी विसंगतियों को लेकर सामान्य सभा की बैठक बुलाने जिला अधिवक्ता संघ को सौंपा गया ज्ञापन

**रीवा।** नारी चेतना मंच की पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता डॉ श्रद्धा सिंह ने शनिवार को जिला अधिवक्ता संघ रीवा को संबोधित एक ज्ञापन में अधिवक्ता संघ चुनाव में महिला आरक्षण को प्रभावी बनाने एवं उम्मीदवारों की पात्रता संबंधित विसंगतियों को दुरुस्त करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जिला अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी भंग है। ऐसी स्थिति में महिला आरक्षण और उम्मीदवारों की पात्रता संबंधी विसंगतियों को दूर करने के सामान्य सभा की बैठक बुलाकर निर्णय लिया जाना चाहिए। ज्ञापन की प्रतिलिपि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर मध्यप्रदेश एवं ज़िला सत्र न्यायालय रीवा को भेजी गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता घनश्याम सिंह सहित अनेक वकीलों ने ज्ञापन में हस्ताक्षर किए हैं। डॉ श्रद्धा सिंह ने बताया कि गत 25 मार्च को सम्पन्न होने वाले जिला अधिवक्ता संघ रीवा के चुनाव में महिला आरक्षण को लेकर माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देशों का अनुपालन नहीं होने की दशा में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा 24 मार्च को चुनावी प्रक्रिया पर स्थगनादेश देते हुए संबंधित मामले की सुनवाई आगामी 8 अप्रैल निर्धारित की है। इसके चलते इधर चुनावी शोरगुल बंद है। डॉ श्रद्धा सिंह ने बताया कि जिला अधिवक्ता संघ रीवा के अध्यक्ष और सचिव पद के चुनाव में उम्मीदवार के लिए पंजीकरण वर्ष की लम्बी समयावधि अहर्ता है जबकि अन्य पदों एवं कार्यकारिणी सदस्य के लिए ऐसा कोई बंधन नहीं है। डॉ श्रद्धा सिंह ने कहा कि इस तरह के दोहरे मापदंड नहीं होना चाहिए।



## प्रेमिका से मिलने पहुंचा युवक, परिवार ने बंधक बनाकर पीटा, पुलिस ने शटर तोड़कर बचाई जान

**रीवा।** जिले में शनिवार देर शाम एक सनसनीखेज मामला सामने आया, जहां प्रेम प्रसंग के शक में एक युवक को घर के अंदर बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा गया। घटना नौबस्ता चौकी क्षेत्र के सकरवट गांव की है, जहां युवक को रस्सियों से बांधकर कई घंटों तक लाठी-डंडों से पीटा जाता रहा। बताया जा रहा है कि युवक को एक महिला ने अपने घर बुलाया था। इसी दौरान घर के अन्य सदस्यों ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने युवक पर आरोप लगाते हुए उसे घर के अंदर शटर बंद कर कैद कर लिया और जमकर मारपीट की।

**चीख-पुकार सुन बचाने पहुंचे परिजन:** युवक की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और उसके परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चोरहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घर में मौजूद लोगों से दरवाजा खोलने को कहा, लेकिन जब उन्होंने इनकार कर दिया तो पुलिस ने शटर का ताला तोड़ दिया।



**रस्सी से बंधे थे हाथ-पैर:** अंदर का नजारा देख पुलिस भी सन्न रह गई। युवक खून से लथपथ हालत में पड़ा था और उसके हाथ-पैर रस्सियों से बंधे हुए थे। पुलिस ने तत्काल उसे मुक्त कर इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा, जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। फिलहाल, दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बांस घाट में दो गाड़ियां जलकर हुई खाक, मोहल्ला सुलगने से बचा

**रीवा।** घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। सिविल लाइन थाना अंतर्गत बांस घाट में संचालित एक कार गैराज में दो कार बनने के लिए पहुंची थी। शाम होने पर गैराज संचालक काम खत्म कर ताला लगाकर घर चला गया था। तभी कुछ देर बाद गैराज संचालक के पास फोन पहुंचा कि उनके गैराज में भीषण आग लग गई है। गैराज संचालक मौके पर पहुंचा तो आग विकराल रूप ले चुकी थी। इसकी सूचना तुरंत पुलिस और फायर बिग्रेड को दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि इस आगजनी की घटना में दो गाड़ियों को ही नुकसान पहुंचा। आग फैलती उसके पहले ही काबू पा लिया गया।

**दो गाड़ियां जली, शार्ट सर्किट बनी वजह :** गैराज में दो गाड़ियां बनने के लिए पहुंची थी। दोनों में आग लगने की वजह शार्ट सर्किट मानी जा रही है।

### कृषि महाविद्यालय रीवा में विकसित भारत 2047 विजन के लिए कार्ययोजना की गई तैयार

# विज्ञान और कृषि नवाचार पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

**रीवा।** कृषि महाविद्यालय रीवा में विकसित भारत 2047 के लिए विज्ञान और कृषि के नवाचार÷ विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का रविवार को समापन हो गया। यह सम्मेलन 28 से 29 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों ने भाग लेकर कृषि के क्षेत्र में नए शोध और नवाचारों पर विचार-विमर्श किया।इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन पंडित श्याम दुलारे शिक्षा एवं शोध संस्थान रीवा, कृषि महाविद्यालय रीवा और एकेएस यूनिवर्सिटी सतना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए कृषि क्षेत्र में विज्ञान आधारित नवाचारों को बढ़ावा देना और किसानों की आय तथा जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा करना था।पंडित श्याम दुलारे शिक्षा एवं शोध संस्थान रीवा की स्थापना पूर्व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित श्याम दुलारे तिवारी की स्मृति में की गई है। वे रीवा जिले के कपसा गांव के निवासी थे और देश की स्वतंत्रता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था।इसी प्रेरणा से स्थापित यह संस्थान शिक्षा और शोध के क्षेत्र में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

सम्मेलन का आयोजन संस्थान के सचिव श्री अभिनव तिवारी और उपाध्यक्ष डॉ. रघुराज किशोर तिवारी के मार्गदर्शन में किया गयाराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह के मुख्य अतिथि चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. आलोक चौबे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के संचालक शोध सेवाएं डॉ. जीके कौतू ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पशु चिकित्सक डॉ. शंकरदत्त द्विवेदी उपस्थित रहे।इसके अलावा कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके त्रिपाठी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रघुराज किशोर तिवारी, विभागाध्यक्ष डॉ. बीएम मौर्य, डॉ. आरपी जोशी, डॉ. वीके सिंह और डॉ. एके पांडेय सहित अन्य प्राध्यापक एवं शोधकर्ता भी उपस्थित रहे।समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. आलोक चौबे और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. जीके कौतू का अधिष्ठाता द्वारा मोमेंटो और शॉल भेंट कर सम्मान किया गया।इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. शंकरदत्त द्विवेदी का भी मोमेंटो और शॉल देकर सम्मान किया गया। अधिष्ठाता डॉ. एसके त्रिपाठी का सम्मान डॉ. मनीषा द्विवेदी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष और सभी विभागाध्यक्षों का भी पुष्पगुच्छ एवं शॉल देकर सम्मान किया गया।मुख्य अतिथि डॉ. आलोक चौबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति वैज्ञानिक सोच रखता है और कृषि के क्षेत्र में नया प्रयोग करता है, वह देश के विकास में बड़ा योगदान दे सकता है।उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में नवाचार और वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और उनका जीवन स्तर भी बेहतर बनेगा।डॉ. चौबे ने यह भी कहा कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से आए वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए शोध परिणाम भविष्य में कृषि नीति निर्धारण में उपयोगी साबित हो सकते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. जीके कौतू ने सम्मेलन के आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कृषि क्षेत्र में नई चुनौतियों का सामना करना होगा।उन्होंने कहा कि किसानों को खेती में नवाचार करते हुए समन्वित कृषि प्रणाली को अपनाना होगा। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए नई फसल प्रजातियों का विकास भी जरूरी है।उन्होंने वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं से अपील की कि वे ऐसे शोध करें जो सीधे किसानों के हित में उपयोगी साबित हों।विशिष्ट अतिथि डॉ. शंकरदत्त द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि देश में कृषि उत्पादन बढ़ाने में वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों के शोध और नई तकनीकों के कारण ही किसानों को बेहतर बीज, उन्नत खेती पद्धतियां और आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध हो पाए हैं।कार्यक्रम के दौरान कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके त्रिपाठी ने महाविद्यालय और कृषि विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में लगातार शोध कार्य और नवाचार किए जा रहे हैं, जिससे किसानों को नई तकनीकों और उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी मिल रही है।

# कार्यकर्ताओं को वरिष्ठों का सम्मान कर ,उनसे मार्गदर्शन लेते हुए करना चाहिए काम: हेमंत खंडेलवाल





**समय जगत,हरदा।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है, जो राष्ट्र को प्रथम रखते हुए कार्य करता है। पार्टी उसमें दो नंबर पर होती है,तीन नंबर पर व्यक्ति कार्यकर्ता आता है। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यकर्ताओं को बड़ा दिल रखकर कार्य करना चाहिए और हमेशा हमारे पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान एवं समय समय पर उनसे मार्गदर्शन लेते हुए काम करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर हमारा कोई साथी छूट गया है,किसी कारणवस नाराज हो गया है,हमसे दूर हो रहा है,तो उसे पास करने का प्रयास करना चाहिए। इसके पश्चात उन्होंने यह भी कहा कि कार्यकर्ता को अपनी भूल को याद रखते हुए और सामने वाले की भूल को माफ करते हुए बड़े दिल के साथ कार्य करना चाहिए,जिससे भारतीय जनता पार्टी और अधिक मजबूत हो और आने वाले समय में और अधिक गति से हम कार्य कर सकें।समापन सत्र में कमल पटेल,प्रभु राम चौधरी,भरत राजपूत,राजेश वर्मा,देवी सिंह सांखला,बसंत राजपूत, नितेश बादर,राजेश गोदारा,मनीष निशोद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत संदीप ने डेयरी उत्पाद निर्माण इकाई स्थापित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ाया महत्वपूर्ण कदम



**समय जगत, टीकमगढ़।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) योजना के अंतर्गत जिले के उद्यमियों को खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में चकरा तिगैला टीकमगढ़ निवासी संदीप सिंह घोष ने डेयरी उत्पाद निर्माण इकाई स्थापित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। पूर्व में संदीप सिंह घोष पारंपरिक तरीके से दूध उत्पादन कर उसे स्थानीय बाजार में बेचते थे, जिससे उन्हें सीमित आय प्राप्त होती थी। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से पीएमएफएमई योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने डेयरी उत्पाद प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए आवेदन किया। संदीप सिंह घोष ने बताया कि योजना के अंतर्गत उन्हें परियोजना लागत पर 35 प्रतिशत अनुदान का लाभ प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि इकाई स्थापित कर वर्तमान में दूध से दही, पनीर, घी, विविध प्रकार की मिठाईयां तथा अन्य डेयरी उत्पाद तैयार कर स्थानीय बाजार में विक्रय कर रहे हैं। इससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्तमान में वे प्रतिमाह लगभग बीस से पच्चीस हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रहे हैं तथा अपने उद्यम के माध्यम से स्थानीय स्तर पर तीन से चार लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीमहावीर जन्म कल्याणक महोत्सव आज,नगर में आयोजित होगी भव्य शोभा यात्रा



**समय जगत,हरदा।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव आज तीस मार्च को सकल जैन समाज के तत्वाधान में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है,जिसमें सभी सहधर्मी श्रद्धालु को आमंत्रित किया जा रहा है।जैन समाज के सचिव राहुल गंगवाल जैन और संजय जैन ने प्रेस वार्ता में बताया कि आज तीस मार्च सोमवार को प्रात: प्रभात फेरी के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी,जिसके बाद भगवान की पूजा पाठ,अभिषेक और शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। शोभा यात्रा संपूर्ण शहर में गाजे बाजे के साथ परंपरागत वेशभूषा में निकाली जाएगी,जिसमें पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्र और महिलाएं केसरिया वस्त्र पहनकर शामिल होंगे।शोभा यात्रा के उपरांत दस बजे मंदिरजी में भगवान जी के जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत अभिषेक, शांति धारा और कलश का कार्यक्रम रखा गया है। इसके बाद सामूहिक वात्सल्य भोज का आयोजन किया जाएगा।महिला परिषद के तत्वावधान में शासकीय अस्पताल और वृद्ध आश्रम में फल वितरण और दीनदयाल उपाध्याय भोजन शाला में भोजन वितरण का आयोजन भी किया जाएगा।शाम को महा आरती का आयोजन रखा गया है।सकल जैन समाज के सभी सदस्यों और शहरवासियों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव को सफल बनाएं।

### स्वच्छ जल, सुरक्षित भविष्य : परसोडी में सेवा समागम कार्यक्रम किया गया आयोजित




**समय जगत, पांढुरना (देवेन्द्र खुरसंगे)।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान (द्वितीय चरण) के अंतर्गत ग्राम परसोडी में जल संरक्षण को समर्पित जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन, जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन एवं विकासखण्ड समन्वयक श्री दिलीप आठनेरे के नेतृत्व में संपन्न हुआ।इस दौरान नवांकुर संस्था अवध विद्यापीठ शिक्षण समिति द्वारा ग्राम के प्राथमिक शाला परिसर स्थित जल स्त्रोत एवं सोख पीट क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया।जल स्त्रोतों के आसपास जमी गंदगी को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया तथा ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बताया गया कि स्वच्छ जल स्त्रोत न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।साथ ही जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने, वर्षा जल संचयन अपनाने और जल के समुचित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष श्री राजेश कुमार मानकर, प्रस्फुटन समिति की अध्यक्षा अनुसुइया ऊईके सहित समिति के सदस्य, स्थानीय ग्रामीणजन एवं स्कूली छात्र–छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।सभी ने जल संरक्षण का संकल्प लिया और अभियान को जन–जन तक पहुंचाने का आव्हान किया।

### नि:शुल्क विशाल नेत्र शिविर एवं रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**समय जगत,हरदा।** महिला आस्था सेवा समिति,मारवाड़ी अग्रवाल समाज एवं मारवाड़ी महिला मंडल के सयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क विशाल नेत्र शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन अग्रसेन पैलेस में किया गया।डॉ प्रमोद भूमरकर द्वारा शिविर में साठ मरीज़ों की जांच की गई,जिनमें मोतियाबिंद पाया गया उनका ऑपरेशन सोमवार आज मिशन नेत्रालय शिवम वाटिका में किया जाएगा।शिविर में ऑय ड्राप और दवाईयां वितरित की गई।रक्तदान शिविर का आयोजन भी रखा गया था, जिसमें पंद्रह लोगों द्वारा रक्त दान किया गया है।मुख्यातिथि सीएमएचओ जिला स्वास्थ्य अधिकारी एचपी सिंह एवं डॉ प्रमोद भूमरकर रहे।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आभा अग्रवाल द्वारा किया गया।

### महावीर जयंती पर अवकाश तिथि में बदलाव, अब आज 30 मार्च को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**समय जगत, पांढुरना।** मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा इस वर्ष के लिए घोषित अवकाशों में 31 मार्च (मंगलवार) को महावीर जयंती का सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश निर्धारित किया गया था।साथ ही स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टरों को अवकाश तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार भी प्रदान किया गया है।उक्त निर्देशों के पालन में तथा जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए छिंदवाड़ा जिले के लिए अवकाश तिथि में संशोधन किया गया है।अब महावीर जयंती के अवसर पर 31 मार्च के स्थान पर 30 मार्च (सोमवार) को पूरे जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार 31 मार्च (मंगलवार) को जिले के सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थाएं सामान्य रूप से संचालित रहेंगे।

## 5वीं ,8वीं बोर्ड एग्जाम में सर्वोत्तम परिणाम के साथ तहसील टॉपर बना लिटिल लीडर्स इंटरनेशनल स्कूल



**समय जगत खिरकिया।** जब मेहनत करो तो सफ़लता जरूर मिलती है। इसी बात को लिटिल लीडर्स इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने सिद्ध कर दिखाया है। कक्षा 5वीं में किनिशा अग्रवाल ने 379/400 यानी 94.75 प्रतिशत अंक लाकर किया तहसील में टॉप साथ ही आराध्या ,अग्रवाल वंशिका यादव आरिनी गंगराड़े जसकीरत सिंह खनूजा ,हितांश सोनी कविश मालू ,रावी तापड़िया आरव सिंह राजपूत आरती केशरवानी,अभिनव भंडारी,अक्षिता जैन आदित्य कुशवाहा,प्रज्ञा राठौर ने क्रम से तहसील ब्लाक में टॉप स्थान प्राप्त किया इसके साथ कक्षा 8वीं में ग्रीष्मा पवार,अविका राजपूत,धर्मिष्ठा मालाकार,गरिमा पवार,रश्मि विश्नोई,शेजल विश्नोई,आरना यादव,समर्थ गौर ने तहसील टॉपर्स में स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष कक्षा 5वीं एवं 8 वीं के बोर्ड एग्जाम में कक्षा 5वीं के 10 बच्चों ने तहसील टॉप किया है। वही 8वीं में 6 बच्चों ने टॉप 10 में जगह बनाई हैं इसके साथ कक्षा 5 में 30 में से 14 बच्चों ने + ग्रेड मतलब 85 प्रतिशत से अधिक प्रतिशत लाएं हैं एवं 8वीं में 18 में से 9 बच्चों ने + ग्रेड लाएं हैं जो अपने आप में एक विशेष उपलब्धि रहीं है। पिछले वर्ष भी लिटिल लीडर्स इंटरनेशनल स्कूल ने तहसील में टॉप टेन टॉपर दिए थे इतिहास बनाने से कहीं अधिक इतिहास को दोहराना कठिन होता है। लेकिन इतिहास दोहरा कर यह साबित होता है कि स्कूल का पढ़ाई को लेकर कितना परिश्रम है। संचालक यशपाल कुशवाह ने बताया कि स्कूल न केवल किताबी ज्ञान में आगे बल्कि वह समय के साथ अपडेट होता रहा है। स्कूल में कंप्यूटर एआई रोबोटिक्स लैब इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं । साथ ही साथ खेल प्रतियोगिता में भी अव्वल रही हैं, प्रिंसिपल एल एन राजपूत ने समस्त स्टाफ के साथ बच्चों एवं अभिभावक को इस सफलता की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ पुरस्कार वितरण एवं विदाई समारोह आयोजित



**समय जगत जीरापुर।** रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में भव्य गरिमामय पुरस्कार वितरण एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था संचालक रणधीर सिंह, संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह एवं प्राचार्य शैलेंद्र जोशी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ की गई। समारोह का मुख्य आकर्षण कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की विदाई रही, जहां कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को भावुक माहौल में विदाई दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए यादगार पलों को ताजा किया, जिससे वातावरण भावुक हो उठा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शानदार झलक देखने को मिली। विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक एवं अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया । इसके साथ ही खेल एवं अन्य गतिविधियों में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था संचालक रणधीर सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन सफलता की नींव होता है अनुशासन, मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण से ही जीवन में ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है । उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने विदाई अवसर पर अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में बिताए गए वर्ष उनके जीवन के सबसे महत्वपूर्ण और यादगार पल रहे हैं। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि विद्यालय द्वारा प्रदान की गई उत्कृष्ट सुविधाएं, शिक्षकों का मार्गदर्शन एवं विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों ने उनके शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आयोजित विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण में 110 शिक्षक हुए शामिल



**समय जगत, सिवनी मालवा।** जिला शिक्षा केंद्र नर्मदापुरम द्वारा संचालित डिजी–उड़ान पहल के अंतर्गत सिवनी मालवा विकासखंड में कृत्रिम बुद्धिमता विषय पर विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण में शासकीय विद्यालयों से 110 शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।मुस्कान ड्रीम्स क्रिएटिव फाउंडेशन ने शिक्षकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मूलभूत अवधारणाओं से अवगत कराते हुए उसका उपयोग क्यों आवश्यक है, तथा शिक्षा के क्षेत्र में उसका प्रभावी उपयोग कैसे किया जा सकता हैं।जैसे विषयों पर चर्चा की गई।प्रशिक्षण में बताया गया कि एआई के माध्यम से शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रोचक और छात्र–केंद्रित बनाया जा सकता है।जिससे छात्रों की सीखने की गुणवत्ता में सुधार होगा और शिक्षकों का कार्य भी सरल और व्यवस्थित होगा।कार्यक्रम में शिक्षकों को एआई टूल्स के माध्यम से पाठ योजना निर्माण, कंटेंट क्रिएशन, मूल्यांकन, डिजिटल संसाधनों का उपयोग तथा कक्षा शिक्षण को इंटरएक्टिव बनाने की व्यावहारिक जानकारी दी गई।संस्था की प्रतिनिधि खुशबू ने प्रशिक्षण का संचालन किया।जिसमें विकासखंड स्त्रोत समन्वयक संगीता यादव, बीएसी, सीएसी, एमआईएस कोऑर्डिनेटर का सहयोग रहा।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनाये गए गुलाब सिंह परमार



**झाबुआ।** मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने संगठन और पार्टी को धार देने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने मोर्चा के जिलाध्यक्षों के नामों पर मुहर लगा दी है। 28 अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्षों का ऐलान करते हुए बीजेपी ने सूची जारी कर दी है। जिसमें झाबुआ भी शामिल हैं झाबुआ से पूर्व में दो बार रहे अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष गुलाबसिंग परमार को फिर से जिला अध्यक्ष बना कर अनुसूचित जाति मोर्चा की कमान सौपी है। जिलाध्यक्ष की घोषणा होते ही भाजपा जिलाध्यक्ष भानु भूरिया व पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुलाब सिंह परमार का फूलमाला पहना कर सुवागत किया तो वहीं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रेमसिंह बसोड़,राजू धानक,पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश जाटव,जिला महामंत्री दशरथ सिंह कट्ठा,जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिसोदिया, जगदीश नानोलिया, मुकेश सिसोदिया,मनीष वाघेला,धीरेंद्र जामुनिया कन्यालाल लाखेरी सहित अनेकों कार्यकर्ताओं ने बधाईयां दी हैं।

## कन्यादान फाउंडेशन ने विजेता को प्रदान की स्कूटी



**समय जगत, आष्टा ।** सामाजिक संस्था कन्यादान फाउंडेशन द्वारा विजेता पायल अग्रवाल को ईनाम स्वरूप स्कूटी प्रदान की गई ।इस दौरान स्कूटी हैंड ओवर प्रोग्राम मे संस्था के संस्थापक ऋषि सरदाना, काजल,बिजनेस हेड दीपा श्रीवास्तव, ट्रेनर प्रियंका अग्रवाल, ट्रेनर दीपिका राठौर, सोशल अवेयरनेस प्रिया,वैशाली, सत्या दुलारी, रीता, रेखा आदि अलग–अलग स्थानों कार्यक्रम में पहुंचीं ।विनर पायल को स्कूटी प्रदान कर मौजूद सदस्यों ने बधाई और शुभकामनायें दीं ।वहीं कन्यादान फाउंडेशन की बिज़नस हेड दीपा श्रीवास्तव ने बताया कि आत्मनिर्भर बनने के लिए महिलाओं के कन्यादान फाउंडेशन उनके अपने पैरों पर खड़े होने के लिए मदद करता है, जिससे महिलाओं की तरक्की के रास्ते खुलते हैं ।इसी तरह पायल अग्रवाल ने कन्यादान फाउंडेशन के तहत अपने सपने को साकार कर स्कूटी का इनाम जीता है ।

## खाचरौद में भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान हुआ संपन्न




**समय जगत खाचरौद।** भारतीय जनता पार्टी खाचरोद मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान का आयोजन पोरवाल धर्मशाला, खाचरौद में दो दिनों तक किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में कुल 8 सत्र आयोजित हुए, जिनमें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली एवं योजनाओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार सुबह 9. 30 बजे दीप प्रज्ज्वलन, वंदेमातरम, स्वागत एवं वर्ग गीत के साथ हुआ।

प्रथम सत्र में वैचारिक अधिष्ठान विषय पर सुल्तान सिंह शेखावत ने संबोधित किया। इस सत्र की अध्यक्षता मीसाबंदी सुरेश छाजेड़ ने की एवं संचालन अमित सेठी ने किया।

द्वितीय सत्र में सोशल मीडिया, एआई, नमो ऐप एवं संगठन ऐप विषय पर डॉ. जगदीश चौहान ने जानकारी दी। अध्यक्षता गीता बाई अलोलिया ने की एवं संचालन सौरभ जैन ने किया। तृतीय सत्र में कार्यपद्धति एवं कार्यकर्ता विषय पर डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान ने मार्गदर्शन दिया। अध्यक्षता रामलाल नंदेड़ा ने की एवं संचालन नितेश संगितला ने किया। चतुर्थ सत्र में बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर राजपाल सिंह राठौर ने अपने विचार रखे। अध्यक्षता विजय सेठी ने की एवं संचालन गौरव शर्मा ने किया। पंचम सत्र में भाजपा का इतिहास एवं विकास विषय पर श्याम बंसल ने विस्तार से जानकारी दी। अध्यक्षता रखब चंद गेलड़ा ने की एवं संचालन प्रवीण बंटी जायसवाल ने किया। षष्ठम सत्र में केंद्र सरकार की योजनाओं पर अनिल फिरोजिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अध्यक्षता संतोष राठौड़ ने की एवं संचालन शांतिलाल चावला ने किया। सप्तम सत्र में कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर कृष्ण पाल सिंह झाला ने मार्गदर्शन दिया। अध्यक्षता जगदीश चौहान ने की एवं संचालन शांतिलाल अटोलिया ने किया। रविवार को आयोजित अष्टम एवं अंतिम सत्र में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर राजेश धाकड़ ने जानकारी दी। अध्यक्षता विनोद चतुर्वेदी ने की एवं संचालन सुमित गेलड़ा ने किया। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग के समापन पर मंडल अध्यक्ष मनीषा अखिलेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के खाचरौद मंडल प्रभारी अमित सेठी एवं वर्ग नियंत्रक दयाराम धाकड़ रहे।

# राज्य मंत्री पंवार ने 1 करोड़ 78 लाख के कार्यों का किया भूमिपूजन

## श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर सुविधा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मलावर में चल रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**समय जगत, सुठालिया/ब्यावरा ।** विधानसभा क्षेत्र के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थलों के विकास को नई दिशा देते हुए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार ने रविवार को 1 करोड़ 78 लाख 23 हजार रुपये की लागत से विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर 3 सीसी सड़क, 2 सामुदायिक भवन सहित कई महत्वपूर्ण कार्यों की आधारशिला रखी गई, जिससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन और जनसुविधाओं को नया विस्तार मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान श्री पंवार ने भगवान महाकाल के चरणों में नमन करते हुए कहा, आज का यह पावन दिवस भगवान महाकाल की प्रेरणा से उनके तीर्थ स्थलों के विकास कार्यों को समर्पित है। इन निर्माण कार्यों से श्रद्धालुओं को बेहतर और सुगम मार्ग उपलब्ध होंगे तथा हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने केंद्र एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा संस्कृति संरक्षण और तीर्थ विकास के लिए किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व की सराहना की। मंत्री पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में देश-प्रदेश में विकास और विरासत संरक्षण साथ-साथ आगे बढ़ रहे हैं।

मंत्री पंवार ने अपने संबोधन में वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों का जिक्रकरते हुए कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और तनाव के कारण आर्थिक अस्थिरता का माहौल बना हुआ है। इसके बावजूद भारत ने प्रधानमंत्री जी के सशक्त नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर अपनी साख को लगातार मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, वहीं भारत में संतुलित नीतियों के चलते आमजन को राहत देने का सफल



प्रयास किया गया है, जो देश की मजबूत आर्थिक रणनीति का प्रमाण है। इस दौरान मंत्री पंवार ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मलावर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित सरकारी इंजीनियर सुनील मंडलोई की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की अनदेखी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा गया कि सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और समयसीमा में पूर्ण किए जाएं, अन्यथा संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**कार्यों का किया भूमिपुजन:** ग्राम पंचायत गिंदौरहाट स्थित घुरेल पहाड़ी पशुपतिनाथ मंदिर में सामुदायिक भवन निर्माण पीएम रोड से कपिलेश्वर महादेव मंदिर तक सीसी रोड निर्माण कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सीसी नाली निर्माण ग्राम पंचायत मऊ में कबिट वाले मंदिर के समीप सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम जेपला में देव नारायण मंदिर से सुठालिया रोड तक सीसी रोड निर्माण ग्राम पंचायत मऊ में पीएम रोड से महादेव मंदिर तक सीसी सड़क निर्माण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मलावर में फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी लैब हेतु कक्ष निर्माण इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी, नारायण सिंह सालरियाखेड़ी , मानसिंह, जसवंत गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलवर यादव, अमित शर्मा, जगदीश पंवार, मंडल अध्यक्ष दिनेश मीना , राजू यादव, बलवान सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गिरराज लववंशी, दिनेश शिवहरे एसडीएम गोविंद कुमार दुबे, जनपद सीईओ आर.के. मंडल , एसडीओ प्रवीण भील , स्वाती एवं इंजीनियर कार्तिक राजपूत सहित संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 304 पेटी शराब के साथ पैकेजिंग सामग्री जब्त



**समय जगत, पथरिया ।** जिले में अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ पथरिया पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है । एसडीओपी प्रिया सिंधी व थाना प्रभारी अमित मिश्रा और उनके पूरे स्टाफ ने रेलवे पुलिया के सामने स्थित एक मकान में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध शराब का जखीरा बरामद किया है । पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है ।

**मकान बना था अवैध कारोबार का अड्डा :** पुलिस जब कार्रवाई करने पहुंची, तो नजारा चौंकाने वाला था । मकान के भीतर और बाहर योजनाबद्ध तरीके से शराब को छिपाकर रखा गया था । घर के अंदर खड़े वाहन की जब तलाशी ली गई, तो उसमें करीब 100 पेटी शराब लोड पाई गई । माना जा रहा है कि इस खेप को कहीं खपाने की तैयारी थी । पुलिस की टीम जब मकान की छत पर चढ़ी, तो वहां का नजारा देख दंग रह गई । छत पर 200 से अधिक पेटियां तरतीब से जमा कर रखी गई थीं । वक्त पुरिया वेदर शराब की कीमत करीब 15 लाख 30 हजार बताई जा रही है और जिस मकान में यह अवैध शराब और वाहन बरामद हुए हैं वह कोमल अहिरवार का मकान है ।

**पैकेजिंग और मिलावट की भी आशंका :** इस रेड में केवल शराब ही नहीं मिली, बल्कि पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में शराब की बोतलों के ढक्कन, बोतलों के लेबल और बड़ी पानी की टंकियां भी बरामद की हैं । इतनी बड़ी तादाद में ढक्कनों का मिलना इस बात की ओर पुख्ता संकेत देता है कि यहाँ न केवल शराब का भंडारण हो रहा था, बल्कि संभवत : अवैध तरीके से बोतलों की रिफिलिंग या मिलावट का खेल भी चल रहा था । थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने टीम के साथ पूरे मकान को चारों तरफ से घेर लिया था, ताकि किसी भी आरोपी को भागने का मौका न मिले । इस बड़ी सफलता के बाद पुलिस अब मामले की तह तक जाने में जुटी है । थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जानकारी मिली थी के एक गाड़ी में शराब लोड होकर कहीं से पथरिया आ रही है तो उसका पीछा करते हुए हम लोग पहुंचे तो रेलवे पुलिया के पास यह गाड़ी एक घर में चली गई जब पुलिस ने दबिश दी तो यहां अवैध शराब का जखीरा पाया गया, बाकी कार्रवाई चल रही है ।

**जांच के घेरे में कई नाम :** पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब कहाँ से लाई गई थी और इसका वितरण कहां होना था । जब्त वाहन के दस्तावेजों और मकान मालिक के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं । माना जा रहा है कि इस खुलासे के बाद कई और बड़े नामों पर गाज गिर सकती है ।

### चामुंडा माता मंदिर मऊ में विशाल भंडारा संपन्न



**समय जगत, सुठालिया ।** चैत्र नवरात्रि के समापन पश्चात मंदिरों में हवन पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया जा रहा है । गत शनिवार की रात्रि समीपस्थ ग्राम मऊ स्थित प्राचीन मां चामुंडा मंदिर में महाआरती के साथ विशाल भंडारा हुआ जिसमें बड़ी तादाद में सुठालिया,मऊ सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की । व्यवस्थाओं में सुठालिया पुलिस व श्रद्धालु लगे रहे । यहां हुए हवन शांति आयोजन के मुख्य यजमान थाना स्टाफ रहा जिन्होंने कन्याओं के पेर पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए । भंडारे में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार, भाजपा नेता अमित शर्मा, एसडीओपी प्रकाश शर्मा सहित गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि जिले के पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मी शामिल हुए भंडारे में सुठालिया थाना प्रभारी अनिल राहोरिया आशीष दुबे सहित पुलिस कर्मीयो चामुंडा मंदिर विकास सेवा समिति के सदस्य श्रद्धालु व पुलिस कर्मियों का सराहनीय सहयोग रहा । भंडारे का आयोजन देर रात्रि तक चला जिसमे बड़ी संख्या में महिला पुरुषो बच्चो ने भाग लेकर प्रसादी ग्रहण की । उल्लेखनीय हे कि यहां चैत्र एवं अश्विन नवरात्रि पर विशाल भंडारा आयोजित किया जाता हे ।

### गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा



**समय जगत, उचेहरा ।** नगर के वार्ड 2 दतीया मोहल्ला में सोनी परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया जा रहा है । उसी के उपलक्ष्य में नगर के मुख्य मार्ग में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें रथ पर कथा व्यास आचार्य गोविंद नारायण शुक्ला जी विराज मान थे । संगीतमय भागवत कथा बैठकी 29 को एवंकथा विश्राम , हवन 4 अप्रैल को होगा । कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक होगी । सभी भक्त अनुरागी सज्जनों से आयोजक गणों ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है ।

# 100प्रतिशत तक सब्सिडी के साथ बेटियों के लिए प्लॉट, ग्वालियर में दीप बिल्डवेल की अनोखी पहल

**आकाश दुबे -समय जगत, ग्वालियर।** बेटियों के उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में दीप बिल्डवेल प्रा. लि. ने एक सराहनीय पहल करते हुए अपनी विशेष हाउसिंग योजना की शुरुआत की है। सशक्त बेटी, सशक्त भारत के उद्देश्य के साथ शुरू की गई इस योजना के तहत बेटियों को संपत्ति स्वामित्व का अवसर प्रदान किया जाएगा।

इसी क्रम में कंपनी द्वारा ग्वालियर में अपने प्रोजेक्ट के फेज-4 को आधिकारिक रूप से लॉन्च किया जा रहा है, जो इस योजना को और अधिक लोगों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इस योजना के अंतर्गत लकी ड्रॉ के माध्यम से 100 प्रतिशत, 75प्रतिशत, 50प्रतिशत एवं 35प्रतिशत तक की सब्सिडी पर प्लॉट उपलब्ध कराए जाएंगे। यह पहल न केवल बेटियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि परिवारों को उनके सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव रखने का अवसर भी प्रदान करेगी। दीप बिल्डवेल प्रा. लि. के डायरेक्टर श्री धर्मेन्द्र सैनी ने इस अवसर पर कहा कि ग्वालियर में फेज-4 लॉन्च करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक परिवार इस योजना का लाभ उठाएं और बेटियों के नाम पर संपत्ति बनाकर उनके भविष्य को सुरक्षित करें।



उन्होंने आगे बताया कि कंपनी भविष्य में भी ऐसी सामाजिक योजनाओं के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**धोलेरा में भी तेज़ी से बढ़ रहा है दीप बिल्डवेल का विस्तार:** दीप बिल्डवेल प्रा. लि. देश के सबसे महत्वाकांक्षी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट धोलेरा SIR में भी लगातार अपने प्रोजेक्ट्स का विस्तार कर रही है। कंपनी के पास धोलेरा में लगभग 8 लाख स्क्वायर यार्ड से अधिक भूमि पर विभिन्न रेसिडेंशियल और निवेश प्रोजेक्ट्स विकसित किए जा रहे हैं, जिससे वह क्षेत्र के सबसे बड़े रियल एस्टेट डेवलपर्स में शामिल है। धोलेरा में भी कंपनी द्वारा फेज-4 डेवलपमेंट पर कार्य जारी है, जिसमें आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, चौड़ी सड़कें और भविष्य की स्मार्ट सिटी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्लॉटिंग की जा रही है।

**सामाजिक जिम्मेदारी और स्मार्ट निवेश—दोनों पर समान फोकस:** ग्वालियर में बेटियों के लिए सब्सिडी योजना, फेज-4 लॉन्च और धोलेरा में बड़े पैमाने पर प्रोजेक्ट विस्तार—ये सभी पहलें दर्शाती हैं कि दीप बिल्डवेल प्रा. लि. सामाजिक जिम्मेदारी और आधुनिक शहरी विकास, दोनों क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

# भाजपा बिस्टान मंडल में हुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण

**समय जगत, बिस्टान ।** भाजपा बिस्टान मंडल अंतर्गत बूथ क्रमांक 127 में प्रदेश उपाध्यक्ष व निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ। बिस्टान नगर परिषद सभागृह में हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी राजेश मालवीया ने बताया मन की बात के 132वें एपिसोड के विशेष प्रसारण अवसर पर जिला महामंत्री विवेक भटोरे, वरिष्ठ नेता गुलाबचंद भावसार, पुरुषोत्तम गुप्ता, जगदीश पाटिल, आनंदराम यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बापूसिंह परिहार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुगनकौर जाधव, पूर्व जिला मंत्री चंदरसिंह वास्कले, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष सोलंकी, बिस्टान मंडल अध्यक्ष बंटी राठौर, भगवानपुरा जनपद अध्यक्ष महेंद्र किराड़े, सिरवेल मंडल अध्यक्ष रुपेश मालवीया, नप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश राठौर, पूर्व जिलाध्यक्ष अजजा मोर्चा प्रेमसिंह सिसोदिया, नगर अध्यक्ष मांगीलाल राठौड़, पूर्व नगर अध्यक्ष जगदीश वाचकरिया सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ता व पदाधिकारी ने श्रवण किया। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकारों के कार्यों का विस्तार से वर्णन किया। श्री शर्मा ने बताया भाजपा की सरकारों ने जन कल्याण एवं विकास कार्य के माध्यम से देश को विकास के पद पर अग्रसर किया है।





### पशुपति नाथ मंदिर में भोले नाथ का हुआ श्रृंगार

**उचेहरा ।** बरुआ नदी के तट पर प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर में भोले नाथ का भक्तों ने अद्भुत श्रृंगार किया । यह श्रृंगार नवरात्रि में नौ दिनों तक चली अखंड संकीर्तन श्रीराम जय राम- जय जय राम की धुन के समापन उपरांत हुए विशाल भंडारे पर किया गया । वैसे नवरात्रि के पूरे दिनो मे भोले नाथ का अलग अलग रूपो में भक्तो ने श्रंगार किये थे ।

जहां अभी मंदिर है वहां कुछ वर्षो पूर्व तक एक छोटा सा पत्थर का मंदिर मन्दिर जिसे ( मड़फा) कहते हैं वह बना था। जिसे शिव भक्तों द्वारा इसी मडफे के ऊपर एक भव्य मंदिर बनवा दिया गया । हासिल जानकारी अनुसार करीब 40 वर्ष से ऊपर हो रहे हैं जहां हर चैत्र नवरात्र में नौ दिनों तक अखंड श्री राम धुन संकीर्तन होती है । उसके विश्राम उपरांत विशाल भंडारा आयोजित होता है । यह मंदिर करीब 300 वर्ष से ऊपर का पुराना बताया जा रहा है ।

ऐसा कहा जाता है कि सन्यासियों द्वारा पशुपति नाथ मन्दिर में मड़फा बना कर शिव लिंग की स्थापना की गई थी । ऐसा देखा जा रहा है कि बरुआ नदी के दूसरी तट पर वार्ड 8 में सन्यासी घाट और पास ही वार्ड 4 में सन्यासियों के सँस्कार स्थल पचमठा है, उस जगह पर कई कलाकरी के भव्य मंदिर बने हुए हैं जो अब अतिक्रमण की चपेट में है ।

# मां नर्मदा के आशीर्वाद से प्रदेश में बह रही है विकास की नई धारा : डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री ने संकल्प से समाधान अभियान के लाभार्थियों को किया हितलाभ का वितरण

**समय जगत, इंदौर ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मां नर्मदा प्रदेश की जीवनरेखा है और उनके आशीर्वाद से मध्यप्रदेश में विकास की नई धारा प्रवाहित हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रूप से भी होलकर साम्राज्य ने मां नर्मदा के आशीर्वाद से कठिन परिस्थितियों में सनातन संस्कृति को सशक्त बनाए रखा तथा देशभर के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर घाट, धर्मशालाएं एवं अन्नक्षेत्र विकसित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में आयोजित नर्मदा के चतुर्थ चरण के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नर्मदा परियोजनाओं को नई गति मिली है। सरदार सरोवर परियोजना के माध्यम से गुजरात, राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के निमाड़ क्षेत्र सहित व्यापक भू-भाग में जल उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, जिससे कृषि, उद्योग एवं पेयजल की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है।





कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर शहर को पेयजल व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिये मां नर्मदा जल के चतुर्थ चरण के तहत अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 1356 करोड रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इससे शहर के पेयजल आपूर्ति संबंधित बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और नागरिकों को बेहतर जलापूर्ति सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने इंदौर के रामसर साइट सिरपुर में 62.72 करोड़ रूपये लागत से निर्मित एसटीपी प्लांट का भी लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं के तहत लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर संचालित किए गए इस संकल्प से समाधान अभियान के तहत इंदौर जिले में एक लाख 44 हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय, विधायक रमेश मेंदोला, मालिनी गौड़, महेन्द्र हार्डिया, गोलू शुक्ला, मधु वर्मा, श्री सुमित मिश्रा, श्रवण चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल विशेष रूप से मौजूद थे।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संकल्प से समाधान अभियान का उल्लेख करते हुए बताया कि इस अभियान के तहत इंदौर जिले में एक लाख 44 हजार 912 आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया है। यह अभियान प्रदेश के सभी 55 जिलों में प्रभावी रूप से संचालित हुआ। उन्होंने बताया कि अब प्रदेश में ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत लगभग पौने तीन लाख जल संरचनाओं—कुएं, बावड़ी, तालाब एवं नहरों—का निर्माण एवं पुनर्जीवन किया जाएगा। यह अभियान गुड़ी पड़वा से प्रारंभ हो गया है, जो गंगा दशमी तक संचालित होगा।

# सर्वसम्मति से लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष बने राजेंद्र अग्रवाल



**समय जगत, इटारसी ।** द ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन में राजेंद्र अग्रवाल उर्फ राजू कक्का को सर्वसम्मति से लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है । उनके नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए सभी व्यापारियों ने एकजुट होकर उन्हें पुन : यह जिम्मेदारी सौंपी । राजू कक्का अपने मृदुभाषी, मिलनसार और सहज व्यक्तित्व के कारण व्यापारियों के बीच खासे लोकप्रिय हैं । उनके निर्विरोध चयन से बाजार में हर्ष का माहौल है और सभी व्यापारी वर्ग ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं । बताया जा रहा है कि शीघ्र ही वे व्यापारी बंधुओं के साथ बैठक कर नई कार्यकारिणी का गठन करेंगे, जिससे संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके ।

# जीतू पटवारी का जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के नेतृत्व में कांग्रेस जनों द्वारा किया गया स्वागत

**समय जगत, इटारसी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे छिंदवाड़ा से भोपाल लौटते समय कुछ क्षणों के लिए पथरोटा स्थित 11 मुखी हनुमान मंदिर के पास दर्शन करने हेतु रुके। राइस मिल में रहते हुए जैसे ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय को जीतू पटवारी के आने की सूचना प्राप्त हुई। तत्काल जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम सेन एवं अन्य साथियों सहित पटवारी का स्वागत करने हेतु मंदिर के समक्ष पहुंच गए। और उन्होंने जीतू पटवारी एवं सुखदेव पांसे से मुलाकात कर उनका स्वागत किया एवं कुछ आवश्यक चर्चा की। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।



**बिजली के दर में बढ़ोतरी पर कांग्रेस ने जाता है विरोध:** जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने मध्य प्रदेश में 1 अप्रैल से बिजली की बड़ी हुई दरे लागू किए जाने पर इसका घोर विरोध किया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कहा वर्तमान में आमजन गैस की बढ़ती हुई कीमत पेट्रोल डीजल की बढ़ती हुई कीमत से परेशान है। वही पर मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार 1 अप्रैल से 4.80 प्रतिशत बिजली की बड़ी हुई दरें लागू करने जा रही है जिसका जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा आम जन और परेशान होंगे। एलपीजी गैस सिलेंडर पेट्रोल डीजल कि अचानक बड़ी हुई कीमत से मध्यम वर्ग के परिवार वैसे ही परेशान है। दूसरी दूसरी ओर मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की यह सरकार अचानक बिजली के दरों को बढ़ाकर आम जनों की कमर तोड़ देने का काम करेगी। मोहन यादव जी की सरकार को जनहित में बड़ी हुई दरें के बिल को तत्काल वापस लेना चाहिए अन्यथा कांग्रेस पार्टी सड़कों पर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने पर मजबूर हो ।

## भाजपा का प.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण किया गया आयोजित

# कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, सांसद अनीता चौहान व जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने किया संबोधित

**समय जगत, रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। इसके 18 करोड़ से ज्यादा सदस्य हैं। केन्द्र सहित 20 राज्यों में भाजपा और गठबंधन की सरकारें है और यह इसलिए संभव हुआ है कि भाजपा किसी व्यक्ति और परिवार की पार्टी नहीं है, अपितु विचार की पार्टी है। भाजपा अपने विचार को आगे बढ़ाते हुए सदैव कार्यकर्ताओं को तैयार करती है और यह प्रशिक्षण वर्ग इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए आयोजित किया गया है। वक्ताओं के इन उद्गारों के साथ रतलाम में भारतीय जनता पार्टी के पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की शुरूआत हुई। रतलाम विधानसभा के पांचों मण्डलों में भाजपा ने दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किकिया। इनमें कार्यकर्ताओं को कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, सांसद अनिता चौहान और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय सहित प्रमुख वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। रतलाम शहर के कुशाभाऊ ठाकरे मंडल का




प्रशिक्षण वर्ग उजाला पैलेस, डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल और डॉ.भीमराव अंबेडकर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग जोधाबाग, पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल का प्रशिक्षण वर्ग चंपा विहार एवं सूरजमल जैन मंडल का प्रशिक्षण वर्ग रंगोली परिसर में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने मुखर्जी मंडल, दीनदयाल मंडल, अंबेडकर मंडल में प्रदेश सरकार की योजनाएं विषय पर, सांसद अनिता चौहान, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी एवं पूर्व विधायक दिलीप मकवाना ने केन्द्र सरकार की योजनाएं, जिला महामंत्री महेश सोनी ने वैचारिक अधिष्ठान, आईटी सेल प्रदेश सहसंयोजक सोमेश पालीवाल ने सोश्यल मीडिया, नमो एप एवं सरल एप, हरीराम शाह ने बूथ प्रबंधन, मन की बात विषय पर तथा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने पार्टी का इतिहास एवं विकास विषय पर संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा ने योग्य कार्यकर्ता निर्माण के लिए प्रशिक्षण महाअभियान शुरू किया है। भारतीय जन संघ से प्रारंभ हुई भाजपा राष्ट्र को प्रथम रखकर कार्य करने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं की पार्टी है। देश और प्रदेश में भाजपा की सरकारें पार्टी के पितृ पुरूषों के अन्त्योदय और एकात्म मानववाद के सूत्र पर कार्य कर रही है। ''सबका साथ-सबका विकास'' का लक्ष्य ही भाजपा की कार्य पद्धति है। प्रशिक्षण वर्ग के सत्रों की सभी मण्डलों में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा अध्यक्षता की गई। जिला भाजपा मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग का समापन 29 मार्च को होगा। दो दिनों में कुल 7 सत्र आयोजित होंगे, जिनमें प्रथम दिन 4 सत्र हुए। दूसरे दिन 3 सत्रों का आयोजन किया जाएगा।

## संकल्प सेवा परिवार का तृतीय सप्ताह पूर्ण, सेवा और स्वच्छता का अनूठा अभियान बना प्रेरणा का स्त्रोत

**समय जगत, सारंगपुर।** सारंगपुर क्षेत्र में निरंतर सामाजिक सेवा के लिए सक्रिय संकल्प सेवा परिवार ने अपने सेवा कार्यों का तृतीय सप्ताह सफलतापूर्वक पूर्ण कर एक बार फिर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा इस सप्ताह भी सेवा की भावना के साथ स्थानीय अस्पताल में जाकर महिला वार्ड एवं जनरल वार्ड के मरीजों के बीच प्रातः नाश्ता वितरण किया गया। इस कार्य से न केवल मरीजों को सहयोग मिला, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का भी सुंदर परिचय देखने को मिला। इस अवसर पर संकल्प सेवा परिवार द्वारा एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल की घोषणा भी की गई। संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर यह संकल्प लिया कि अब प्रत्येक माह एक मंदिर को अपनाकर उसके प्रांगण, परिसर एवं घाट की स्वच्छता और सुंदरता पर कार्य किया जाएगा। यह अभियान न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देगा, बल्कि धार्मिक स्थलों के प्रति श्रद्धा और जिम्मेदारी की भावना को भी सुदृढ़ करेगा। इस नवाचार की



शुरुआत कपिलेश्वर मंदिर स्थित मां काली सिंध मैया के घाट से की गई, जहां कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सफाई अभियान चलाकर घाट को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाने का कार्य किया। इस दौरान घाट क्षेत्र से कचरा हटाया गया, वातावरण को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया गया और लोगों को भी जागरूक किया गया कि वे इस पवित्र स्थल की स्वच्छता बनाए रखें। संकल्प सेवा परिवार ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे इस सेवा महायज्ञ में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। यदि कोई प्रत्यक्ष रूप से सहयोग नहीं कर सकता, तो कम से कम यह ध्यान अवश्य रखें कि मां काली सिंध मैया, जो पूरे सारंगपुर एवं आसपास के गांवों के लिए जीवनदायिनी है, उसके घाट को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। संगठन ने विशेष रूप से यह भी अनुरोध किया है कि विसर्जन सामग्री को इधर-उधर न फैलाकर केवल निर्धारित विसर्जन कुंड में ही डालें, ताकि घाट की पवित्रता और स्वच्छता बनी रहे। आगामी सप्ताह में संकल्प सेवा परिवार द्वारा महाकालेश्वर घाट पर स्वच्छता एवं सेवा कार्य किए जाने की योजना है। संस्था का यह निरंतर प्रयास समाज में सेवा, स्वच्छता और जागरूकता का एक सकारात्मक संदेश प्रसारित कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सकारात्मक सोच बनाने की पहल है 'मन की बात' : राज्यपाल



**समय जगत, भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देश में हो रहे सकारात्मक बदलावों से प्रेरणा प्राप्त करने की पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी एक दूरदर्शी नेता और अत्यंत संवेदनशील व्यक्तित्व हैं, जिन्हें ईश्वर ने समानुभूति और सहानुभूति की दिव्य भावनाएं प्रदान की हैं। यह उनका नेतृत्व है, जिसने शारीरिक कमियों को देखने की समाज की सोच को 'दिव्यांग' की उपमा से विशिष्ट क्षमताओं को पहचानने में परिवर्तित किया है। 'मन की बात' कार्यक्रम नवाचार और चुनौतियों का आगे बढ़कर सामना करने की सकारात्मक सोच निर्माण की अभूतपूर्व पहल है। राज्यपाल श्री पटेल ने यह बात प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' के सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कही। 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण रविवार को अंजनी सभागार, रविन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित किया गया था। राज्यपाल ने कार्यक्रम में आत्मनिर्भर 11 दिव्यांगों को सम्मानित किया। 'मन की बात - उमंग के साथ' कार्यक्रम का आयोजन 'उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसायटी' द्वारा विशेष बच्चों के लिए संचालित 'उमंग विशेष विद्यालय' की 20वीं वर्षगाँठ पर किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की।

# मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सकारात्मकता एवं संयम का दिया गया संदेश

**समय जगत, बोड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह 11 बजे प्रसारित अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132वें एपिसोड के माध्यम से देशवासियों को संबोधित किया। इस वर्ष के तीसरे प्रसारण में प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हुए लोगों से संयम बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हमारे पड़ोस में युद्ध जैसी परिस्थितियां बनी हुई हैं, जिसका असर वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहा है। ऐसे में पेट्रोल-डीजल को लेकर संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रधानमंत्री ने भरोसा दिलाया कि भारत अपनी वैश्विक साझेदारियों और सामर्थ्य के बल पर इस चुनौती का सामना करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि इस संवेदनशील विषय पर राजनीति नहीं होनी चाहिए और अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहना जरूरी है।

**बोड़ा में सामूहिक श्रवण:** बोड़ा नगर में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष चंदर रुहेला के निवास पर कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण



किया गया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि करण जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सरजन सिंह राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेश्याम राजपूत,नगर परिषद उपाध्यक्ष सतीश पाटीदार,भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णु प्रसाद गुदेनिया,कन्हैया लाल राजपूत काका,पार्षद राजू भिलाला, पार्षद जशरथ सिंह राजपूत, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पाटीदार, विजय सिंह खींची तूती,पार्षद महेश नाथ, पूर्व उपाध्यक्ष महेश पाटीदार, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ,जिला मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश राठौरपार्षद प्रतिनिधि दुर्गेश बागड़ी,केशर सिंह मालवीय, राजेश बुंदेला, घनश्याम गोवा, रामसिंह भिलाला, राधेश्याम राजपूत, दुर्गेश पाटीदार, संजय राठौर, मांगीलाल टेलर,राज रुहेला सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम को सुना।

**'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर जोर:** प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि जनभागीदारी से बड़े बदलाव संभव हैं। उन्होंने वाराणसी में एक घंटे में 2.51 लाख पौधे लगाने के रिकॉर्ड का उदाहरण देते हुए इसे प्रेरणादायक बताया।

**जल संरक्षण को लेकर अपील:** प्रधानमंत्री ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि 'जल संचय अभियान' के तहत देशभर में लाखों जल संरचनाएं बनाई गई हैं और अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत लगभग 70 हजार अमृत सरोवर तैयार किए गए हैं।

**स्वास्थ्य और फिटनेस पर संदेश:** पीएम मोदी ने लोगों से शुगर और तेल के सेवन में कमी लाने की अपील करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। साथ ही आगामी इंटरनेशनल योग दिवस को ध्यान में रखते हुए योग को दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया।

**युवाओं की भूमिका पर प्रकाश:** प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और युवाओं की भागीदारी से राष्ट्र निर्माण को नई दिशा मिल रही है। माय भारत जैसे मंचों के माध्यम से युवाओं को नीति निर्माण और विकास कार्यों से जोड़ा जा रहा है। अंत में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से एकजुट रहने, सरकार की आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करने और हर परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने की अपील की।

## नवोदय विद्यालय चुरहट का कलेक्टर द्वारा किया गया निरीक्षण



**अफजल खान- समय जगत,सीधी।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, चुरहट में रविवार को कलेक्टर विकास मिश्रा ने निरीक्षण कर विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्राचार्य डॉ. डी.के. त्रिपाठी, उप प्राचार्य श्री सुबोध कुमार तिवारी एवं अकादमिक प्रभारी श्री रुपेश चौधरी से चर्चा कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक वातावरण एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनका फीडबैक प्राप्त किया और उन्हें प्रेरित करते हुए बेहतर भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यालय में गर्ल्स बाउंड्री वॉल एवं पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएमएफ फंड के उपयोग, स्वच्छता, लाइब्रेरी, विद्युत व्यवस्था, विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य, परीक्षा प्रबंधन तथा विद्यालय संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों की सुविधाओं एवं समस्याओं के समाधान में तत्परता बरती जाए। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी चुरहट श्री विकास आनंद सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति के अभिभावक सदस्य श्री प्रवेश कुमार पांडे से भी कलेक्टर ने चर्चा की, जिन्होंने विद्यालय में हो रहे सुधारात्मक कार्यों की सराहना की। अंत में प्राचार्य डॉ. त्रिपाठी ने कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बुरहानपुर में 22 नवंबर को होगा मुस्लिम तेली समाज का पहला इज्तेमाई शादी सम्मेलन



**समय जगत, बुरहानपुर।** मुस्लिम तेली जमात बुरहानपुर द्वारा समाज में फिजूलखर्ची को रोकने और सामूहिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगामी 22 नवंबर को शहर में पहली बार इज्तेमाई शादी (सामूहिक निकाह सम्मेलन) का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज की कमेटी द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां और प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया गया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव रियाज़ फारुक खोकर ने बताया कि वर्तमान समय में मध्यम और गरीब परिवारों पर शादियों का बढ़ता आर्थिक बोझ एक बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज को खर्चीली शादियों के बोझ से बाहर निकालना और सामूहिक विवाह के जरिए समाज को संगठित एवं मजबूत बनाना है। बुरहानपुर में इस तरह का यह पहला प्रयास है, जिसे समाजजनों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उपहार वितरण-निकाह के पश्चात कमेटी और समाजसेवियों द्वारा नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी के आवश्यक उपहार भेंट किए जाएंगे। इस सम्मेलन में केवल स्थानीय ही नहीं, बल्कि देशभर से तेली बिरादरी के लोग सम्मिलित होंगे।

विवाह के लिए दूल्हा और दुल्हन का आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और शैक्षणिक अंकसूची कमेटी के पास जमा करना अनिवार्य होगा, ताकि नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित हो सके। इज्तेमाई कमेटी एवं बुरहानपुर तेली समाज के प्रबुद्ध जनों ने अपील की है कि अधिक से अधिक निकाह योग्य जोड़ों का पंजीयन कराएं। इस पहल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को एक समान मंच प्रदान करना और फिजूलखर्ची जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करना है। निकाह हेतु पंजीयन एवं अन्य जानकारी के लिए समाजजन बुरहानपुर तेली जमात कमेटी से संपर्क कर सकते हैं।

## स्वास्थ्य शिविर का 96 से अधिक मरीजों ने उठाया लाभ



**बुरहानपुर।** ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 28 मार्च शनिवार को मोमिन जमातखाना, बुरहानपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 96 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के डॉ. प्रशांत खैरनार (मूत्र रोग विशेषज्ञ) डॉ. प्रवीण बोर्डे (मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. राहुल खांडेकर (नाक कान गला रोग विशेषज्ञ) डॉ. दिव्येश लाड (एम. डी. मेडिसिन ), डॉ. अकरम खान और अमित नायडू (नेत्र रोग विभाग) के द्वारा इस मौसम में होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श किया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का निःशुल्क ECG, शुगर जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन मे और हाजी मोहम्मद इब्राहीम के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

## देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम प्रकृति गंगवाल ने कक्षा तृतीय में बनाए सौ प्रतिशत अंक

**समय जगत, आष्टा।** नगर के देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का शैक्षणिक सत्र उत्कृष्ट परिणामों के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें कक्षा तृतीय की छात्रा प्रकृति सीमा अश्विन गंगवाल ने सभी विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्राचार्य डॉ संगीता सिन्हा ने प्रकृति गंगवाल सहित विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय निदेशक ध्रुव कुमार तिवारी, सैय्यद परवेज अली, श्रीमती पायल अली एवं सैय्यद आदिल अली,बहादुर सिंह सेंधव एवं ज्ञानसिंह ठाकुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंहा ने अपने संबोधन में कहा कि देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देता है। यहां शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति,



अनुशासन, संस्कार एवं नेतृत्व क्षमता का विकास किया जाता है, ताकि विद्यार्थी भविष्य में जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बन सकें। उन्होंने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों में न केवल ज्ञान का विकास करना है, बल्कि उनमें देश के प्रति गर्व, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करना है। परीक्षा परिणाम घोषित करने के दौरान विद्यालय परिवार ने उत्कृष्ट परिणाम के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, गर्व और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा।

# फुटतालाब में भजन गायिका आशा वैष्णव ने दी भजनों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां

**मेघनगर (दशरथ सिंह कट्ठा)।** झाबुआ जिले का प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्रीवनेश्वर मारुति नंदन हनुमान मंदिर पर चल रहे हनुमान जयंती महोत्सव में गत रात भारत की प्रसिद्ध भजन गायिका आशा वैष्णव ने मां और भोलेनाथ के भजनों को गाकर अपनी स्वर लहरियों से आयोजन को भक्ति के पवित्र संगम में बदल दिया। श्रीगणेश वंदना और श्री हनुमान जी के जयकारों से प्रारंभ हुए आयोजन में कलाकार आशा वैष्णव और अन्य कलाकारों का स्वागत प्रदेश के वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश चंद्र पूरणमल जैन श्रीमती सीमा सुरेश जैन राजेश रिंकू जैन,पूजा जैन,अन्तिमबाला जैन,पूर्वा



जैन ने किया। कलाकार आशा वैष्णव ने फुटतालाब हनुमान जयंती महोत्सव को प्रदेश का शीर्ष धार्मिक आयोजन बताते हुए पप्पू भैया और रिंकू भैया की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों तक इतना बडा धार्मिक आयोजन करना बडी बात होती है। मेघनगर का सौभाग्य है कि उन्हें पप्पू भैया जैसे लोग मिले हैं जो धर्म की अलख को लगातार प्रज्ज्वलित कर रहे हैं। मैया की चुनर उडी जाएँ पवन जरा धीरे चलो रे सबसे प्यारा कौन है मेरे पापा जैसे भजनों के साथ आशा वैष्णव ने जहां मां और पिता के महत्व को बताया। वहीं गुजराती भजनों के साथ उन्होंने भगवान राधाकृष्ण और हनुमान जी के भजन भी गाये। उनके भजनों पर श्रद्धालु भक्ति भाव से झूमते हुए दिखाई दिए। रिंकू भैया और जैकी जैन ने बताया कि आज शाम 8 बजे इंडियन आईडियल से प्रसिद्ध हुई अरुणिका कांजीवाल अपनी प्रस्तुतियां देने अपने ग्रुप के साथ फुटतालाब पहुंचेंगी। आयोजन समिति और मंदिर के महंत श्रीदिलीपदास महाराज ने धर्म प्रेमी जनता से आयोजन में प्रतिदिन शाम 7.30 पर आकर श्रीराम भक्त हनुमान जी की महाआरती में सम्मलित होने और यहां हो रहे धार्मिक कार्यक्रमों में आने का विनम्र आग्रह किया है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात में दी गई है महत्वपूर्ण जानकारी : चौहान

**नर्मदा पुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 132वें मन की बात कार्यक्रम में विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारी से हमारे देशवासियों को अवगत कराया गया। उनकी यह जानकारी को संपूर्ण देशवासियों ने पूरी महत्वता के साथ सुना इसको लेकर मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी मछुआरा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक बाबूलाल चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी देशवासियों को दी। प्रदेश संयोजक बाबूलाल चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में कहा कि आज अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर सरकार लोगों से अपील करती है कि किसी तरह



की अफवाह में ना आएं। सरकार की तरफ से जानकारी पर भरोसा करें। कुछ लोग माहौल बिगड़ने की कोशिश में लगे हैं इससे वे देश का नुकसान कर रहे हैं जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है, इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले दशक में देश का जो समर्थ बना है।

इसकी वजह से परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कहा गया उस पर भरोसा करें मुझे हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि हमारे देशवासी के समर्थ से पुराने संकटों को हराया था इस बार भी हम सब मिलकर इस कठिन हालात से बहुत ही अच्छी तरह बाहर निकल जाएंगे उन्होंने इस अवसर पर कहा कोरोना की संकट से निकलने के बाद दुनिया नए सिरे से प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगी लेकिन दुनिया के अलग-अलग क्षेत्र में लगातार युद्ध और संघर्ष की परिस्थितियों बनी थी चली गई वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध चल रहा है। हमारे लाखों परिवारों के सगे संबंधी इस देश में रहते हैं खासतौर पर खाड़ी देशों में काम करते हैं मैं खाड़ी देशों का बहुत आभारी हूं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक में एक बहुत ही रोचक मुकाबला देखने को मिला इस मुकाबले को जीत कर जम्मू कश्मीर की क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी को अपने नाम कर लिया सबसे खुशी की बात है।